राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 27 अप्रैल 2025
वर्ष 06, अंक 208, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

गौवंशों से लदा ट्रक पलटने से कंडक्टर सहित सात गौवंशों की दर्दनाक मौत...03

सफदरजंग अस्पताल- चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है...12

# पहलगाम हमले के बाद गुजरात में एक हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

## हरियाणा में 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश; अटारी बॉर्डर से भेजे जा रहे

स्वतंत्र प्रभात

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात के अहमदाबाद (890) और सूरत (134) में पुलिस ने शनिवार को महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक हजार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जाएगा। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, 'इनमें से कई लोग ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल हैं और हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी।' हरियाणा में राज्य सरकार ने 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। अभी इन्हें हिरासत में लेने की कोई सूचना नहीं है। ष्टरूनायब सैनी ने पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए गृह विभाग से प्लानिंग मांगी है। पंजाब के अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत से जाने का सिलसिला जारी है। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 1 मई, 2025 तक भारत छोड़ने के लिए कहा है।

भारत सरकार ने लॉन्ग टर्म वीजा, डिप्लोमेटिक और ऑफिशियल वीजा को छोड़कर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी तरह के वीजा रद्द कर दिए हैं। अब पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्रियों को 27 अप्रैल तक भारत से जाना होगा।

मेडिकल वीजा वालों को 29 अप्रैल तक पाकिस्तान लौटना पड़ेगा। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। वहीं, अवैध रूप से भारत में रह रहे लोगों को सरकार खुद देश से बाहर निकालेगी।



**1. गुजरात-** रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक पुलिस की रेड केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्य सरकारों को विदेशी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने का निर्देश दिया था। इसके बाद गुजरात सरकार ने पुलिस क्राइम ब्रांच को राज्य के बड़े शहरों और गांवों में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को तुरंत हिरासत में लेने को कहा। पुलिस का ऑपरेशन शनिवार रात 12 बजे शुरू हुआ और सुबह 6 बजे तक चला। अहमदाबाद में 457 और सूरत में करीब 100 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने हिरासत में लिए लोगों की परेड निकाली और सबको पैदल लेकर हेडक्वार्टर पहुंची।

फिलहाल, सभी के दस्तावेजों की जांच चल रही है। कुछ लोगों के पास से भारतीय आधार कार्ड भी मिले हैं। पुलिस ने सभी के फोन भी जब्त कर लिए हैं। अभी पूछताछ की जा रही है। वैध दस्तावेज नहीं मिले तो सरकार सबको उनके देश भेजेगी।

**2. असम-** पुलिस ने छह बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया असम में पुलिस ने छह बांग्लादेशी लोगों को गिरफ्तार किया। सभी अवैध रूप से भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इनमें एक महिला भी है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद मोनिर, मोहम्मद अहीदुल शेख, अजीजुल शेख, रोकिया बीबी, मोहम्मद अहशान उल्लाह और मोहम्मद हरेश के रूप में हुई है।

**3. हरियाणा-** हिरासत में लिए गए 460 पाकिस्तानियों में ज्यादातर हिंदू हरियाणा के ष्टरू नायब सैनी ने शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद राज्य में अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों की पहचान करने को कहा है। सरकार ने राज्य में रह रहे 460 पाकिस्तानियों को निकालने के आदेश जारी किए हैं। इनमें अधिकांश हिंदू परिवार हैं। इन लोगों ने भारत की नागरिकता के लिए भी आवेदन किया है, लेकिन उस पर अभी फैसला नहीं हो पाया है।

**4. उत्तर प्रदेश-** 4 पाकिस्तानी महिलाओं को वापस भेजा गया उत्तर प्रदेश सरकार ने चार पाकिस्तानी महिला नागरिकों को वापस उनके देश भेजा है। पुलिस ने बताया कि ये महिलाएं टूरिस्ट वीजा पर बुलंदशहर आई थीं और उन्हें वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते वापस भेज दिया गया है। महिलाओं की पहचान रुदाबा, नौशाबा, खालिदा और सबाहत के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, लखनऊ में सुरक्षा एजेंसियों ने एक होटल में अवैध रूप से रह रहे पांच ओमानी नागरिकों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, विदेशी नागरिक भारत में रहने का कोई वैध कारण नहीं बता पाए हैं। उनके ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स जब्त कर लिए गए हैं। होटल मालिक और मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और अब जांच चल रही है।

लखनऊ में जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (लॉ एंड ऑर्डर) बबलू कुमार ने शुक्रवार को बताया कि लखनऊ में 8 पाकिस्तानी नागरिक शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत आए थे। इनमें से पांच पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया गया है।

**5. पंजाब- पाकिस्तानी बोले-** डेढ़ महीने का वीजा था, 15 दिनों में लौटना पड़ रहा 1 मई से अटारी बॉर्डर बंद करने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी नागरिक शनिवार को भी भारत से लौटते दिखे। अपने देश लौट रहे एक पाकिस्तानी महिला ने न्यूज एजेंसी ह्न्ढ्ढ से कहा, 'हमारे पास 1.5 महीने का वीजा था, लेकिन अब 15 दिनों के भीतर लौटना पड़ रहा है। जो कुछ भी हुआ वह गलत था। आतंकियों ने जो किया, उसकी कीमत हम जैसे लोगों को चुकानी पड़ रही है। हम 10 साल बाद भारत आए थे। वीजा पर आए लोगों के साथ भारत सरकार को नरमी बरतनी चाहिए।'

**6. मध्य प्रदेश-** 27 अप्रैल से पहले भारत छोड़ेंगे 228 पाकिस्तानी मध्य प्रदेश में 228 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। इन्हें 27 अप्रैल से पहले भारत छोड़ना होगा। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश में 228 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। हमने केंद्र को इसकी जानकारी दी है। इनमें से जो पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़कर जा चुके हैं, उनके बारे में शाम तक जानकारी मिलने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री के सरकारी नौकरियों में चयनित 51000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम में 25 व कुल 125 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण।

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शनिवार को वर्चुअल माध्यम से सरकारी नौकरियों में चयनित 51000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाने हेतु देश के 47 स्थानों पर आयोजित 15वें रोजगार मेले को रिमोट का बटन दबाकर लांच किया। जनपद प्रयागराज में 15वें रोजगार मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में हुआ, जिसमें राज्यमंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन एवं उर्वरक विभाग भारत सरकार अनुप्रिया पटेल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में मंत्री द्वारा विभिन्न पदों पर चयनित 25 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। 125 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। देश के युवाओं को सरकारी नौकरी देने की संकल्प सिद्धि हेतु प्रधानमंत्री के द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों व संस्थाओं में नवचयनित 51 हजार से अधिक युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र दिया।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र हेतु बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सभी ने यह पद अपनी मेहनत और लगन से प्राप्त किया है। जन सेवा की भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। जब आप अपनी सेवा को सर्वोच्च मानकर काम करेंगे, तो आपके कार्यों में वो ताकत होगी जो देश को नई दिशा देगी। आपके कर्तव्य पालन और आपकी निष्ठा से ही भारत के हर नागरिक का जीवन बेहतर बनेगा। मंत्री जी ने कहा कि रोजगार सृजन केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।





पिछले 11 वर्षों में सरकारी नौकरी का बैकलॉग कम करने के साथ-साथ स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु सरकार ने तमाम योजनाएं क्रियान्वित की है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। युवाओं के पास न केवल ऊर्जा का भंडार है, अपितु नवाचार की शक्ति भी है। हमारी इन्हीं युवाओं की क्षमता और प्रतिभा से विकसित भारतञ्च2047 का निर्माण होगा।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में आयोजित रोजगार मेले के कार्यक्रम का सफल एवं सुगम संचालन केन्द्रीय जीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, आयुक्तालय, इलाहाबाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त ख़बरें

### भा0 वि0 हि0 आ0 गौ रक्षा संगठन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की विरोध प्रदर्शन



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला नगर के सदर चौराहे पर भारतीय विश्व हिन्दू अंतर्राष्ट्रीय गौरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर तमाम कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।गौरक्षा संगठन के जिलाअध्यक्ष ने बताया कि कश्मीर के पहलगाम में जो हमारे हिन्दू भाइयों के साथ जो घटना घटित हुई वह बहुत निंदनीय है। उन्होंने कोई जात नहीं पूछी उन्होंने धर्म के आधार पर हमारे हिन्दू भाइयों के सिर में गोलियां मारी बहुत दर्दनाक घटना घटित है। पूरे भारत का हिंदू समाज आक्रोशित है। हिंदुओं के लिए अभी भी समय है जातियों में न बंटकर एक धर्म के हो जाओ, हमारा धर्म सिर्फ सनातन धर्म है इसके साथ पाकिस्तान पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग प्रधानमंत्री मोदी से की है। दुबारा ऐसा दुःसाहस ना कर सके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लखीमपुर, जिला अनुशासन प्रमुख, नगर अध्यक्ष गोला, नगर उपाध्यक्ष गोला, तहसील उपाध्यक्ष गोला व ब्लॉक उपाध्यक्ष बेहजम आदि तमाम संगठन के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### शिवानी सिंह कुशवाहा प्रदेश में इंटर की परीक्षा में दूसरा स्थान लाई



**कोरांव प्रयागराज।** कोराँव तहसील के कुकरहटा गावं की शिवानी सिंह पुत्री सन्तोष कुशवाहा ने इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा में 96.8त्न अंक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान लाकर अपने इलाके का नाम रौशन किया शिवानी सिंह पटेल विद्यालय सीकरो की छात्रा है जहाँ लोगो का घर आना जाना लगा एक दूसरे को मिठाइयां खिला कर शिवानी को आशीर्वाद दे रहे है कोरांव के पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित काफी लोग आवास पर पहुंचकर बिटिया को बधाई दे रहे है सम्मानित कर रहे है उपस्थित सम्मानित लोगों में अशोक कुशवाहा, अजय कुशवाहा, अंबिका पाल,ओपी कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, अमरेन्द्र वर्मा, दीपू कुशवाहा, पवन सोनकर, और लोग मौजूद रहे।

# आदर्श तालाब खुद प्यासे जंगली पशु पक्षी तरस रहे पानी को पुराने तालाबों को ही कर दिया गया आदर्श तालाबों में तब्दील

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** तपते सूरज से जमीन पर आग बरस रही है। चिलचिलाती धूप और भयंकर गर्मी से तालाब ही नहीं सूखे नदी नाले भी सूख चुके हैं। जिसके चलते हालत यह हो गए हैं। कि पशु पक्षियों के लिए जल संकट पैदा हो गया है। प्यास से बेहाल पशु पक्षी दम तोड़ रहे हैं। अभी तक किसी तालाब में पानी नहीं भरवाया गया है इतना ही नहीं गांवों में मनरेगा के तहत खोदे गए आदर्श तालाबों से धूल उड़ती नजर आ रही है। किसी भी तालाबों से एक बूंद पानी नहीं दिखाई पड़ रहा है। वैशाख महीना अप्रैल की गर्मी पशु पक्षियों पर भारी पड़ रही है। इन्हें पीने को पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। गर्मी के चलते कई तालाब और जलाशय व झील सूख चुके हैं। यहां तक छोटी-छोटी नदियां भी प्यासी दिखाई पड़ रही है। हालात यह उत्पन्न हो रहे हैं। कि पशु पक्षी जल के अभाव में असमय काल के गाल में समा रहे हैं। पक्षियों तक को पानी मिलना मुश्किल हो रहा है। जनपद में जंगल के तालाब भी सूख रहे हैं। और तो और दुधवा नेशनल पार्क की जीवन रेखा कहीं जाने वाली सुहेली नदी सूखने की कगार पर है। जिसके चलते जंगली जानवरों को पानी की तलाश में जंगल से बाहर आबादी क्षेत्र में आने को विवश होना पड़ रहा है। जिससे उनके जीवन को खतरा होने की आशंका प्रबल हो जाती है। राजस्व विलेखो के अनुसार आज से 15 साल पूर्व जनपद में लगभग 4600 तालाब थे। अब इनकी संख्या घटकर 2400 के करीब रह गई है। लोगों ने तालाबों को पाट कर अपने घर बना लिए हैं। शेष बचे तालाबो पर भूमाफिया नजर गड़ाए बैठे हैं। अगर अवैध कब्जो की यही गति रही तो आने वाले कुछ ही वर्षों में यह तालाब गांव के नक्शे से लुप्त हो जाएंगे। इसी के साथ गांव से हरियाली भी लापता हो जाएगी। गांव से गायब हो रहे तालाबों को बचाने एवं जल संरक्षित कर वाटर रिचार्ज सिस्टम को कायम रखने की मंशा से शासन ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में आदर्श तालाब योजना शुरू की थी। मनरेगा के तहत तालाबों को खुदवाने तथा पुराने तालाबों की साफ सफाई एवं जीणोद्वार करने के पीछे मकसद था। कि मनरेगा मजदूरों को कम मिले और पशु पक्षियों को साल भर पानी मिलता रहे। गांव में जो तालाब थे। उन तालाबों को पंचायत ने गहरा करवाकर आदर्श तालाब में तब्दील कर दिया। नए तालाब नाम मात्र को खोदे गए। बेमकसद साबित हुए आदर्श तालाब जिले की 1167 ग्राम पंचायत में कुल 1456 आदर्श तालाब बनाए जा चुके थे। यह आदर्श तालाब न तो पशु पक्षी तथा जानवरों की प्यास बुझा सके। और न ही वाटर रिचार्ज सिस्टम को ही बनाए रख सके।



तालाबों के किनारे ऊंचे कर दिए जाने से इन तालाबों में बरसाती पानी संचित नहीं हो पाता। इससे जानवरों को साल भर पानी नहीं मिल पाता है। और न ही वाटर रिचार्ज होता है। इन तालाबों को खुद की प्यास बुझा पाना मुश्किल है। पशुओं की प्यास की बात दूर की बात है। ग्रामीणों के लिए पर्यटन स्थल भी नहीं बन सके आदर्श तालाब। आदर्श तालाबों के चारों ओर रेलिंग बनाकर उसमें सुंदर फूलों के पौधे लगाकर ग्रामीणों के लिए मनोरंजन स्थल का निर्माण करना था। लेकिन काफी कम ही ऐसे तालाब हैं। जिन्हें मानक अनुरूप विकसित किया गया। इन तालाबों में मात्र बरसात के समय ही पानी दिखाई देता है। बाकी सूखे ही रहते हैं। ऐसे तालाबों के आसपास सुंदर वातावरण मिल पाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। तालाबों में पानी भरने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

भीषण गर्मी के चलते तालाब और पोखरों नदियों के सूखने की जानकारी मिली है। सभी पंचायतो को सूखे तालाब भरवाने के निर्देश दिए जा चुके है। लेकिन अभी तक तालाबों में पानी नहीं भरवाया जा सका है। जल्दी ही तालाबों में पानी भरवा दिया जाएगा।कि पशु पक्षियों को पानी की परेशानी ना हो सीडीओ खीरी।

### पाक का पुतला फूंका, भारत सरकार आतंकी ठिकानों को तत्काल करें नष्ट

**देवरिया।** लार नगर पंचायत के हरिराम चौराहा पर हिन्दू युवा वाहिनी के नेता अरुण सिंह के नेतृत्व मे बीते दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटको का हत्या करने के विरोध मे पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। अरुण सिंह ने कहा कि हम पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी से कड़ी निंदा करते हैं। भारत सरकार आतंकी ठिकानों को तत्काल नष्ट करे। साथ ही पर्यटकों के साथ जिस तरह से कायरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया है।इसका हिसाब भारत लेगा। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि अविलंब आतंकवादी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और आतंकवादी को पनाह देने वाले पाकिस्तान देश को भी करारा जवाब दें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आतंकी हमले फिर दोबारा ना हो, इसके लिए ठोस कदम उठाया जाना चाहिए। मण्डल प्रभारी बलबीर सिंह दादा ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमारी सहनशीलता और संयम की सारी हदें पार कर दी है।

## समाचार पत्र मे छपी सभी खबर से संबंधित लोगों पर हुआ असर चिकित्सालय में पेय व्यवस्था हुई सामान्य



स्वतंत्र प्रभात ब्यूरो।

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे शीतल पानी व्यवस्था बाधित होने से पानी पीने हेतु इधर-उधर भटकते लोग शीर्षक से 22 अप्रैल के समाचार पत्र स्वतंत्र प्रभात में छपी खबर के हुए असर के चलते अधिकारियों के संज्ञान लेने पर आज 26 अप्रैल को पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से सही पाई गई।मालूम हो कि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों और तामीरदारों की खाशी भीड़ बनी रहती है। नगर निगम द्वारा चिकित्सालय में एक इंडिया मार का हैंडपंप कुछ दिन पूर्व लगाया गया था तथा शीतल जल प्याऊ के रूप में वाटर कूलर श्री अग्रवाल सभा गोला द्वारा कुछ दिन पूर्व लगवा कर चिकित्सा अधिकारियों को सौंप दिया गया था। लेकिन कुछ दिन इंडियामार्का हैंडपंप वाटर कूलर चलने के उपरांत खराब हो गया था। इस कारण मरीज और तामीरदार अपनी प्यास बुझाने हेतु गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए इधर-उधर भटकते देखे जा रहे थे। इस बीच दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र द्वारा 22 अप्रैल के अंक में खबर प्रकाशित करने के उपरांत हरकत में आए संबंधित अधिकारियों द्वारा उक्त समस्या को संज्ञान में लेते हुए इंडिया मारका हैंड पंप एवं वाटर कूलर की मरम्मत श्री अग्रवाल सभा से संबंधित पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा वाटर कूलर की मरम्मत करा दिए जाने से शीतल जल की बाधित व्यवस्था सामान्य रूप से सही होकर भीषण गर्मी मैं शीतल जल उपलब्ध होना शुरू हो गया है जो की प्रशंसा के योग्य है।

# सीएचसी प्रभारी डा0 वी0 के0 शुक्ला की उदासीनता से स्वास्थ्य सेवाएं हो रही प्रभावित, सीएचओ कर रहे मनचाही ड्यूटी

## मीडिया पड़ताल में केशवपुर, रमया, मरवाटिया उप स्वास्थ्य केन्द्र मिलाबंद सीएमओ डा0 राजीव निगम ने डियूटी से गायब सीएचओ के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की कही बात

स्वतंत्र प्रभात ब्यूरो।

**बस्ती।** प्रदेश सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए हर प्रयास कर रही है कि गरीब एवं असहाय परिवारो को निःशुल्क इलाज व स्वास्थ्य सुविधाएं मिले और भीषण गर्मी के चलते शासन ने स्वास्थ्य उपकेंद्रो पर सुबह 08 बजे से शाम 02 बजे तक सीएचओ को केन्द्रों पर रहकर मरीजों की सेहत के जांच के लिए निर्देश दिया है इसके बावजूद सीएचओ की मनमानी चरम पर है । सूत्रों की माने तो हरैया सीएचसी के अन्तर्गत तकरीबन 21 स्वास्थ्य उपकेंद्र है । सीएचओ विभिन्न हेल्थ वेलनेस सेंटर/आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर लगभग तैनात हैं लेकिन हकीकत है यह है कि ग्रामीणों को सीएचओ के बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। कागजों में जन आरोग्य केंद्र संचालित हो रहे हैं। जबकि इनकी जिम्मेदारी है कि प्रत्येक दिन केंद्र पर रहकर गैर संचारी रोगियों की स्क्रीनिंग करें और गंभीर रोगियों की रिपोर्ट चिकित्सकों को देकर उनका उपचार सुनिश्चित कराएं। स्वास्थ्य विभाग लोगों की सेहत दुरुस्त रखने की दिशा में कई योजनाएं संचालित कर रहा है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता से लोगों तक सुविधा नहीं पहुंच रही है। केशवपुर, मरवटिया, रमया ग्राम पंचायत में आयुष्मान आरोग्य केंद्र बना है लेकिन मीडिया पड़ताल सेन्टरों के दरवाजे बंद मिले और सीएचओ ड्यूटी से नदारद दिखे । केशवपुर में तैनात सीएचओ के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र पर कई महीनो हो गए है वह केंद्र पर नही दिखी । केंद्र के अगल - बगल के लोगों के पास ताले की चाबी रहती है जब कोई अधिकारी / कर्मचारी / मीडिया व अन्य लोग केन्द्र पर आते है तब आसपास के लोग ताला खोलकर केन्द्र के अन्दर की व्यवस्था दिखाते है । केन्द्र के कुछ नही है जब लोगों के बीमारी में इलाज की बात पूछी गई तो ग्रामीणों ने बताया कि वह लोग मजबूरी में प्राइवेट हॉस्पिटलों पर जाकर शुल्क देकर अपना इलाज कराते हैं । गरीब व असहाय परिवार पैसा के अभाव में छोलाछाप डाक्टरों का सहारा लेते है वही रमया स्वास्थ्य उपकेंद्र सीएचओ के बारे में प्रधान ने बताया की स्वास्थ्य उपकेंद्र कंप्लीट नहीं है वह पंचायत भवन पर बैठ कर इलाज करती हैं लेकिन मीडिया पड़ताल में स्वास्थ्य उप केंद्र तो कंप्लीट मिला। मीडिया टीम मरवटिया उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो उपकेन्द्र पर ताला लटका दिखा। उपकेंद्र के बगल के घर के दंपति ने बताया 6 महीने पहले मैडम जी आई थी उन्होंने बताया कि मेरी ड्यूटी यहां लगी है लेकिन तकरीबन 6 महीने हो गए है मैडम जी अभी सेंटर पर झांकने तक नहीं आई है । दंपति ने बताया इलाज के लिए कोसों दूर जाना पड़ता है और प्राइवेट झोलाछाप डाक्टरों से इलाज करना पड़ता है जिससे काफी समय व पैसा खर्चा करता पड़ता है । सरकार ने सारी सुविधाएं स्वास्थ्य उप केन्द्रो पर उपलब्ध कराई है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को फ्री एवं समुचित इलाज मिल सके लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते सरकार की योजनाएं धरातल संचालित नहीं हो पा रही हैं विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है जिससे इन पर नकेल कसने की जगह मौन हैं। स्वास्थ्य उपकेंद्र पर नदारद सीएचओ के बारे में फोन के माध्यम से जानकारी लिया तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव निगम ने फोन के माध्यम से कहा कि जो सीएचओ उप स्वास्थ केंद्र से डियूटी से गायब मिल रहे हैं उनके खिलाफ जांच कर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।



# संक्षिप्त खबरें

## डीएम एवं एसपी की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस सम्पन्न



**थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की सुनी शिकायतें , समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का दिया निर्देश**

**बलरामपुर** – माह के चतुर्थ शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया।उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## पहलगाम घटना में मारे गए शहीदों को याद करते हुए निकल गया कैंडल मार्च



**हरैया सतधरवा बलरामपुर-** हरैया बाजार में पहलगाम की घटना में मारे गए शहीदों को याद करते हुए उनकी स्मृति में सैकड़ों बाजारवासियो की मौजूदगी में कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। समाजसेवी अक्षय श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते "पहलगाम की घटना से देश बहुत दुखी है, कारगिल से कन्याकुमारी तक यह दुख एक जैसा है। यह हमला देश पर नहीं भारत की आत्मा पर हमला है। उन आतंकियों को उनकी कल्पना से बड़ी सजा देंगे हमारे देश के जवान।" आज इस कैंडल मार्च में रामबाबू तिवारी, विशाल कसोधन, राजन गुप्ता, राहुल कसौधन, दीपक कुमार, चमन कसौधन, सोनू कसौधन, आदित्या गिरी, हर्षित पटवा, शिवम् पटवा, दीपक कसौधन शोभित मौर्या शोभित श्रीवास्तव सौरभ पटवा व सैकड़ों साथी मौजूद रहे।

## किसान द्वारा अपने खेत में गेहूं का ढैचा जलाने से बगल में लगा हुआ गन्ना जलकर राख



**बलरामपुर-** हरैया सतधरवा बलरामपुर जी हां आपको बताते चलें यह पूरी घटना जनपद बलरामपुर के हरैया सतधरवा के ग्राम पंचायत करमैती के मजरा परसा का है जहां पर किसान सीताराम यादव द्वारा अपने खेत में लगे गेहूं का ढैचा फूकने से बगल में लगा संतोषी प्रसाद वर्मा 10 बीघा पेड़ी गन्ना जलकर राख हो गया है। यहां के ग्रामीणों की माने तो किसान द्वारा अपने खेत में गेहूं का ढैचा जला रहे थे अचानक तेज हवा आने के कारण बगल में लगा 10 बीघा गन्ना और 150 पौधा लपटीस और 10 पेड़ सागौन जलकर खाक हो गया है इस पूरे मामले में थाना ललिया को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई है अभी तक इस घटना में थाना ललिया द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## सरकारी योजनाओं से वंचित परिवारों के लिए सुपौल में लगा विशेष शिविर

**सुपौल, बिहार-**अंबेडकर समय सेवा अभियान के तहत 26 अप्रैल 2025 को सुपौल जिले के अंतर्गत कुल 89 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 22 सरकारी योजनाओं के अंतर्गत आच्छादन से संबंधित कार्य किए गए। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण एवं पंचायत कर्मी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का समय पर निष्पादन किया गया तथा पूर्व में प्राप्त आवेदनों के प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। साथ ही, सरकारी योजनाओं से वंचित परिवारों को विभिन्न योजनाओं के लाभ से आच्छादित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ पहुँचाना और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देना रहा। शिविर के सफल आयोजन से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला।

# विकास खंड बनकटी के ग्राम पंचायत बाघापर में चल रही सोशल ऑडिट को बीआरपी तरुण कुमार वर्मा ने बनाया खिलवाड़

**●सोशल ऑडिट धरातलीय अवलोकन गांव पंचायत भ्रमण में बीआरपी तरुण कुमार वर्मा ने बरती सिथिलतासादे पर प्रपत्र पर बीआरपी तरुण कुमार वर्मा ने टीम सदस्यों के हस्ताक्षर कर कर चंद मिनट में पंचायत भवन से हुए फरार**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती ।** बस्ती जिले के ग्राम पंचायत बाघापर में आज दिनांक 25 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर टीम सदस्यों एवं बीआरपी तरुण कुमार वर्मा के द्वारा ग्राम पंचायत की सोशल ऑडिट बैठक संपन्न कराई गई बैठक के दौरान उपस्थित लोगों की संख्या बहुत कम रही कार्य को पढ़कर जनता को सुनाया नहीं गया बल्कि आवास पाने के तरीके की चर्चा उपदेश देते नजर आए बीआरपी तरुण कुमार वर्मा उन्होंने जनता से कहा सूची में आप लोग अपना नाम दर्ज कर लीजिए आवास का लाभ जल्द मिलेगा यानी जनता की जवाब देही ग्राम पंचायत के विगत दो वर्षों के कार्य का नहीं लिया गया 10 से 15 लोगों की उपस्थिति में सोशल ऑडिट बैठक 15 मिनट के अंदर संपन्न कर ली गई इस प्रकार निदेशालय के निर्देश की अवहेलना करते हुए बीआरपी तरुण कुमार वर्मा ने अपने उच्च अधिकारियों के निर्देश का पालन नहीं किया गांव पंचायत में दो वर्षों के कार्य के फाइल का अवलोकन नहीं किया केवल बैनर लगाकर फोटो खिंचवाकर कार्यालय संबंधी सभी पर पत्रों पर टीम सदस्यों के हस्ताक्षर कराकर सादे पत्रावली अपनी स्कूटी में रखकर ग्राम प्रधान के पीछे-पीछे ब्लॉक तक घूमते हुए नजर आए सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत द्वारा दो वित्तीय वर्षों में डेढ़ करोड़ से अधिक का खर्च है जिसमें बीआरपी मोटी रकम की आस लगाए बैठे हैं मामला कुछ भी हो लेकिन बिना सभी आवश्यक कागजात पर पूरी कार्यवाही लिखें हस्ताक्षर कराना और टीम के सदस्यों को छोड़कर प्रधान के पीछे-पीछे दौड़ना बीआरपी तरुण कुमार वर्मा पर संदेह उत्पन्न करता है वास्तव में पर्यवेक्षक टीम यदि सोशल ऑडिट का पर्यवेक्षण करती तो आज यह दिन देखने को नहीं मिलता और सोशल ऑडिट की गरिमा पर सवालिया निशान नहीं खड़ा होता क्या नवनियुक्त बीआरपी तरुण कुमार वर्मा अपनी नौकरी में लगाई हुई पूंजी को वापस पाने का जुगाड़ तो नहीं बना रहे अच्छी तरह कार्य का अवलोकन ना करना 3 दिन के भ्रमण एवं बैठक के कार्यक्रम में पूरी रुचिरा लेना बैठक में फाइल का अवलोकन ना करना सोशल ऑडिट से संबंधित सादे कागज पर टीम सदस्यों एवं गांव के बनाए गए अध्यक्ष का हस्ताक्षर करना धोखाधड़ी है अब देखना यह है कि विभाग इन पर क्या कार्रवाई करता है ।

## मोतीपुर सेमरी में आपूर्ति विभाग की टीम ने किए जांच



**राशन कार्ड लाभार्थियों ने कोटेदार के विरुद्ध की थी शिकायत**

**बलरामपुर ।** पचपेड़वा विकासखण्ड के मोतीपुर, सेमरी गांव में गरीबों का राशन डकार जाने वाले भ्रष्ट कोटेदार के विरुद्ध आपूर्ति विभाग की टीम ने शनिवार को जांच किया है। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई है प्राप्त समाचार के अनुसार पचपेड़वा विकास के मोतीपुर सेमरी गांव निवासी जगतराम बीडीसी, सुनीता देवी, लक्ष्मी, कलावती, गुलाबदेई रामदुलारी, वड़कऊ, विजय पाल प्रजापति, त्रिवेनी प्रसाद सोमई प्रसाद, विजय कुमारी, सुबाष चन्द्र चौधरी, पर्वती , सुकई, शम्भूराना, सूरजमती, गुड़िया देवी विजय कुमार आदि के प्रति राशन कार्ड अन्त्योदय लाभार्थियों का 5 से 10 कि0 ग्राम खाद्य कम देने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी तुलसीपुर को प्रार्थना देकर शिकायत किया था इस सम्बन्ध में शनिवार को आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार गुप्ता टीम सहित मौके पर जांच करने पहुंचे इस दौरान गांव के कई दर्जन लोगों ने अपना अपना बयान दर्ज कराया और भ्रष्टाचार कर राशन कम देने की पुष्टी किया।

# राष्ट्रीय स्तंभ के सामने शिक्षकों ने फूंका आंतकवाद का पुतला



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले मैं शिक्षकों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा धर्म पूंछकर की गई क्रूरतम हत्या से आक्रोश है। शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बनकटी अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव के संयोजन में कंपोजिट विद्यालय बनकटी के परिसर में स्थापित राष्ट्रीय स्तंभ के सामने पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों के निर्मम हत्या तथा पाकिस्तान के इस घिनौने हरकत के विरोध में शिक्षकों ने आतंकवाद का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया आतंकवाद के पुतला दहन से पूर्व शिक्षक नेता अभय सिंह यादव ने कहा कि पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा धर्म पूंछकर की गई क्रूरतम हत्या दुर्भाग्यपूर्ण और चिन्ताजनक है। मांग किया कि केन्द्र सरकार तत्काल प्रभाव से आतंकियो को जड़ से समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाये। पाक के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करना ही होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मारूफ खान, संयुक्त मंत्री आदित्यनाथ त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मंजेश राजभर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादी संरक्षण बंद करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत के साथ खड़े होना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान रवि प्रताप सिंह, आदित्य पाण्डेय, राजकुमारी शुक्ला, ध्रुव नारायण दुबे, महेन्द्र सिंह, राम अचल जितेंद्र कुमार, कामरान, अजीत जायसवाल, मक्खन लाल, मोहम्मद असलम, प्रभु नाथ यादव, अनूप प्रपन्न मिश्र, गीता यादव, आराधना यादव, पूजा राय, सुनीता, बिंद्रावती, राम अक्षयवर चौधरी, धर्मेंद्र उपाध्याय, राजेन्द्र, राम सहाय, परशुराम, मोहम्मद हाशिम, राजेश सिंह, पवन कुमार, दीपेंद्र पाल, अशोक पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## बालापुर की टी.एन.यादव कम्पटीशन क्लासेज के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर बढ़ाया क्षेत्र का मान







स्वतंत्र प्रभात

**जरवा/बलरामपुर-** बालापुर स्थित टी.एन.यादव कम्पटीशन क्लासेज के छात्रों ने इस वर्ष की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार, कोचिंग सेंटर और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल की परीक्षा में नंदनी ने 72.83% अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया, वहीं दीपक कुमार ने 72.5% और अजय ने 70.5% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्राओं ने कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास के दम पर यह सफलता प्राप्त की, जिससे उनके शिक्षकों और अभिभावकों को भी गर्व महसूस हो रहा है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट की परीक्षा में भी टी.एन.यादव कम्पटीशन क्लासेज के छात्रों ने उम्दा प्रदर्शन किया। छात्र मोहम्मद आरिफ खान ने 79.8% अंक प्राप्त किए, मोहम्मद इजहार ने 73.2% और इमरान खान ने 68.4% अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कोचिंग सेंटर के संचालक और शिक्षकगण छात्रों की इस सफलता से बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि ये परिणाम पूरे संस्थान की मेहनत और छात्रों के समर्पण का परिणाम हैं। कोचिंग द्वारा समय-समय पर टेस्ट, गाइडेंस सेशन और डाउट क्लियरिंग क्लासेस आयोजित की जाती हैं, जिनसे छात्रों को विशेष लाभ हुआ। टी.एन.यादव कम्पटीशन क्लासेज के इस शानदार प्रदर्शन से न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी यह प्रेरणास्रोत बना है। क्षेत्रवासियों ने भी सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बाल अधिनियम का उल्लंघन करने पर सी डब्लू सी ने परशुराम पुर एस ओ को किया तलब, माँगा स्पष्टीकरण

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के परशुराम पुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति की नाबालिग दुष्कर्म पीड़ित बालिका को परशुराम पुर पुलिस द्वारा सी डब्लू सी के समक्ष प्रस्तुत न करने के मामले मे,सीडब्लूसी के चीयर परशन प्रेरक मिश्रा के द्वारा थानाध्यक्ष परशुराम पुर को तलब कर स्पष्टीकरण माँगा गया है। थानाध्यक्ष को न्याय पीठ के सम्मुख उपस्थिति होने के लिए 28 अप्रैल का समय दिया गया है।जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग बच्ची के साथ गाँव के ही दो युवको द्वारा बालिका के घर के सामने से ही अग़वा कर गाँव के बाहर स्थित तालाब के पास ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। बालिका किसी प्रकार से अपने को छुड़ा कर वद हवास हालत मे घर पहुंची थी, बच्ची के परिजनों के द्वारा मामले की जानकारी 112 और मुकामी थाने को दी गई थी, घटना की जानकारी होने के वाद पुलिस के आला अधिकारीयों ने भी घटना स्थल का मुवायना कर प्रकरण की जानकारी ली थी। चुकी पीड़ित बालिका नाबालिग है, इसलिए सी डब्लू सी को तत्काल घटना की जानकारी देने के साथ ही बालिका को सी डब्लू सी के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए था, लेकिन ऐसा करने मे मुकामी पुलिस फेल रही। न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा,सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ संतोष श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष परशुराम पुर से इस मामले मे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के साथ ही बालिका को न्याय पीठ के समक्ष अविलम्ब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

## मजदूर दिवस पर सुपौल में होने वाले पत्रकार सम्मेलन की सफलता को लेकर भपटियाही में बैठक आयोजित

**सुपौल, बिहार-** आगामी मजदूर दिवस के अवसर पर सुपौल में आयोजित होने वाले पत्रकार सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु भपटियाही में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा और आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पत्रकारों और आयोजकों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समन्वय और सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही, मजदूरों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा सम्मेलन के माध्यम से उनकी आवाज को मजबूती से रखने का संकल्प लिया गया। बैठक में कई वरिष्ठ पत्रकार, एवं भपटियाही के पत्रकार उपस्थित रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इंडो-नेपाल बॉर्डर एरिया में गतिविधियों पर रखी जा रही है सतर्क दृष्टि



**●क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर, असिस्टेंट कमांडेंट एसएसबी, नेपाल सीमावर्ती थाना को0 जरवा पुलिस व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में शांति सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर पर किया गया पैदल गस्त**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर-** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनन्दन राय, असिस्टेंट कमांडेंट एसएसबी सुजीत कुमार, नेपाल सीमावर्ती थाना को0 जरवा की पुलिस व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में शान्ति,सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गाँवों तथा इंडो नेपाल बॉर्डर कोयलाबास, जंगल की पगडंडियों पर निरन्तर पैदल गस्त कर दौरान संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व सम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया जा रहा है , जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके पुलिस टीम द्वारा स्स्क्के साथ पैदल गस्त के दौरान नेपाल बॉर्डर से सटे गांव का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, एक दिन पहले ही तहरीर देने के लिए कर रहा था कोशिश

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के ग्राम मुसहा बरहपेंडा में 25 अप्रैल की मध्य रात्रि एक सनसनीखेज घटना ने पूरे गांव में हड़कंप मचा दिया. सुबह-सुबह खेती बाड़ी के लिए निकल रहे लोगों ने गांव के बगल आम के बाग में एक युवक का शव पेड़ से लटकता देखा. शव देखते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई. ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी. मृतक की पहचान आशीष श्रीवास्तव ग्राम मुसहा बरहपेड़ा के रूप में हुई। मृतक के चेहरे पर कुछ संदिग्ध निशान देखे गए, जिसके चलते लोग हत्या और आत्महत्या को लेकर तरह-तरह के कयास



लगाने लगे. सूत्रों की मानें तो आशीष पिछले दिन से किसी मामले को लेकर मुसहा चौकी पर तहरीर देने की कोशिश कर रहा था, लेकिन खुद तहरीर न लिख पाने के कारण वह चौकी पर नहीं दे पाया. इसी बात ने इस घटना को और रहस्यमयी बना दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, आशीष कुल तीन भाई हैं, जिसमें दो भाई अपनी आजीविका के लिए बाहर रहते हैं. आशीष और उसके बड़े भाई की पत्नी घर पर रहते है. आपको बता दे यह घटना मुसहा चौकी से मात्र 500 मीटर की दूरी पर हुई है। पैकोलिया थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि "प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है. शव का पंचनामा कर लिया गया है, और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा. इसके आधार पर आगे उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।"

## बीरपुर सेमरा वन रेंज के पास खेतों में लगी आग को वन कर्मियों द्वारा बुझाया गया

स्वतंत्र प्रभात

**पचपेड़वा-** विकासखंड के ग्राम बीरपुर सेमरा में किसानों द्वारा खेतों में पराली जलाई गई थी, सूचना मिलते ही वन दारोगा मोहम्मद जहीर और वन रक्षक शैलेश कुमार पाठक की टीम मौके पर पहुंची। वन कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग को काबू में कर लिया। पिछले साल भी भांभर रेंज आवास के पास खेतों में पराली जलाने से आग लगी थी। हवा के झोंके से आग परिसर तक पहुंच गई थी। इस घटना में परिसर में रखी करोड़ों रुपये की सीजर लकड़ी जलकर राख हो गई थी। वन दारोगा मोहम्मद जहीर ने बताया कि आए दिन जंगलों व गांवों में आग की खबरें आती रहती हैं इसी के चलते कहीं आग विकराल रूप धारण न कर ले, और



जान मॉल की हानि से बचा जा सके। पराली जलाने से पर्यावरण और स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान होता है। इससे निकलने वाला धुआं हवा में हानिकारक कण और गैसें छोड़ता है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और सांस की बीमारियां हो सकती हैं। साथ ही, इससे निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनती हैं। मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि पराली को खाद के रूप में या अन्य उपयोगी तरीकों से इस्तेमाल किया जाय।

## पुलवामा आतंकी हमले से उबले युबा ,कैंडल मार्च निकाल जताया आकोश

**त्रिवेणीगंज सुपौल बिहार-** पुलवामा-हमले में मारे गए निर्दोष हिन्दू पर्यटकों के गम में युबाओ का खून उबाल लें रहा है। युवाओं ने पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में मुख्य सड़क पर कैंडल जलाकर विरोध मार्च निकाला। छातापुर आवाम के बैनर तले निकाले गए इस विरोध मार्च के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद और देश से आतंकियों को खदेड़ने को ले जमकर नारेबाजी की गई मौके पर युवाओं ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस प्रकार निहत्थे देशवासियों पर गोलीबारी कर मौत के घाट उतारा वो कतई बर्दाश्त के लायक नहीं है। विभिन्न प्रांतों के 28 लोगों की असमायिक मृत्यु शहादत के बराबर है इसकी जितनी भर्त्सना की जाय कम है। आक्रोशपूर्ण लहजे में कहा कि किसी सुहागन की मांग उजड़ी तो किसी ने अपना लाल खोया।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर 1962 एम्बुलेंस कर्मियों ने पशुओं की सेवा का लिया संकल्प



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंविश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन शनिवार को बस्ती नगर के मुख्य पशु चिकित्सा कार्यालय किया गया। जहाँ कर्मियों ने पशुओं की सेवा का संकल्प लिया। पशु चिकित्सकों द्वारा किए गए जीवन रक्षक कार्यों को उजागर करने और बढ़ावा देने के प्रयासों पर चर्चा की गई। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह दिन उन लोगों को पहचान और सम्मान प्रदान करता है, जिन्होंने अपना जीवन पशु सेवा के लिए समर्पित कर दिया। इंसानों की तुलना में जानवर की देखभाल करना कठिन है। और साथ ही यह भी बताया कि पशु चिकित्सा दिवस की शुरुआत पशुओं के स्वास्थ्य, कल्याण और अधिकारों को बनाए रखने के लिए की गई थी। इसमें पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनुप,डॉ0 अभय, डॉ0 अब्दुल हफिज,डॉ0 अमर एवं समस्त 1962 एम्बुलेंस पशु चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी, 1962 प्रोग्राम मैनेजर राजन विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की नियिक्त में भ्रष्टाचार, भाजयुमो नेता ने की जांच की मांग

**● सरकार की छबि खराब कर रहे डीपीआरओ, डीएम से जांच कराने की मांगआंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की नियिक्त में धन उगाही की शिकायत, जांच की मांग**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंआंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की नियिक्त में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा व्यापक स्तर पर धन उगाही का आरोप लगाते हुये भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया है। शिकायती पत्र सौंपते समय प्रदीप चौधरी, ऊधव सिंह, राजन कन्नौजिया, सूर्यमणि पाण्डेय, विकास सिंह आदि उपस्थित रहे बस्ती जिलाधिकारी को सम्बोधित शिकायती पत्र उनके प्रतिनिधि को



सौंपते हुये भाजयुमो नेता ने कहा कि सरकार की मंशा नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी पारदार्शिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने की थी लेकिन जनपद में प्राप्त आवेदनों के अनुसार द्वितीय पात्र व्यक्ति को सम्पर्क सूत्रों के माध्यम से सूचित कर प्रथम पात्र व्यक्ति के विरूद्ध फर्जी शिकायत कराई गई और प्रथम पात्र व्यक्ति से इसी आधार पर व्यापक स्तर पर धन उगाही की गई। भाजयुमो नेता ने इस भ्रष्टाचार लिप्त अफसरों के खिलाफ ठोस कार्यवाही की मांग किया है जिससे सरकार की छबि धूमिल न हो।

# सनसनी खेज महिला के हत्या के आरोपी हुये गिरफ्तार

**12 घंटे में सनसनीखेज महिला हत्या कांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** जिले केथाना कोतवाली पुलिस ने महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नोहर चौधरी, उसकी पत्नी विद्यावती उर्फ संतोला और पुत्री लक्ष्मी शामिल हैं। पुलिस ने इन्हें 25 अप्रैल 2025 की शाम 7:50 बजे राजाचक मोड़ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।थाना कोतवाली क्षेत्र के सरायघाट मिश्रौलिया गांव निवासी नोहर चौधरी, उसकी पत्नी विद्यावती और पुत्री लक्ष्मी ने मिलकर सुनीता नामक महिला की गला दबाकर व डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। सूचना रामबली कन्नौजिया ने दी थी, जिनकी बहन सुनीता, पति की मृत्यु के बाद नोहर चौधरी के साथ रह रही थी।पुलिस के अनुसार, सुनीता और नोहर ने भदेश्वरनाथ मंदिर में विवाह कर लिया था और पति-पत्नी



की तरह साथ रहने लगे थे। इलाज और खर्चों को लेकर सुनीता का बार-बार आना-जाना नोहर की पत्नी और पुत्री को नागवार गुजरा। आर्थिक दबाव व घरेलू कलह के चलते तीनों ने मिलकर साजिश रची और 24 अप्रैल 2025 की रात सुनीता की हत्या कर दीगिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने पूछताछ में जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा और लकड़ी का चैला बरामद किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम और विवरणन्नोहर चौधरी पुत्र झिनकान, उम्र लगभग 50 वर्ष विद्यावती उर्फ संतोला पत्नी नोहर चौधरी, उम्र लगभग 40 वर्ष लक्ष्मी पत्नी शिवसहाय चौधरी, पुत्री नोहर चौधरी, उम्र लगभग 21 वर्ष

**पुलिस टीम**

इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक विश्वमोहन राय, उपनिरीक्षक संजय कुमार तथा कांस्टेबल मुन्नालाल चौधरी, संजीत कुमार शाह, धनंजय यादव, अनुनय सोनवांशी और महिला आरक्षी अमिता देवी व कमली यादव का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली पर मुकदमा संख्या 149/2025, धारा 103(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। आगे की विधिक कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात चोरों ने एक घर को बनाया निशाना, नगदी सहित जेवरात पर किया हाथ साफ



**बेनीगंज/हरदोई** अज्ञात चोरों ने 24 अप्रैल को एक गांव में एक घर को किया टारगेट,नगदी सहित जेवरात पर किया हाथ साफ। सूचना पर क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से जानकारी कर छानबीन शुरू कर दी है। बता दे कोतवाली क्षेत्र के उल्जा निवासी महिला नीलम पत्नी गंगाधर तिवारी ने कोतवाली में शिकायत की है बताया है 24 अप्रैल को मैं लखनऊ दवा लेने के लिए गई थी वहां लड़के बहू के पास रात में रुके थे। जब अगले दिन घर वापस आए तो देखा कि गैलरी का मैन गेट अंदर से बंद था मुझे शंका होने पर मैं कमरे के गेट से होकर घर के अंदर गई देखा कि मेरे दोनों कमरों के गेट खुले पड़े थे कमरों में रखा सामान जेवरात,नगदी 4000 रुपए, पीतल, बेधा के बर्तन मौके पर मौजूद नहीं थे। मैंने आसपास लोगों से काफी जानकारी जुटाई लेकिन अभी तक चोरी वारदात को अंजाम देने वालों के बारे में जानकारी नहीं हो सकी है।पीड़ित महीला ने पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग की है। उपरोक्त विषय पर कोतवाली प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने बताया मामले की सूचना प्राप्त हुई है जांच की जा रही है विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन को किया टारगेट



**बेनीगंज/हरदोई-** बेनीगंज थाना क्षेत्र के बक्शापुर पंचायत भवन में बीती रात कार्यालय का ताला तोड़कर भीतर रखा बैट्रा व इन्वर्टर चोरी हो गया। सुबह सफाई कर्मचारी सफाई करने आया ताला टूटा देख ग्राम प्रधान को घटना की जानकारी दी। प्रधान द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई। जिस पर क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंचकर छान-बीन की। कोतवाली प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ कर विधिक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### पहलगाम कांड के मृतकों के लिए किया कैंडिल मार्च और श्रद्धांजलि सभा



**हरदोई** पहलगाम में हुए क्रूर हत्याकांड के विरोध में आज हरदोई के कुबेर लाल जन सेवा संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी जी द्वारा एक शांतिपूर्ण कैंडिल मार्च निकाला गया। यह मार्च मृतकों को श्रद्धांजलि देने और दोषियों को कड़ी सज़ा दिलवाने की मांग को लेकर आयोजित किया गया। केंडल मार्च के समापन पर शहीद उद्यान में एक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई, जिसमें मृत आत्माओं की शांति हेतु मौन रखा गया। इस कैंडल मार्च में संस्थापित निरमा देवी , डॉ चित्रा मिश्रा, रेशमा लता गुप्ता, कमला गुप्ता, रेखा गुप्ता, मीनू गुप्ता, चेतना महेश्वरी, रीना गुप्ता, मीतू मिश्रा,विनीता पांडे, संजू श्रीवास्तव, सुधा गुप्ता, गीता गुप्ता, नेहा, रेखा गुप्ता, प्रशांत गुप्ता नितिन, सुमित श्रीवास्तव शेरू, अमित, अवधेश, सुभाष गुप्ता,आदि सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से संस्थान ने एकजुट होकर न केवल मृतकों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि सरकार से इस कृत्य अपराध जो आतंकियों द्वारा किया गया उनके लिए कड़ी से कड़ी सजा और सख्त कार्यवाही की मांग की।

### थाना दिवस में फरियादियों की शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण, पुलिस-प्रशासन की रही संयुक्त मौजूदगी

**चित्रकूट।** जिले में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोतवाली कर्वी व थाना बहिलपुरवा में किया गया, जिसमें राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों की मौजूदगी में जनसुनवाई हुई। कोतवाली कर्वी में हुए थाना दिवस में नायब तहसीलदार मंगल यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान भारी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिन्हें गंभीरता से सुना गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर एक मामले का निष्पक्षता से जांच कर, तय समयसीमा में निस्तारण किया जाए। खासतौर पर भूमि विवादों से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच करने और शासन द्वारा तय समय के भीतर निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने सख्त लहजे में कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।थाना बहिलपुरवा में भी इसी क्रम में थाना दिवस का आयोजन किया गया।

# गौवंशों से लदा ट्रक पलटने से कंडक्टर सहित सात गौवंशों की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेली-** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के लगातार सत्ता में रहने के दौरान जिस तरह से गौवंशों के वध पर रोक लगाई गई, उससे लगने लगा था जैसे राम राज्य आ गया। लेकिन ये पूर्ण सत्य नहीं है। क्योंकि कुछ अधिकारियों और पुलिस की मिली भगत से सरकार की उस महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है। रायबरेली में गौवंश तस्करों का डीसीएम पलटने के बाद से ही इस बात का खुलासा हो सका, और पुलिस रात्रि चेकिंग की पोल खोल कर रख दी। ऐसा ही एक मामला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात देखने को मिला। जहां गौवंशों से भरा डीसीएम अनियंत्रित होकर खाई मे पलट गया, डीसीएम पलटने से जहां कंडक्टर सहित सात गौवंशों की दर्दनाक मौत हो गई, तो वहीं हादसे में ड्राइवर को भी गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी भी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने सुचना पाते ही क्रेन से ट्रक को बाहर निकलवाया और कंडक्टर के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ये भी पता करने मे जुटी है कि, आखिर गोवंशो को कहाँ और क्यों लें जाया जा रहा था। आपको बता दें कि, मामला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुबना नैय्या नाला पुल के पास का है, जहां देर रात हैदरगढ़ की तरफ से आ रहा गोवंशो से भरा एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई मे पलट गया। ट्रक पलटने से कंडक्टर तैया (19) पुत्र पटवारी निवासी जनपद हरदोई सहित सात गोवंशों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक सरफुद्दीन (30) निवासी जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और क्रेन से खाई मे गिरे ट्रक को बहार निकलवाया। मृत गोवंशो को जेसीबी मंगवाकर बाकायदा गड्ढा खुदवा कर दफना दिया गया। जीवित गोवंश रस्सी से आजाद होते ही भाग गए। उधर पुलिस ये भी पता कर रही है कि गोवंशो से भरा ट्रक आखिर कहां से कहां ले जाया रहा था।

आपको यह भी बता दें कि, पुलिस की लचर कार्यशैली का ही नतीजा है कि, पुलिस चौकी गुमावां और पुलिस चौकी हलोर पार कर कुनबा नैय्या पर अनियंत्रित होकर पलटा डीसीएम गोवंश तस्करी के मामलों में पुलिस रात्रि चेकिंग अभियान की पोल खोलता है। यही वजह है कि, ऐसे मामले सामने नही आते हैं, और गोवंशों से लदी गाड़ियां पार हो जाती है, गोवंशों से लदा डीसीएम पलटना यह सिद्ध करता है कि, जिले का पुलिस प्रशासन गौ तस्करी पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि, अगर क्षेत्रीय पुलिस सक्रिय होती तो निश्चित तौर पर ये गौ तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 7 गोवंशों की दर्दनाक मौत नहीं हुई होती।

## शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम- राजकीय विद्यालय पूरे त्रिवेदी ने स्थापित किया कीर्तिमान

- **हर्षित, प्रज्ञा व गोपाल ने अच्छे अंक प्राप्त कर बढाया विद्यालय का गौरव**

**सरेनी का इकलौता राजकीय हाईस्कूल पूरे त्रिवेदी शिक्षा के क्षेत्र में अपना नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहा है-सविता वर्मा**

स्वतंत्र प्रभात







**लालगंज (रायबरेली)।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राजकीय विद्यालय पूरे त्रिवेदी ने हाईस्कूल परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षाफल देकर क्षेत्र में अपना कीर्तिमान स्थापित किया है।विद्यालय के छात्र हर्षित सिंह ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं विद्यालय के नाम को रोशन किया है।इसी क्रम में प्रज्ञा पांडेय ने 88.33 प्रतिशत एवं विद्यालय के छात्र गोपाल चौरसिया ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में विद्यालय के गौरव को बढ़ाया है। राजकीय हाईस्कूल पूरे त्रिवेदी की प्रधानाचार्या सविता वर्मा ने अवगत कराया कि विद्यालय के विकासखंड सरेनी का इकलौता राजकीय हाईस्कूल पूरे त्रिवेदी शिक्षा के क्षेत्र में अपना नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।उन्होंने बताया कि नियुक्त सभी शिक्षकों ने अथक परिश्रम करके छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल बनाया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर शिक्षा सहगामी क्रियाओं का भी विशेष ध्यान दिया जाता है।विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय कटिबद्ध रहा है।इस विद्यालय से उत्तीर्ण हुए छात्रों की प्रतिभा अपने में विशिष्ट है। प्रधानाचार्या सविता वर्मा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के कर्मठ शिक्षक अजय श्रीवास्तव,नरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य जूनियर हाईस्कूल पूरे त्रिवेदी जागेश्वर बाजपेई एवं भोला यादव को दिया है। उन्होंने कहा भोला यादव द्वारा भी विद्यालय के उच्चतम परीक्षा फल के लिए हार्दिक सहयोग दिया गया है।वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश कुमार त्रिवेदी ने उच्चतम विद्यालय परीक्षा फल से प्रसन्न होकर राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता वर्मा एवं जागेश्वर बाजपेई के साथ सभी शिक्षकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार ने अथक परिश्रम करके विद्यालय को गरिमा प्रदान किया है। निश्चित रूप से सभी शिक्षक साथी प्रशंसा के पात्र हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी सभी शिक्षक ऐसा ही कठिन परिश्रम करके जहां एक ओर विद्यार्थियों के जीवन को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे वहीं दूसरी ओर विद्यालय का नाम रोशन करने में सहायक सिद्ध होंगे। पूर्व प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय परिवार के शिक्षकों ने निःसंदेह उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाया है,आने वाले समय में भी हम ऐसे ही अपेक्षा करते हैं।पूर्व प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ अशोक त्रिवेदी ने विद्यालय परिवार को बधाइयां देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।उन्होंने कहा कि शिक्षक हमेशा अपने कर्तव्य बल पर ही सम्मान पाता आया है।कर्तव्यों के प्रति जागरूकता ही शिक्षक को सम्मान दिलाती है।विद्यालय परिवार ने जो प्रदर्शन किया है वह प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है। अतुल कुमार त्रिवेदी, अनूप कुमार त्रिवेदी, डॉ अभिषेक त्रिवेदी सहित अनेक लोगों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाइयां प्रदान की है।

## स्कूल चलो अभियान के तहत खंड शिक्षा अधिकारी की अगवाई में खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई-** ब्लॉक संसाधन केंद्र बेनीगंज विकासखंड कोथांवा में खंड शिक्षा अधिकारीप्रभावती के अगुवाई में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गयाद्य जिसमें मुख्य अतिथि खड विकास अधिकारी रामकिशोर ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों की रैली का शुभारंभ किया। आवासीय कस्तूरबा बालिका विद्यालय बेनीगंज, संविलियन विद्यालय बेनीगंज सहित कई विद्यालयों के बच्चों ने रैली में प्रतिभाग कियाश रैली बेनीगंज कस्बे से होकर निकाली गई। इसमें बच्चों के हाथों में स्लोगन लिखी हुई दफ्तिया थी पढ़ी-लिखी लड़की रोशनी है घर की मम्मी पापा भूल न जाना विद्यालय में नाम लिखाना आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा नारे लगाते हुए साथ में सभी संकुल प्रभारी व कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन अन्जू त्रिपाठी, सत्येंद्र तिवारी, पंकज रस्तोगी, विवेक कुमार, अरुणेंद्र प्रताप सिंह,नम्रता सिंह, शिव मूर्ति त्रिपाठी,



राहुल कुमार, मनमोहन सिंह,रामप्रताप सिंह, अरविंद प्रताप सिंह सहित अध्यापकों ने रैली में प्रतिभाग किया।

## "ऑपरेशन स्माईल" अभियान के तहत गुमशुदा बच्ची को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई-** "ऑपरेशन स्माईल" अभियान के तहत थाना बेनीगंज पुलिस द्वारा शनिवार को कोतवाली परिसर में गुमशुदा बच्ची को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजन अपने बच्चे को पाते ही खुशी जाहिर करते हुए पुलिस प्रशासन की वाह वाही कर रहे हैं। बता दे दिनांक 26 अप्रैल 2025 को सुबह एक नाबालिग लड़की उम्र करीब 12 वर्ष प्रतापनगर बस स्टैंड के पास अकेली घूम रही थी जिसकी सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी प्रताप नगर गोपाल मणि मिश्रा मय हमराही के साथ मौके पर पहुंचे लड़की से बातचीत कर उसके बारे में पूछा पहले वह कुछ नहीं बता रही थी केवल रो रही थी। किंतु चौकी प्रभारी ने उसे प्यार से बैठाकर सहायता करने का भरोसा दियाया। उसने बताया कि उसका नाम सोनम पुत्री राजकुमार निवासी ग्राम जोतपुर जनपद सीतापुर की रहने वाली है। वह अपने घर वालों की प्रताड़ना से नाराज होकर घर से बिना बताए कहीं बाहर भाग जाने की फिराक में जनपद सीतापुर के ग्राम जोतपुर से बस से प्रतापनगर आ गई थी। चौकी प्रभारी ने बताया लड़की की तस्वीर विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप में भेजकर और ष्ट प्लान ऐप से जोतपुर ग्राम के बारे में जानकारी की गई और करीब 10-12 लोगों से वार्ता की गई। जोतपुर ग्राम प्रधान का नंबर पता चला और पता चला कि यह ग्राम थाना मिश्रिख में है। प्रधान से जानकारी हुई कि उसके परिजन लड़की को थाना मिश्रिख में



खोज रहे हैं। लड़की के पिता और परिजन से संपर्क कर उन्हें थाने पर बुलाकर, काउंसलिंग कर उन्हें उक्त गुमशुदा बालिका को उसके पिता राजकुमार पुत्र स्वर्गीय रामकिशुन निवासी ग्राम जोतपुर थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों ने बच्चें को पाते ही चेहरे खिल उठे और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद किया।

## समस्तीपुर में लग रहा है बड़ा रोजगार मेला, 15 कंपनियों में होगी बहाली

**समस्तीपुर** जिले के युवाओं के लिए एक शानदार अवसर आने वाला है। अगर आप रोजगार की तलाश में हैं, तो यह मौका आपके लिए एक बड़ा कदम हो सकता है। जिला नियोजनालय समस्तीपुर द्वारा एक भव्य नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है, जहां कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने पहुँचेंगी। दिनांक 2 मई 2025 को रामाश्रय बालेश्वर महाविद्यालय, दलसिंहसराय (NH-28 बस स्टैंड के निकट) में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित होगा। इस आयोजन में बिहार एवं जिला स्तर की 15 से अधिक निजी कंपनियाँ भाग लेंगी। ये कंपनियाँ योग्य अभ्यर्थियों को भारत के विभिन्न हिस्सों में और उनके गृह क्षेत्र के निकट भी रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कंपनियों द्वारा तय मापदंडों का पालन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में भागीदारी पूरी तरह निःशुल्क है, लेकिन प्रतिभागियों के लिए NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर पंजीकरण अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी अब तक पंजीकृत नहीं हैं, वे जल्द से जल्द ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं या जिला नियोजनालय, समस्तीपुर के कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही,



आवेदक 'District Employment E&change Samastipur' के फेसबुक पेज से भी जुड़कर ताजा अपडेट्स प्राप्त कर सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी समस्तीपुर ने सभी योग्य एवं इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी नौकरी की राह आसान बनाएं।

## उप जिलाधिकारी सदर हरदोई की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान दिवस



**हरदोई,हरियावाँ,** आज माह के चौथे शनिवार को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार मिश्र सदर हरदोई की अध्यक्षता व थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह की उपस्थिति मे समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमे आज कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जो सभी राजस्व के है प्राप्त प्रार्थना पत्रो के त्वरित निस्तारण के उपजिलाधिकारी ने दिये कड़े निर्देश । राजस्व कर्मियों से कहा अपने अपने क्षेत्रों के प्राप्त प्रार्थना पत्रो को पुलिस बल? के सहयोग से मौके पर जाकर निस्तारण कराये ये भी कहा किसी प्रकार की लापरवाही ना करे थाना प्रभारी ने कहा पीड़ितो को न्याय दिलाना ये हमारी पहली प्राथमिकता है. इस अवसर पर एस आई शिव दत्त सिंह एस आई बृजेश सिंह दीवान वकील खान का. अभिन्न चौधरी महिला आरक्षी वंदना राजस्व कर्मी दीपक पाल तहसील शहाबाद शैलेश सिंह, पंकज मिश्र आदि राजस्व कर्मी व पुलिस कर्मी मौके पर मौजूद रहे।

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा दिवस-2025 का भव्य आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने दिनांक 26 अप्रैल 2025 को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रख्यात प्रोफेसर डॉ0 खिलराज पांडे ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में "बौद्धिक संपदा (IP) क्या है और किसी विचार को पेटेंट कैसे कराना चाहिए" विषय पर गहन एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बौद्धिक संपदा के विभिन्न पहलुओं, जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट एवं औद्योगिक डिज़ाइन आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अपने नवाचारों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन स्कूल के महानिदेशक (तकनीकी) डा. भरत राज सिंह द्वारा किया गया। डॉ0 सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस की स्थापना, इतिहास और वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में इसकी महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि नवाचार और रचनात्मकता के संरक्षण हेतु बौद्धिक संपदा अधिकार कितने महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर डॉ0 धर्मेंद्र सिंह (एसोसिएट डायरेक्टर), डॉ. हेमंत कुमार (डीन-इंजीनियरिंग), डॉ0 आशा कुलश्रेष्ठ, विभागाध्यक्ष -सिविल, सहित संस्थान के सभी संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में डॉ0 कमलेश सिंह ने उपस्थित अतिथियों, वक्ता एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके विचारों को सुरक्षित रखने के महत्व को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## समस्त ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है वृहद स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज रायबरेली।** शासन व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार संचारी रोग नियन्त्रण अभियान अन्तर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में 01 से 30 अप्रैल, 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें राज्य स्तर पर जनपद की प्रगति प्रतिशत सराहनीय है जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि आज जिला सलाहकार प्रेरित कटियार द्वारा विकास खण्ड-महराजगंज की ग्राम पंचायत मोन, मुरैनी, हिलहा एवं अलीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें रोस्टर के अनुसार लगाये गये सफाई कर्मचारियों में से ग्राम पंचायत मोन मे राकेश कुमार हेला, ग्राम पंचायत मुरैनी में अबसार अहमद एवं प्रमोद कुमार तथा ग्राम पंचायत हिलहा में राहुल कुमार पाल अनुपास्थित पाये गये शेष समस्त सफाई कर्मचारी रोस्टर के अनुसार उपस्थित एवं साफ-सफाई का कार्य करते हुए पाये गये। जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा रोष व्यक्त करते हुए चारों सफाई कर्मचारियों का एक दिन के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है एवं निर्देशित किया है कि यदि भविष्य में इनके द्वारा पुनः ऐसी पुररावृत्ति की जाती है तो इन्हे निलम्बित कर दिया जायेगा। जिला सलाहकार प्रेरित कटियार द्वारा ग्राम प्रधान व खंड प्रेरक रेखा श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत में लगी टीम के माध्यम से ग्राम पंचायत में निर्मित नालियों की साफ-सफाई, झांडियों की कटाई एवं एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव करा ले। उन्होंने बताया कि आज जनपद के 155 ग्राम पंचायतों में 1320 सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है, साथ ही निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत से निकलने वाले कूड़े को ई-रिक्शा के माध्यम से एकत्रित कर निस्तारित कराये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये



गये।

जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि साफ-सफाई हेतु रोस्टर के अनुसार लगाये गये कर्मचारियों के क्रास वेरीफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पं0) को नामित किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराये गये कार्यों एवं नामित कर्मचारियों की उपस्थिति का अनुश्रवण किया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर टीम भावना के साथ ग्राम पंचायत में झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य किया जाता है।

## श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में बच्चों को संस्कारों से जोड़ने की अनूठी पहल

- **हनुमान चालीसा का नियमित पाठ और भारतीय परंपराओं का अभ्यास बन रहा उदाहरण**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ यदि बच्चों को संस्कार और संस्कृति की सीख भी मिले तो उनके समग्र विकास की नींव मजबूत होती है। इसी उद्देश्य को लेकर श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल ने एक सराहनीय पहल की है, जिसके अंतर्गत विद्यालय में हर सप्ताह मंगलवार और शनिवार को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कराया जाता है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और मूल्यों से जोड़ना है, जिससे वे न केवल पढ़ाई में आगे रहें, बल्कि एक अच्छे इंसान भी बनें।

विद्यालय में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को संस्कार, आचार और व्यवहार की शिक्षा दी जाती है। बच्चों को हाय बाय टाटा के स्थान पर राधे राधे, जय सियाराम बोलना सिखाया जाता है।शिक्षकों द्वारा उन्हें समझाया जाता है कि घर में माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना, सुबह उठकर धरती माता को प्रणाम करना, और माता-पिता के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लेना हमारे संस्कृति की मूल पहचान है। बच्चों को यह भी बताया जाता है कि स्कूल आने से पहले और घर लौटने के बाद माता-पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लेना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मीयता और सम्मान का प्रतीक है।

विद्यालय प्रशासन का मानना है कि बच्चों को बचपन से ही यदि धार्मिक और सांस्कृतिक शिक्षा दी जाए तो वे भविष्य में जिम्मेदार, अनुशासित और नैतिक नागरिक बन सकते हैं। हनुमान चालीसा जैसे धार्मिक पाठ बच्चों के मन में भक्ति, साहस और आत्मबल की भावना उत्पन्न करते हैं, वहीं माता-पिता और गुरुजनों के प्रति श्रद्धा का भाव उन्हें विनम्र



और कृतज्ञ बनाता है। इस प्रयास को न केवल विद्यार्थियों बल्कि अभिभावकों और समाज के प्रबुद्धजनों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह पहल शिक्षा जगत में एक प्रेरणादायी उदाहरण बनती जा रही है, जिससे यह साबित होता है कि यदि विद्यालय चाहे तो पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता और संस्कृति की शिक्षा भी बच्चों को प्रभावी रूप से दी जा सकती है। श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल की यह पहल निश्चित ही सनातन मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की एक सशक्त कड़ी बनती जा रही है।

## गोण्डा में अवैध खनन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई- ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत दो डंपर सीज, एक पर लगाया गया जुर्माना

- **बिना अनुमति चल रहे वाहनों पर प्रशासन का शिकंजा**

**खनन विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस का संयुक्त चेकिंग अभियान**

**नवाबगंज, सरयू घाट और तरबगंज क्षेत्र में चली सघन जांच**

**अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ लगातार जारी रहेगा अभियान- जिलाधिकारी**







स्वतंत्र प्रभात

बृजभूषण तिवारी

**ब्यूरो गोण्डा-** जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन व परिवहन पर सख्ती बरतते हुए शुक्रवार को जनपद में बड़े स्तर पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। खनन विभाग, परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कई अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई गई।जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर खनन अधिकारी अभय रंजन और यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार देर रात विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान अंबेडकर चौराहे से नवाबगंज होते हुए सरयू घाट और तरबगंज, बेलसर तक निरीक्षण किया गया। नंदिनी नगर कॉलेज के सामने मिट्टी ढो रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया, जो बिना किसी वैध अनुमति और दस्तावेजों के परिवहन कर रही थी। वहीं, सरयू घाट चौकी पर बालू लदे एक ट्रक का ऑनलाइन चालान किया गया, जो निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर रहा था।इसी अभियान में दो डम्पर भी पकड़े गए, जो अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन कर रहे थे। इन वाहनों के पास न तो फिटनेस सर्टिफिकेट था, न ही टैक्स भुगतान और न ही प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र। खनन अधिकारी की उपस्थिति में इन डम्परों को सरयू घाट चौकी पर निरुद्ध कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कब्जे में ले लिया गया।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना अनुमति संचालित वाहनों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे सतर्कता बरतते हुए राजस्व की क्षति और पर्यावरणीय नुकसान को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# नफरत की बुनियाद पर खड़ा पाकिस्तान

1947 में जब मजहब की बुनियाद पर भारत का बंटवारा हुआ तो इसके पीछे मुस्लिम लीग के नेता मुहम्मद अली जिन्ना की नामुराद सोच थी कि हिन्दू व मुस्लिम दो अलग-अलग कौमें हैं जो आपस में मिल कर कभी नहीं रह सकती। दूसरी तरफ कांग्रेस व जमीयत उलेमाएं हिन्द ( देवबन्दी ) के नेता थे जो कह रहे थे कि पूरे भारत में रहने वाले सभी हिन्दू-मुस्लिम एक कौमियत के हैं जिनमें भारत की धरती सांझी है। उस समय अंग्रेजों को लग रहा था कि यदि वे जिन्ना की बात मान लेंगे तो भविष्य में पाकिस्तान का उपयोग पूरे पश्चिम एशिया में और सोवियत संघ को काबू में रखने के लिए कर सकेंगे। हालांकि उस समय अंग्रेज सेना के कमांडरों की राय भी इस मुद्दे पर बंटी हुई थी। इसके प्रमाण तत्कालीन समय के बारे में लिखी गई कई पुस्तकों में मिलते हैं जिनमें पाकिस्तानी मूल के स्वीडन में बसे राजनीतिक विज्ञानी प्रोफेसर इश्तियाक अहमद की जिन्ना के बारे में लिखी पुस्तक सबसे प्रमुख है। यह पूरी तरह सत्य व प्रमाणित है कि 1920 तक मुहम्मद अली जिन्ना कांग्रेस पार्टी में थे जो स्वराज या सेल्फ रूल की बात करते थे। परन्तु इस दौरान 1916 में दक्षिण अफ्रीका से लौटे महात्मा गांधी ने कांग्रेस को केवल अंग्रेजों के समक्ष याचिकाएं रखने वाली पार्टी से जनता के साथ जुड़ने वाली पार्टी बनाने का बीड़ा उठाया था। जिससे जिन्ना इत्तेफाक नहीं रखते थे। वह नेताओं के काम में जनता को शामिल किये जाने के सख्त विरोध में थे। यही वजह रही कि आजादी के पूरे आन्दोलन के दौरान मुस्लिम लीग का कोई अदना सा नेता भी कभी एक घंटे के लिए जेल नहीं गया और पाकिस्तान बन गया। जिन्ना के पास उस समय मुस्लिम लीग व कांग्रेस दोनों की सदस्यता थी। जिन्ना उस समय तक हिन्दू-मुस्लिम एकता के अलम्बरदार समझे जाते थे। मगर गांधी जी के कांग्रेस की कमान लेने से वह घबरा गये थे क्योंकि गांधी जी की रणनीति स्वतन्त्रता आन्दोलन को जन मूलक बनाने की थी।

जिन्ना से जब कांग्रेस के एक सम्मेलन में अंग्रेजी के बजाय गुजराती या उर्दू हिन्दी में बोलने के लिए कहा गया तो उन्हें बहुत नागंवार गुजरा। यह कार्य गांधी जी की मंच पर मौजूदगी में ही हुआ। इसके बाद जिन्ना ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और वह मुस्लिम लीग का दामन पकड़े रहे। परन्तु 1930 में इलाहाबाद (प्रयागराज) में जब मुस्लिम लीग का अधिवेशन हुआ तो इसकी सदारत प्रख्यात शाहर अल्लामा इकबाल ने की । उस समय मुस्लिम लीग की हालत यह थी कि इसके इजलास का नियमाचार (कोरम) पूरा करने के लिए भी पर्याप्त मुसलमान नागरिक नहीं थे। तब इलाहाबाद के बाजारों से छांट- छांट कर मुस्लिम दुकानदारों को इस इजलास में बुलवाया गया । इकबाल ने तब पहली बार मांग की कि भारत के पश्चिम इलाके के सूबों में मुस्लिम सरकारें स्थापित करने की मंजूरी अंग्रेज सरकार दे। यह मुसलमानों के लिए प्रथक राज्य स्थापित करने की मांग थी जो कि ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर ही थी। इसका खुलासा खुद इकबाल ने ही अंग्रेज सरकार को एक खत लिख कर किया था। इससे पहले जब चौधरी रहमत अली ने मुसलमानों के लिए अलग से मुल्क पाकिस्तान की मांग की थी तो जिन्ना ने उसका मजाक उड़ाया था और कहा था कि यह सिरफिरों जैसी बात है। मगर 1930 के बाद जब 1936 में अंग्रेजों ने प्रान्तीय एसेम्बलियों के चुनाव कराये तो पंजाब व बंगाल को छोड़ कर सभी राज्यों में कांग्रेस को भारी बहुमत मिला। उत्तर प्रदेश व बिहार के साथ बंगाल में मुस्लिम लीग को आंशिक सफलता मिली। उत्तर प्रदेश में जब चुनावों के बाद कांग्रेस की सरकार बन रही थी तो मुस्लिम लीग के चुने हुए विधायकों को भी इसमें शामिल करने का मसला उठा। तब कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यदि लीग के सदस्य मन्त्री बनना चाहते हैं तो उन्हें अपनी पार्टी छोड़ कर कांग्रेस की सदस्यता लेनी होगी। इन चुनावों की सबसे खास बात यह थी कि पंजाब जैसे मुस्लिम बहुल राज्य में मुस्लिम लीग को सिर्फ दो सीटें मिलीं। यहां पंजाब यूनियनिस्ट पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला। इस पार्टी में उस समय सभी हिन्दू-मुस्लिम व सिख भी शामिल थे। यहां कांग्रेस दूसरे नम्बर की पार्टी रही। उत्तर प्रदेश के घटनाक्रम को जिन्ना ने बहुत गंभीरता से लिया और उन्होंने अंग्रेजों से साफ कह दिया कि अब वह हिन्दू-मुसलमान की साम्प्रदायिक राजनीति ही करेंगे। अतः 23 मार्च 1940 को लाहौर के लीग अधिवेशन में उन्होंने मुसलमानों के लिए प्रथक देश पाकिस्तान बनाने का प्रस्ताव रख दिया।

अब जिन्ना पूरी तरह हिन्दू- मुसलमान की राजनीति पर उतर आये थे। उनकी पीठ पर अंग्रेज सरकार का वरदहस्त था। इसके बाद द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हो गया तो जिन्ना ने मुसलमानों से अंग्रेजों की भारतीय फौज में शामिल होने के लिए कहा और अंग्रेजों को आश्वासन दिया कि वह उनके साथ खड़े रहेंगे। जबकि कांग्रेस ने यह मांग की कि पहले अंग्रेज आश्वासन दें कि युद्ध के चलते वे भारत को खुद मुख्तार मुल्क घोषित करेंगे या आजादी दे देंगे। गांधी जी समेत कांग्रेसी नेताओं का मत था कि एक परतन्त्र देश की जनता उन पर राज करने वालों के हक में कैसे लड़ सकती है। अतः 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन शुरू कर दिया। अंग्रेजों ने पूरे देश से चुन-चुन कर कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। यह समय ऐसा था जब खुले मंचों पर राजनीति



समाप्त हो गई थी। इसका फायदा जिन्ना ने उठाया और अंग्रेजों से आश्वासन चाहा कि युद्ध समाप्त होने पर अंग्रेज पाकिस्तान का निर्माण कर देंगे। इस बारे में अंग्रेजों ने कोई आश्वासन नहीं दिया मगर इंकार भी नहीं किया। इस प्रकार जिन्ना ने कांग्रेस द्वारा खाली की गई राजनीतिक जगह को भरा और पूरे देश में पाकिस्तान निर्माण की मुि?हम को हवा दी। द्वितीय विश्व युद्ध में अंग्रेजों के सारे खजाने खाली हो गये और हद यह हो गई कि उनकी फौज को तनख्वाहें भी अमेरिका के वित्तीय सहयोग से मिलीं। अमेरिका दबाव डालने लगा कि अंग्रेज भारत से बाहर जायें। इस दबाव के पीछे अंग्रेजों की आर्थिक दुबली हालत थी। वरना अग्रेजों की योजना थी कि वे 1973 तक भारत में ही बने रहेंगे। इन परिस्थितियों से जिन्ना ने जमकर फायदा उठाया और पाकिस्तान की मांग को सबसे ऊपर रखा। इस दौरान मुस्लिम लीग ने मुस्लिम बहुल राज्यों समेत सारे देश में मुसलमानों को भड़काना शुरू किया और प्रचार किया कि हिन्दू व मुसलमानों में कुछ भी सांझा नहीं है। उनका धर्म अलग है और संस्कृति अलग है जिन्हें हिन्दू अपना नायक मानते हैं वे मुसलमानों के लिए खलनायक हैं। मुस्लिम तौर -तरीके हिन्दुओं से कहीं मेल नहीं खाते। परन्तु त्रासदी यह है कि इस काम में अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों ने जिन्ना का साथ दिया। तभी 1945 में अंग्रेजों ने प्रान्तीय एसेम्बलियों के पुनः चुनाव कराने का निर्णय लिया और जिन्ना की पार्टी मुस्लिम लीग ने नारा लगाया

**पाकिस्तान का मतलब क्या**
***ला इलाही इल इल्लिहा***

पंजाब और बंगाल में तो मुस्लिम लीग ने हद पार कर दी और मुसलमानों से अपील की कि वे लीग को ही वोट दें। उनका लीग को दिया गया वोट सीधे रसूल-अल्लाह को दिया वोट माना जायेगा और जो कहीं और वोट करेगा उसका नमाजे-जनाजा भी नहीं पढ़ा जायेगा। उनका निकेहनामा भी नहीं पढ़ा जायेगा। वह दीन से अलग समझा जायेगा। इसका परिणाम यह हुआ कि पंजाब में मुस्लिम लीग की सीटों में गुणात्मक वृद्धि हुई जिनकी संख्या 75 थी। वह विधानसभा मे सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी । कांग्रेस को भी यहां अच्छी सीटें मिली मगर सत्तारूढ़ यूनियनिस्ट पार्टी को तीसरे नम्बर पर ही सब्र करना पड़ा। जिन्ना चाहते थे कि पंजाब में उनकी पार्टी के नेतृत्व में सरकार गठित करने के लिए कांग्रेस उन्हें समर्थन दे। मगर ऐसा नहीं हो सका यूनियनिस्ट पार्टी ने ही अन्य दलों के साथ मिल कर सरकार बनाई अब जिन्ना ने ठान लिया कि वह पाकिस्तान बनाने के लिए अंग्रेजों की हर शर्त मानेंगे और नतीजा निकला कि 15 अगस्त 1947 को पाकिस्तान बन गया।

यह इतिहास लिखने का मन्तव्य यही है कि भारत की नई पीढ़ी के लोगों को विभाजन के असली घटनाक्रम की पुख्ता जानकारी मिल सके और उनकी समझ में आ सके कि किस प्रकार अंग्रेजों से मिल कर जिन्ना ने उस मुल्क के साथ गद्दारी की जहां उसके दादा परदाओं की कब्रे हैं । जिन्ना जो खुद उर्दू के दो शब्द नहीं बोल सकता था और रहन-सहन व खान पान में अंग्रेजों जैसा ही था किस अन्दाज से पाकिस्तान ले उड़ा। क्या पाकिस्तान की यह विरासत मौजूदा पाकिस्तान के हुक्मरानों को याद रहेगी? दरअसल पाकिस्तान का निर्माण ही हिन्दू विरोध पर टिका हुआ है। पाकिस्तान भारत का विरोध इसीलिए करता है कि यहां हिन्दू बहुसंख्या में हैं और हिन्दू धर्म दूसरे धर्मों का भी बराबर का आदर करता है। मगर जिस तरह कश्मीर के पहलगाम में पाक आतंकियों ने लोगों का धर्म पूछ -पूछ कर उन्हें मौत के घाट उतारा वैसा ही भारत के बंटवारे के दौरान हुआ था। पाकिस्तान की सबसे बड़ी विरासत यही है कि यह कम से कम दस लाख लोगों की लाशों पर तामीर हुआ मुल्क है। हिन्दुओं से नफरत को पाकिस्तानी हुक्मरान हर हालत में जारी रखना चाहते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि जिस दिन यह घृणा समाप्त हो जायेगी उस दिन उनका वजूद भी मिट जायेगा क्योंकि भारत में इतनी ताकत है कि वह पाकिस्तान को नेस्तनाबूद कर सके। हकीकत तो यह है कि जिन्ना के हिन्दू -मुस्लिम देशों के विमर्श को 1971 में खुद उसके ही हिस्से पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने कब्र में गाड़ दिया था और खुद को बंगलादेश कहा था। मगर अफसोस पाकिस्तान का यह इतिहास पाकिस्तानियों को ही नहीं पढ़ाया जाता।

# पूरा भारत मोदी के साथ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम पयर्टन स्थल पर पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा कहर ढहाये जाने के बाद भारत की मोदी सरकार ने जो कूटनीतिक अस्त्र चला है उसे पूरे देश का समर्थन प्राप्त है और भारत के लोग चाहते हैं कि ऐसे बर्बर व नृशंस हत्याकांड को अंजाम देने वालों के विरुद्ध सैनिक मोर्चे पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। मगर मोदी सरकार ने जिस तरह कूटनीतिक मोर्चे पर पाकिस्तान के साथ 1960 में हुई सिन्धु नदी जल बंटवारे के समझौते को मुल्तवी किया है उससे सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का पता चलता है। मोदी सरकार ने सीधे पाकिस्तान के विरुद्ध कठोर कदम उठाकर सिद्ध कर दिया है कि यह 2008 न होकर 2025 हैं और सरकार पाक आतंकवादियों के काले चिट्ठे खोलने के बजाय सीधे कार्रवाई में यकीन रखती है। सिन्धु जल समझौता 1960 में हुआ था जिसे तब से लेकर अब तक पहली बार मुल्तवी किया गया है। हालांकि इस दौरान भारत पाक से चार युद्ध लड़ चुका है। इनमें पहला युद्ध कश्मीर के मुद्दे पर ही आजादी मिलने के तुरन्त बाद 1947-48 में लड़ा गया था।

इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि विगत 22 अप्रैल को पहलगाम में जिस तरह आतंकवादियों ने निरीह पर्यटकों की हत्या की वह एक सोची-समझी साजिश थी। ऐसे संजीदा मसले पर भारत की आन्तरिक राजनीति प्रभावित नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह कार्य पाक की सीमा पार से आये आतंकवादियों द्वारा किया गया है। समय की मांग है कि भारत की सभी विपक्षी पार्टियां सरकार के साथ एकजुटता दिखाते हुए उसे जवाबी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करें और उसके साथ खड़े नजर आयें। मोदी सरकार ने पाकिस्तान के साथ अपने कूटनीतिक सम्बन्धों को पूरी तरह नहीं तोड़ा है मगर पाकिस्तान स्थित उच्चायोग की क्षमता को आधा कर दिया है और उच्चायोग के सैनिक सलाहकारों को बेनंग-ओ-नाम घोषित कर दिया है और इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग की क्षमता इसी अनुपात में घटा दी है। जाहिर है कि मोदी सरकार सीधी कार्रवाई करने के पक्ष में दिखाई पड़ती है। संकट की इस घड़ी में पूरे भारत को एक-ि?तहाई देना चाहिए। मासूम पर्यटकों की हत्या करके आतंकवादियों ने भारत के साम्प्रदायिक सौहार्द को भी बिगाड़ने की साजिश रची है। आतंकवादियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोलियां मारी हैं और हत्या करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया है कि वे मुसलमान तो नहीं हैं। मगर इस्लाम भी निरीह लोगों की हत्या करने की इजाजत नहीं देता है। गोली मारने से पूर्व जिस तरह आतंकवादियों ने पर्यटकों से इस्लामी कलमा पढ़ने को कहा उससे यह कार्रवाई इस्लामी जेहादियों की पक्के तौर पर लगती है। अतः हर भारतवासी का कर्त्तव्य है कि वह धर्म की बुनियाद पर आपस में अपने भाईचारे को न बिगड़ने दें क्योंकि पाकिस्तान 1989 के बाद से भारत को हजार जख्म देने की नीति पर चल रहा है। इस नाजायज मुल्क के हुक्मरान चाहते हैं कि भारत भीतर से कमजोर हो जाये क्योंकि सैनिक मोर्चे पर वह भारत की जांबाज सेना का मुकाबला नहीं कर सकता। इस सिलसिले में पाक के फौजी जनरल मुनीर का विगत 16 अप्रैल का वह वक्तव्य ध्यान देने वाला है जिसमें उसने कहा था कि हिन्दू व मुस्लिम ऐसी दो कौमें हैं जिनमें आपस में कुछ भी सांझा नहीं है। दरअसल यह भारत के बंटवारे से पहले मुस्लिम लीग का ही बयानिया है जिसमें यह कहा जाता था कि भारत में रहने वाले मुसलमानों की कौमियत अलग है। हिन्दुओं से न तो उनके रीति-रिवाज मिलते हैं और न ही खान-पान से लेकर राष्ट्र नायक। मुहम्मद अली



जिन्ना की हिन्दू-मुस्लिम दो राष्ट्रीयताओं की वकालत करते हुए जनरल इस हद तक पहुंच गये कि वह पाकिस्तान की नई पीढ़ियों को भी हिन्दुओं से घृणा करने का पाठ पढ़ाने लगे। मगर पाकिस्तान की बुनियाद ही जिन्ना ने नफरत और हिंसा पर डाली थी अतः यहां का जनरल यदि हिन्दुओं से दुश्मनी करने का सबक पढ़ाता है तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए लेकिन हम भारत हैं जिसका सबूत यह है कि पीड़ित पर्यटकों की मदद करते हुए एक कश्मीरी मुसलमान नागरिक भी पहलगाम में शहीद हो गया। इससे यह पता चलता है कि 76 साल पहले बने पाकिस्तान का वजूद केवल हिन्दुओं से नफरत करने की बुनियाद पर टिका हुआ है। इसलिए पाकिस्तान से भारत कभी सदचलन होने की अपेक्षा नहीं कर सकता जिसकी वजह से उसे सबक सिखाया जाना जरूरी है। हालांकि 2019 में भारत ने उसके घर में ही घुसकर ही उसे बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक करके मारा था जब उसने पुलवामा में भारत के चालीस जवानों की जघन्य हत्या की थी। मगर पाकिस्तान को भारत ने 1971 में दो फाड़ कर दिया था और नया राष्ट्र बंगलादेश बनाया था। इसमें भारत की फौजों ने जो कमाल दिखाया था उससे पूरी दुनिया दांतों तले अंगुली दबा कर बैठने को मजबूर हो गई थी। पाकिस्तान ने इसके बाद 1989 में जनरल जिया उल हक के नेतृत्व में जो भारत को हजार जख्म देने की नीति बनाई उसके बाद ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैला और 2008 नवम्बर में पाक आतंकवादियों ने मुम्बई में 166 नागरिकों की हत्या की। उसके बाद विगत 22 अप्रैल को हुई ऐसी दूसरी घटना है जिसमें 26 भोलेभाले शहरियों को निशाना बनाया गया इसके खिलाफ पूरे जम्मू-कश्मीर के लोगों ने कड़ा ऐतराज दर्ज कराते हुए एक दिन का बन्द भी रखा। पहलगाम की घटना से साफ है कि पाकिस्तान कश्मीर के लोगों के ही खिलाफ है क्योंकि पर्यटकों की हत्या करने से सबसे ज्यादा नुकसान कश्मीरियों का ही हुआ है। राज्य का सबसे बड़ा उद्योग पर्यटन गतिविधियां ही हैं जो कि 2019 के बाद से लगातार बढ़?रही थी और राज्य सरकार को अच्छा राजस्व प्राप्त हो रहा था और कश्मीरियों की रोजी-रोटी चल रही थी।

22 अप्रैल की घटना के बाद पर्यटकों ने कश्मीर खाली करना शुरू कर दिया है। मोदी सरकार ने भी अहद कर लिया है कि वह आतंकवादियों को किसी भी स्तर पर नहीं छोड़ेगी और ईट का जवाब पत्थर से देगी फिलहाल उसने कूटनीतिक अस्त्र ही चल कर साफ कर दिया है कि वह डोजियर नहीं भेजेगी बल्कि आतंकवाद समाप्त करने के लिए जमीन पर भी कार्रवाई करेगी। पूरा भारत इस संकट की घड़ी में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के साथ है।

# संपादकीय


## आतंक के विरुद्ध एकता का शंखनाद, श्रीनगर से उठती उम्मीद की लौ



कभी-कभी एक घटना केवल घटना नहीं होती वह एक राष्ट्र के हृदय में धंसी पीड़ा होती है, जो शब्दों से परे जाकर आत्मा को झकझोर देती है। पहलगाम में हुआ यह आतंकी हमला महज एक हादसा नहीं था, यह भारत की सहिष्णुता, उसकी अखंडता और उसकी एकता पर एक कायराना चोट थी। यह एक ऐसे समय में हुआ, जब देश अपने भीतर के संघर्षों और वैश्विक चुनौतियों से दो-चार हो रहा है और इसी उथल-पुथल के बीच एक बार फिर आतंक ने अपनी ज़हरीली साँसें फैलाई, कुछ मासूमों की जान ली, और पूरे देश को रुला दिया। लेकिन हर अंधकार के बीच कहीं न कहीं आशा की एक लौ भी जलती है और इस बार वह लौ श्रीनगर में दिखाई दी। राहुल गांधी जब पहलगाम हमले के पीड़ितों से मिलने पहुँचे, तो वह केवल नेता नहीं थे — वह एक संवेदनशील भारतीय थे, जो सियासत से परे जाकर उन चेहरों की आँखों में झाँकने आए थे, जिनकी दुनिया अचानक खून से रंग दी गई थी। उनका वहाँ होना एक बयान से कहीं बढ़कर था वह उपस्थिति, जो घायल मनों को यह भरोसा दे रही थी कि तुम अकेले नहीं हो, पूरा भारत तुम्हारे साथ खड़ा है। राहुल गांधी का कहना, मैं यहां यह जानने आया हूं कि क्या हो रहा है और मदद करने आया हूं एक औपचारिक संवाद नहीं था, यह उन घावों पर मरहम रखने का प्रयास था, जो केवल सत्ताई बयानबाज़ी से नहीं भरते, बल्कि साथ खड़े होने से, हाथ थामने से और सच्चे इंसानी रिश्तों से भरते हैं। वह पीड़ितों के पास केवल इसीलिए नहीं थे कि उन्हें देखा जाए। वह इसलिए वहाँ थे ताकि उन्हें सुना जाए, समझा जाए और उनके साथ खड़ा हुआ जाए। उन्होंने साफ़ कहा कि यह हमला भारत को तोड़ने की साज़िश है, भाई को भाई से लड़ाने की कोशिश है और यह सत्य भी है। आतंकवादियों का सबसे बड़ा हथियार सिर्फ़ बंदूक नहीं, बल्कि वह नफ़रत है जो हमारे भीतर पनपाई जाती है एक-दूसरे पर शक, एक-दूसरे से दूरी, एक-दूसरे के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह। लेकिन इस देश की आत्मा में जो गहराई है, वह इन तमाम विभाजनों से ऊपर उठती रही है। हमने सदियों तक आक्रांताओं को देखा, लेकिन हमने हार नहीं मानी; हमने अनेक युद्ध देखे, लेकिन टूटे नहीं हमने विभाजन भी झेला, लेकिन फिर भी एकजुट रहना सीखा। यह वक्त फिर से उसी एकजुटता की माँग करता है। जब राहुल गांधी ने यह कहा कि सरकार के साथ विपक्ष भी इस लड़ाई में पूरी तरह साथ है, तब उन्होंने यह नहीं कहा कि हम बहस करेंगे। उन्होंने कहा कि हम साथ चलेंगे। यह साथ वही शक्ति है जो एक लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूँजी होती है। राजनीति में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन जब देश की अखंडता पर आघात होता है, तब हर मतभेद बौना हो जाता है और केवल एक चीज़ बचती है राष्ट्रहित। यह भी उतना ही ज़रूरी है कि हम अपने भीतर झाँकें और देखें कि कहीं हम भी तो आतंक के एजेंडे को अनजाने में पूरा नहीं कर रहे? जब कश्मीरियों पर हमला होता है, जब शक की निगाह से कोई मुसलमान देखा जाता है, जब उत्तर या दक्षिण, पूरब या पश्चिम के नागरिकों को अन्य कहा जाता है तब आतंकवाद हँसता है, क्योंकि वह जानता है कि उसके बिना गोली चलाए ही हम खुद अपने ही देशवासियों से लड़ने लगते हैं। और इसी ज़हर को रोकना हमारी सबसे बड़ी जवाबदेही है। जो लोग कश्मीरियों पर हमला कर रहे हैं, वे भी उसी कट्टरता की भाषा बोल रहे हैं जिसे हम हराना चाहते हैं। राहुल गांधी की मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल से मुलाक़ात, उनकी शांति की अपील, उनका समर्थन यह सब एक संदेश हैं कि भारत की राजनीति अब इस दिशा में बढ़ रही है जहाँ सत्ता की नहीं, सेवा की बात होगी। वह यह दर्शाते हैं कि देश को जोड़ना सिर्फ़ भाषणों से नहीं होता, ज़मीन पर उतर कर आंसुओं में सहभागी बनने से होता है।आज भारत के हर कोने से एक आवाज़ उठनी चाहिए। वह आवाज़ जो बताये कि हम डरे नहीं हैं, हम झुके नहीं हैं, और हम कभी हार मानने वाले नहीं हैं। आतंक को जवाब सिर्फ़ सेना नहीं देती, वह जवाब हर वो नागरिक देता है जो नफ़रत को नहीं अपनाता, जो भाईचारे को चुनता है, और जो कहता है तू चाहे जितना बांट ले, मैं फिर भी सबको अपना ही मानूंगा। हमारा भारत एक मंदिर भी है, एक मस्जिद भी यह गुरुद्वारा भी है, गिरिजाघर भी। यह कविता भी है, क्रांति भी। यह आँसू भी है, आग भी। और जब इसकी आत्मा को कोई ठेस पहुँचती है, तो यह शांत नहीं बैठता, यह समूचा उठ खड़ा होता है। पहलगाम की धरती से उठी यह आवाज़ अब पूरे देश में गूंजनी चाहिए। ताकि हर आतंकी, हर कट्टरपंथी, हर विभाजनकारी ताकत यह समझ ले कि भारत नफ़रत से नहीं डरता, भारत की जड़ें प्रेम में हैं, सह-अस्तित्व में हैं, और यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। आज जरूरत है कि हम हर तरफ़, हर गली, हर गाँव और हर दिल में एक ही बात कहें हम टूटेंगे नहीं। हम बिखरेंगे नहीं। हम डरेंगे नहीं। हम लड़ेंगे लेकिन नफ़रत से नहीं, प्रेम से। हम जवाब देंगे, लेकिन हिंसा से नहीं, एकता से।क्योंकि यही भारत है और यही उसकी आत्मा की सबसे बुलंद आवाज़ है।

**हंसराज चौरसिया**

# एक बार फिर जंग के मुहाने पर भारत



भारत एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर है। ये युद्ध किसी सीमा विवाद की वजह से नहीं बल्कि उस आतंकवाद के खिलाफ होने की अटकलें हैं जो पाकिस्तान से बाबस्ता है। कश्मीर घाटी के पहलगाम में 26 लोगों की दिन-दहाड़े नृशंस हत्या की वारदात ने भारत को जबरन युद्धोन्मुख किया है। आसमान में लड़ाकू विमानों की भाग-दौड़ साफ़ दिखाई देने लगी है। हमारे लड़ाकू विमान भी गरज रहे हैं और देश के नेता भी। अब देखना है कि दोनों के सुर कब एक होते हैं और बमों की बरसात कब शुरू होती है। भारत कृषि प्रधान देश है, युद्ध प्रधान नही। भारत ने अपनी आजादी से लेकर अब तक जितनी भी जंग लड़ी हैं उनमें शायद एक भी युद्ध ऐसा नहीं है जो भारत ने अपनी तरफ से लड़ा हो। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर आज के प्रधानमंत्री प्रातः स्मरणीय श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी युद्ध के पक्ष में नहीं हैं। सबको पता है कि जंग से कुछ हासिल नहीं होता। जंग से सिर्फ और सिर्फ बर्बादी होती है। हर जंग में मनुष्यता कराहती है,निर्दोष लोग मारे जाते हैं। फिर भी यदि जंग के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं होता तो भारत जंग से पीछे नहीं हटता। आगे भी शायद ऐसा ही हो। मोदी जी ने तो यूक्रेन और रूस की जंग समाप्त करने कि लिए काफी भाग-दौड़ की थी। बात कोई चार दशक पुरानी है ,शायद 1984 की ग्वालियर के कैंसर अस्पताल परिसर में माननीय अटलबिहारी की अध्यक्षता में एक कवि सम्मेलन हो रहा था । उस कवि सम्मेलन में मै भी एक नवोदित कवि के रूप में मौजूद था । उस कवि सम्मेलन में अटल जी ने अपनी चर्चित कविता 'हम जंग न होने देंगे ' पढ़ी थी । वे जुंग में थे लेकिन कविता आत्मा से पढ़ रहे थे। उनकी कविता के कुछ अंश आप देखिये - हम जंग न होने देंगे विश्व शांति के हम साधक है, जंग न होने देंगे कभी न खेतों मे फ़िर खुनी खाद फलेगीं, खलिहानों मे नहीं मौत कि फसल खिलेगी आसमान फ़िर कभी न अंगारे उगलेगा, एटम मे नागासाकी फ़िर नहि जलेगी, युद्धविहीन विश्व का सपना भंग न होने देंगे। जंग न होने देंगे। हथियारों के ढ़ेरो पर जिनका है डेरा, मुँह में शांति, बगल मे बम, धोके का फ़ेरा कफ़न बेचने वालों से कह दो चिल्लाकर दुनियां जान गई है उनका असली चेहरा कामयाब हो उनकी चालें, वह ढ़ंग न होने देंगे। जंग न होने देंगे। हमें चाहिए शांति, ज़िन्दगी हमको प्यारी हमें चाहिए शांति, सृजन कि है तैयारी हमने छेड़ी जंग भूख स आगे आकर हाथ बँटाए दूनियां सारी। हरी - भरी धरती को खुनी रंग न लेने देन्गो। जंग न होने देंगे भारत - पाकिस्तान पडोसी, साथ - साथ रहना है, प्यार करे या वार करे, दोनो को हि सहना है, तीन बार लड़ चुके लड़ाई, कितने महंगा सौंदा, रुसी बम हो या अमरीकी, खून एक बहना है। जो हम पर गुजरी बच्चो के संग न होने देंगे। जंग न होने देंगे। अटल जी को इसके बावजूद जंग का समाना करना पड़ा । उनके शांति प्रयासों को तत्कालीन पाकिस्तानी प्रशासन ने धता बता दिया था। अटल जी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में पाकिस्तान से जंग हुई और जीती भी गयी। अटल जी से पहले प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,श्रीमती इंदिरा गाँधी और पंडित अटल बिहारी बाजपेयी ने भी जंग लड़ी। जंग में पाकिस्तान टूटा और बांग्लादेश बना। 'जंग में हार-जीत होती रहती है किन्तु देश विकास की दौड़ में पिछड़ जाता है। दरअसल जंग किसी भी लोकतान्त्रिक सरकार का हथियार नहीं होती। जंग तानाशाही प्रवृत्ति के नेतृत्व का अमोध अस्त्र होता है। मोदी सरकार की नाकामियों और पाकिस्तान की हठधर्मी भावी जंग की आधारशिला हैं। जंग के मामले में हम संघ और भाजपा के प्रबल विरोधी होते हुए कविवर पंडित अटल बिहारिके प्रशंसक हैं। अटल जी कवि थे या नहीं ये अलग बात है किन्तु वे बेहतरीन तुकबंद थे और उनका मन कविमन था। लेकिन जब सर पर आगयी तो उनकी सरकार ने भी युद्ध लड़ा, क्योंकि युद्ध भारत पर थोपा गया था। इस बार भी युद्ध थोपा जा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी अटल जी की तर्ज पर पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने के लिए कोशिश की थी, लेकिन उनकी कोशिशें परवान नहीं चढ़ सकीं। वे अटल जी जैसे कवि हृदय नेता नहीं हैं। उनकी भाषा और कार्य पद्यति अटल जी से भिन्न है। अब उनके सामने भी कोई विकल्प नहीं है जंग का। यदि उन्होंने जंग न लड़ी तो वे राजनीतिक जंग हार जायेंगे। क्योंकि उन्होंने मुसलमानों के खिलाफ देश में ही नहीं बल्कि ,दुनिया में भी एक अघोषित ध्रुवीकरण करने की कोशिश की है। कोई माने या न माने किन्तु इस समय देश में सरकार के तमाम फैसलों की वजह से मुस्लिम विरोधी वातावरण है। इस वातावरण को तैयार करने में भाजपा और सत्ता प्रतिष्ठान ने बहुत मेहनत की है। इससे देश की समरसता यानि धर्मनिरपेक्षता खतरे में है लेकिन सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है। सरकार की इसी लापरवाही का नतीजा है कि देश में पुलवामा के बाद पहलगाम हो गया। खैर जो हुआ सो हुआ। अब आगे भी जो हो वो ठीक ही हो। इस समय मोदी जी की किस्मत है कि आतंकवाद के खिलाफ फन्हें विश्व व्यापी समर्थन मिल रहा है। अटल जी के साथ ऐसा नहीं था। जंग कि लिए पहले देश को तैयार किया जाये फिर फौज को । फ़ौज तो हमेशा तैयार रहती ही है ,लेकिन जनता नही। जंग के दौरान देश में सब एकजुट हों ,कोई फिरकापरस्ती न हो ,कोई अनबन न हो। कोई हिन्दू-मुसलमान न हो। कालाबाजारी न हो। अच्छी बात ये है की पहलगाम हत्याकांड के बाद देश का मुसलमान भी आतकवाद के खिलाफ सड़कों पर हैं।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गोला थाने पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन





**13 आवेदन आये जिसमे चार का हुआ निस्तारण**

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला थाना परिसर में शनिवार को शासन के रोस्टर अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार गोला रमाकांत चौहान व प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस पर फरियादियों की भारी भीड़ बनी रही। समाधान दिवस पर बैठे अधिकारियों से फरियादियों ने अपनी अपनी पीड़ा को बताया। अधिकारियों ने समाधान कराने का भरपूर प्रयास किया।समाधान दिवस पर पुलिस व राजस्व से सम्बंधित मामले आये। इस समाधान दिवस पर अप्रत्याशित धूप व गर्मी होने के वावजूद फरियादियों की संख्या बढ़ गयी।कुल 13 आवेदन आये। जिसमे मात्र चार का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक लालजी शर्मा विजय बहादुर यादव अशोक गुप्ता अवधेश लाल अजय कुमार उमेश कुमार उपेंद्र कुमार आलोक कुमार परमहंस आशीष तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### लम्बे संघर्ष के बाद बहु प्रतिक्षित माँग पूरी होने का मार्ग खुला

**बरहज, देवरिया।** लम्बे संघर्ष के बाद बरहज नगर की बहु प्रतिक्षित माँग अब पूरी होने के कगार पर आ चुकी है। उक्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र को रेलवे विभाग से जारी कराने में विशेष सहयोग कमलेश पासवान केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भारत सरकार, रेल मंत्री सहित पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के डीआरएम विनीत कुमार श्रीवास्तव का रहा। नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की अध्यक्ष स्वेता जायसवाल ने बताया कि नगर पालिका परिषद गौरा-बरहज तथा क्षेत्र के निवासियों के लिए आज का दिन शुभ साबित हुआ है। ज्ञातव्य है कि पिछले दो वर्षो से सभी नगरवासी रेलवे तिराहे से बरहज रेलवे स्टेशन होते हुये बाईपास तक अत्यंत जीर्ण-शीर्ण हो चुके सड़क के जीर्णोद्धार तथा जल निकासी हेतु नये नाले के निर्माण के साथ सड़क पर समुचित विद्युत् व्यवस्था के निमित्त रेलवे प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु पत्राचार किया गया था।जिसके क्रम में डी आर एम वाराणसी मंडल द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने की सूचना मिल गयी है जो कि सभी नगर वासियों के लिए हर्ष का विषय है। इस पर बहुत जल्द कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

### दबंगों ने पशुओं से चराया खड़ी फसल, दिया फर्जी केश में फँसाने की धमकी



**सोनभद्र/** उत्तर प्रदेश कोन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पीपरखाड़ अन्तर्गत सत् गड़िया में सतीश पुत्र देवराज के द्वारा लगभग 8 बीघे में गेहूं, सरसों का खेती किया गया था जिसे दबंग लखराज चेरो पुत्र दशई चेरो आदि निवासी ग्राम पंचायत पीपरखाड़ टोला सतगडिया, थाना - कोन, तह - ओबरा, जिला - सोनभद्र के द्वारा खड़ी फसल को पशुओं से चरा दिया गया। जिसके संबंध में पूर्व से जमीन कब्जा को लेकर स्थानीय थाना से लेकर उप जिलाधिकारी ओबरा को आवेदन दिया जा चुका है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ओबरा ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर दिया गया है और अभी जाँच प्रक्रिया प्रचलित है। इसी क्रम में बतातें चलें कि उक्त ब्यक्ति मारपीट व फर्जी केश करने धौंस दिखाकर बार बार जमीन कब्जा किया जा रहा है और बार बार फसल को पशुओं से चरा दिया जा रहा है । और वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा फर्जी एसी एस टी केश व अन्य संगीन धाराओं में फँसाने की बार बार धमकी दी जा रही है।जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता ने पुलिस हेल्प लाईन नम्बर 112 व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया और साथ ही थाना प्रभारी कोन को लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बावत थाना प्रभारी कोन गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिली है जाँच कर अवश्य कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क दुर्घटना ओवरटेक के प्रयास में हाईवा ने एम्बुलेंस को रौंदा, गर्भवती महिला समेत चार की दर्दनाक मौत, दो गंभीर

स्वतंत्र प्रभात

**मिर्ज़ापुर/सोनभद्र।** शनिवार को लगभग 11:30 बजे अहरौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर हनुमान पहाड़ी के नीचे ग्राम सभा छातो त्रिमुहानी के पास एक हृदयविदारक सड़क हादसा हुआ। सोनभद्र की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने एक एम्बुलेंस को ओवरटेक करने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया और पलटकर सीधे एम्बुलेंस के ऊपर जा गिरा। इस भीषण दुर्घटना में एम्बुलेंस में सवार चार लोगों की तत्काल ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी पीड़ितों को अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद चार लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया।

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरी एम्बुलेंस हाईवा ट्रक के नीचे दब गई थी। बचाव कर्मियों को एम्बुलेंस को काटकर शवों को बाहर निकालना पड़ा। इस दौरान घटनास्थल और आसपास के पूरे रास्ते पर गिट्टी बिखर गई, जिससे यातायात बाधित हो गया।दुर्घटना के बाद हाईवा ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। रास्ते से गुजर रहे अन्य लोगों ने तुरंत पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर रास्ता साफ करवाया और यातायात को बहाल किया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि घायलों का इलाज वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।इस दर्दनाक हादसे में एम्बुलेंस में सवार गर्भवती महिला हीरावती देवी, जिनकी उम्र 25 वर्ष थी और वह कनहरा थाना ओबरा सोनभद्र



की निवासी थीं, उनके पति कौशल खरवार (उम्र 27 वर्ष), जो कनहरा थाना ओबरा सोनभद्र के ही रहने वाले थे, मालती देवी (उम्र 25 वर्ष), जो जुगल कोठी थाना जुगैल सोनभद्र की निवासी थीं, और एम्बुलेंस चालक का सहायक रामू, जिनकी पहचान अज्ञात है, की मौके पर ही मौत हो गई।घायल हुए लोगों में कौशल कुमार खरवार उर्फ भाईलाल, जो कनहरा थाना ओबरा सोनभद्र के निवासी हैं, और एम्बुलेंस चालक भंडारी शर्मा, जो संतनगर गुरमा थाना रॉबर्ट्सगंज के रहने वाले हैं, शामिल हैं। उनका इलाज वर्तमान में ट्रॉमा सेंटर वाराणसी में जारी है और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।यह भीषण सड़क हादसा ओवरटेक करने की जल्दबाजी और लापरवाही का एक और दुखद परिणाम है। इस घटना ने एक बार फिर राजमार्गों पर सुरक्षा नियमों के पालन और भारी वाहनों के चालकों की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे खतरनाक मोड़ों पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और ओवरटेकिंग पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की जानलेवा दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है और मामले की गहन जांच में जुट गई है। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# गोरखपुर रोड़ हादसे में छात्रा की दर्दनाक मौत, अनियन्त्रित ट्रेक्टर ने रौंदा

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** जनपद के गुलरिया थाना क्षेत्र डुमरी नम्बर दो में शनिवार की दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने गाँव की होनहार छात्रा प्रतिमा गौतम (16 वर्ष) की जिंदगी छीन ली। ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाली प्रतिमा स्कूल से साइकिल पर घर लौट रही थी, तभी एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रतिमा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना ने पूरे गाँव को शोक में डुबो दिया।प्रतिमा, गाँव के निवासी रामनरेश गौतम की इकलौती पुत्री थी। अपनी पढ़ाई के प्रति लगन और सौम्य स्वभाव के कारण वह गाँव में सभी की प्रिय थी। वह डॉक्टर बनकर गाँव के गरीबों की सेवा करना चाहती थी। उसकी असमय मृत्यु ने न केवल उसके परिवार, बल्कि पूरे समुदाय को गहरे सदमे में डाल दिया। गाँव की हर गली में मातम छाया है, और हर आँख नम है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक ने



लापरवाही से वाहन चलाया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया, और आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। इस हादसे ने सड़क सुरक्षा के प्रति प्रशासन की लापरवाही को फिर उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन और सड़कों पर गति नियंत्रण की माँग की है। प्रतिमा की मृत्यु ने गाँव को एक गहरा घाव दिया है, जिसे भरने में लंबा समय लगेगा।

# कांग्रेस का संविधान बचाओ रैली का बस्ती में आयोजन 28 को

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार द्वारा भारत के संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं समाजीक तथा आर्थिक न्याय के आदर्शो पर सुनोयोजित ढंग से किये जा रहे हमलों के विरोध में आगामी 28 अप्रेल को अटल प्रेक्षागृह का मैदान झंडा वाला चौराहा बस्ती में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। देवरिया जनपद से हजारों की संख्या में कांग्रेसी जायेंगे। उक्त बातें टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस जनों की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रौशन'ने कहा। कि देश में लगातार संविधान और संविधान द्वारा गठित संस्थानों पर हमलें हो रहें है, लेकिन संविधान की रक्षा के प्रति कांग्रेस प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि संविधान में भारत के नागरिकों को अधिकार दिए गए है, उनके अधिकारों को छिनने का प्रयास सत्ताधारी दल द्वारा किया जा रहा है। इस समय देश शोकाकुल में डुबा हुआ है और प्रधानमंत्री बिहार में गलबहियां करते हुए चुनावी सभा कर रहे है। पूर्व अध्यक्ष राधवेंद्र सिंह , रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, धर्मेंद्र पाण्डेय, राजकुमार जायसवाल, संजीव कुमार मिश्रा, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, मिर्जा खुर्शीद,शहनाज जफर, नागेंद्र शुक्ला, विजय शंकर मिश्र, ऋषि केश मिश्रा, रामप्रवेश सिंह, मनोज मणि,जुलेखा खातून, निर्मला वर्मा, रत्नेश मल्ल पिंटू, आलोक त्रिपाठी, सुनील द्विवेदी, चंदू वर्मा, अशोक कुशवाहा, उपेंद्र प्रसाद, रजनीश प्रसाद, प्रेम लाल भारती, मार्कण्डेय मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे।

### महिला आयोग सदस्य गीता विश्वकर्मा 1 मई को करेंगी जनसुनवाई, संस्थानों का होगा निरीक्षण




**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा आगामी 1 मई, 2025 को जनपद सोनभद्र का दौरा करेंगी। इस दौरान वे सर्किट हाउस चुर्क राबर्ट्सगंज में महिला जनसुनवाई करेंगी। प्रभारी अधिकारी प्रो. जनपद सोनभद्र ने बताया कि आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा 1 मई को सोनभद्र में रहेंगी। पूर्वाह्न 11:00 बजे सर्किट हाउस राबर्ट्सगंज चुर्क में उनकी अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त, श्रीमती विश्वकर्मा जनपद में अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र और महिला बंदीगृह का भी निरीक्षण करेंगी।

# गोरखपुर- ए पी गुप्ता इंटर कॉलेज के सितारों ने मचाया धमाल, हाईस्कूल-इंटर में लहराया परचम!

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** कस्बा संग्रामपुर का ए पी गुप्ता इंटर कॉलेज एक बार फिर सुर्खियों में है! 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में विद्यालय के होनहारों ने ऐसा कमाल किया कि पूरे क्षेत्र में तारीफों के पुल बंध रहे हैं। इन नन्हे सितारों ने न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।

**हाईस्कूल में चमके सितारे**

हाईस्कूल परीक्षा में अंशीका साहनी और अर्पित मिश्रा ने 600 में से 543 अंक लाकर सबको चौंका दिया। इनके ठीक पीछे अनुष्का यादव (540 अंक) ने अपनी चमक बिखेरी। कृष्णा मौर्या (532), दीपांशु यादव (524), आलोक प्रभात रंजन (519) और अमन यादव (517) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलोनी पाल (509), अनुष्का सिंह (505), साक्षी शुक्ला (505), मानवी यादव (504) और नंदिनी (498) ने अपनी मेहनत से सबका दिल जीत लिया।



**इंटरमीडिएट में भी नहीं रहा कोई पीछे**

इंटरमीडिएट में शिवम् वर्मा ने 500 में से 431 अंक हासिल कर टॉप किया, जबकि प्रिया पांडेय (429) और गौरव मौर्या (422) ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्वेता प्रजापति (407), पूजा यादव (405), ज्योति साहनी (398), प्रज्ञा साहनी (395), मुस्कान निषाद (389), प्रिया कुमारी (383) और अंकित मध्देशिया (380) ने भी शानदार अंकों के साथ विद्यालय का नाम रौशन किया।खुशी से झूमा विद्यालय

**गूंजी तालियों की गड़गड़ाहट**

इन शानदार नतीजों पर विद्यालय के



प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता और प्रधानाचार्य ने छात्रों की जमकर तारीफ की। शिक्षकों ने भी अपने इन नन्हे सितारों को गले लगाकर उनकी मेहनत को सलाम किया। पूरे संग्रामपुर में इस ऐतिहासिक सफलता की चर्चा है। लोग कह रहे हैं, "ए पी गुप्ता के बच्चे तो कमाल ही कर देते हैं!"मेहनत का जादू, सपनों की उड़ान यह कामयाबी सिर्फ अंकों की कहानी नहीं, बल्कि मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का जीता-जागता सबूत है। इन बच्चों ने साबित कर दिखाया कि अगर ठान लो, तो आसमान भी छू सकते हो! बधाई हो, ए पी गुप्ता इंटर कॉलेज के सितारों, तुमने सचमुच गोरखपुर का नाम रौशन कर दिया!

# शिक्षक मांगों के समर्थन में होगा 1 मई को होगा जोरदार प्रदर्शन

**● बैतालपुर इकाई की बैठक में बनी रणनीति**

स्वतंत्र प्रभात

**बैतालपुर, देवरिया।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बैतालपुर की एक आवश्यक कार्यकारिणी बैठक बीआरसी बैतालपुर परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की तथा संचालन मंत्री जयप्रकाश मणि त्रिपाठी ने किया। बैठक में आगामी 1 मई को प्रदेश भर में आयोजित शिक्षक धरना-प्रदर्शन को लेकर रणनीति तैयार की गई। यह प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों की वर्षो से लंबित मांगों के समाधान हेतु आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक धरना दिया जाएगा, तत्पश्चात शांतिपूर्ण रैली के माध्यम से जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि शिक्षक समाज की मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं और संघ इनके समर्थन में पूरी शक्ति से



संघर्ष करेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश चौबे ने कहा कि बैतालपुर ब्लॉक के शिक्षक अपने बैनर तले पूरी एकजुटता के साथ जिला मुख्यालय पर आयोजित रैली में भाग लेंगे और सरकार तक अपनी आवाज़ मजबूती से पहुंचाएंगे। ब्लॉक मंत्री जयप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा, संघ ने हमेशा शिक्षकों के हितों के लिए निर्णायक सफलताएं हासिल की हैं। हमें विश्वास है कि संगठनात्मक एकता से सभी मांगें पूरी करवाई जाएंगी। उन्होंने सोशल मीडिया और जनजागरण अभियानों के माध्यम से सभी शिक्षकों से संपर्क कर बैतालपुर ब्लॉक से 100% उपस्थिति का आह्वान किया। संघ की संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यकांत पांडेय ने कहा कि जब तक शिक्षकों की जायज़ मांगों पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

बैठक में शिक्षक प्रतिनिधि विशाल यादव, त्रिलोकी यादव, शिवानंद तिवारी, संदीप शेखर सिंह, जयप्रकाश आजाद, दिलीप गौड़, लाल साहब, योगेंद्र चौरसिया, अरुण यादव, केडी पांडेय, कीर्ति देव पांडे, मिथिलेश सिंह, संगीता गुप्ता, नीरज कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिंह, हरेंद्र पाल, सुषमा सिंह, रागिनी सिंह, अनमोल मणि त्रिपाठी, अभिषेक गुप्ता, नितेश श्रीवास्तव अशोक चौरसिया सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर उनकी दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की गई।

### बैतालपुर चीनी मिल चलाने को लेकर किसानों का धरना 151वें दिन जारी

**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर में चलाया जा रहा धरना आज 151 वें दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए मुकेश कुमार बैरागी ने कहा मुख्यमंत्री ने बैतालपुर चीनी मिल को चलाने के लिए देवरिया जिले में चार-चार बार घोषणा की और आंदोलन के नवे वर्ष भी किसानों की मांग और मुख्यमंत्री की घोषणा दोनों पूरी नहीं हो सकी जिससे किसानों में आक्रोश है । धरने पर समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, विकास दुबे, राम प्रकाश सिंह, संजीव शुक्ला, शिवराम यादव रत्नेश मिश्रा, रमेश लाल भाटिया, हेमंत कुमार, मुनीलाल, राम इकबाल चौहान, विवेक कुमार गुप्ता, मंजू चौहान, पवन कुमार, पन्नीलाल चौहान, राजू चौहान, विजय शंकर कर्मयोगी, इत्यादि लोग मौजूद थे ।

# खजुहा चौराहे पर फिर लगने लगा बदइंतजामी का बेतुका जाम

**● -ट्रकों के लिए जारी हो नो एंट्री की समय-सीमा**

स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया-** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा के रुद्रपुर से जाने के बाद एक बार फिर पूरा नगर क्षेत्र जाम के आगोश में डूब कर दम तोड़ रहा है। नगर के व्यस्ततम खजुवा चौराहे पर एक बार फिर बद इंतजामी का बेतुका जाम लगने लगा है। जिसमें फैंसी जनता असहाय है और पुलिस तमाशबीन बनी हुई है। एक तो खजुवा चौराहा खुद में संकरा है तो दूसरी तरफ ठेले वालों ने कोढ़ में खाज का काम किया है। सबसे ज्यादा दिक्कत खजुहा चौराहे से होकर गुजरने वाले भारी बहनों ट्रक व ट्रेलरों के चलते हो रही है। दिनभर ट्रेलरों की आवाजाही से खजुवा चौराहे पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी हुई है ।जिसके लिए न तो नगर पंचायत प्रशासन और ना ही पुलिस प्रशासन कोई प्रोजेक्ट बना रहा है। नगर क्षेत्र के निवासियों व खजुवा चौराहा पर स्थित दुकानदारों आदि का कहना है कि चौराहे से होकर गुजरने वाले ट्रैकों और ट्रेलरों के लिए नो एंट्री की समय सीमा निर्धारित की जाए। इन भारी वाहनों को दिन में 10 बजे के बाद और स्कूलों की छुट्टी होने से पहले आवागमन की अनुमति दी जाए। ठीक इसी प्रकार सायं काल रात के 9 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक आवागमन की अनुमति दी जाए तो खजवा चौराहे पर जाम के झाम से काफी हद तक निजात मिल सकता है। इसके अलावा चौराहे पर अतिक्रमण किये लोगों से सख्ती से निपटा जाए और ठेले वालों को चौराहे से दूर स्थान दिया जाए। नै एंट्री के सन्दर्भ में बात करने के लिए प्रयास किया गया किन्तु कोतवाली प्रभारी का सीयूजी नंबर बंद मिला।

### जिलाधिकारी ने ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट गोदाम कक्ष का सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से लिये जायजा, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**सोनभद्र ।** उत्तर प्रदेश -जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किये। इस दौरान गोदाम की सुरक्षा के साथ ही आवश्यक व्यवस्था का जायजा लिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा मासिक व त्रैमासिक निरीक्षण किया जाता है, जिसकी रिपोर्ट भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाता है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में लगे सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से बारी-बारी से ई0वी0एम0 व पी0पी0 पैट के कक्षों की स्थिति का जायजा लिया गया और सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा बलों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दियें। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोदाम परिसर के आस-पास के झाड़ियों का कटान कराने के साथ ही साफ-सफाई भी करा ली जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, निर्वाचन कार्यालय के नरेन्दर मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक सवार खाई में गिरे, दो घायल



**● -दोनों घायलों का हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया**

स्वतंत्र प्रभात

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला बेलभार के सामने नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर शनिवार की दोपहर तेज रफ्तार बाईक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क से बीस फीट नीचे गहरी खाई में जा गिरे जिससे बाईक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को 112 की गाड़ी से सीएचसी रतनपुर भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनी निवासी हरीश पुत्र शेरे (20) अपने दोस्त गांव निवासी पप्पू पुत्र पीर मोहम्मद (22) को लेकर बाईक से किसी काम से परसामलिक के तरफ जा रहे थे। थाना क्षेत्र के नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के बेलभार गांव के सामने स्थित मोड़ पर तेज रफ्तार की वजह से बाईक सवार अनियंत्रित होकर बीस फीट गहरी खाई में जा गिरी। जिससे बाईक सवार दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। थोड़ी ही देर में वहां राहगीरों व आस-पास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीआरवी की गाड़ी से दोनों घायलों को सीएचसी रतनपुर भेजवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में बाईक सवार दोनों युवक को इलाज के लिए सीएचसी रतनपुर भेजा गया है।

# रेणुकूट टीम सदस्य के लिए मसीहा बना कार्यकर्ता, 62वीं बार रक्तदान कर बचाई जान

**साथी के लिए मसीहा बनी टीम, 8 यूनिट रक्तदान कर बचाई अनमोल जान**

स्वतंत्र प्रभात

**रेणुकूट, सोनभद्र।** रेणुकूट के एक समर्पित कार्यकर्ता और उनकी टीम ने अपने एक अभिन्न सदस्य पर आई घोर विपत्ति में जिस असाधारण तत्परता और गहरी मानवीयता का प्रदर्शन किया, वह निःसंदेह प्रेरणादायक है। जैसे ही टीम को यह हृदयविदारक सूचना मिली कि उनके प्रिय साथी अरविन्द चौहान एक भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए हैं और वाराणसी के ट्रामा सेंटर में जीवन और मृत्यु के मध्य संघर्ष कर रहे हैं, उन्होंने तुरंत उनकी सहायता के लिए हर संभव प्रयास शुरू कर दिया। अरविन्द की अत्यंत नाजुक अवस्था, विशेषकर उनका तेज़ी से खतरनाक स्तर तक गिरता रक्तचाप (महज 6 पॉइंट्स) जानकर टीम के एक सदस्य का हृदय करुणा से भर उठा। बिना किसी विलंब के, वे वाराणसी के लिए रवाना हो गए। ट्रामा सेंटर पहुंचकर, उन्होंने तत्काल ज़रूरतमंद अरविन्द चौहान को 4 यूनिट बहुमूल्य रक्त



दान किया। उनकी इस त्वरित और निस्वार्थ पहल ने अरविन्द के लिए जीवन की एक नई किरण जगाई।इस नेक कार्य में इस संवेदनशील कार्यकर्ता को उनकी टीम के अन्य सदस्यों - मंटू सिंह पटेल, प्रशांत सिंह किसन, प्रदुमन गुप्ता और विजय प्रताप सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह का भी अमूल्य सहयोग मिला। इन सभी निस्वार्थ साथियों ने मिलकर अरविन्द के लिए कुल 4 यूनिट रक्त दान किया। उनकी इस सामूहिक और त्वरित प्रतिक्रिया ने अरविन्द को निश्चित रूप से एक नया जीवन प्रदान किया है।इस असाधारण मानवीय कार्य के साथ ही, इस समर्पित कार्यकर्ता ने अपने जीवन में 62वीं बार रक्तदान करने का एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया। यह उनकी नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो यह प्रमाणित करता है कि वे और उनकी पूरी टीम दूसरों के जीवन को बचाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर उनके मुख से निकले ÷जय हिन्द÷ के ओजपूर्ण नारे ने उनकी गहरी मानवीय संवेदना के साथ-साथ उनकी अटूट देशभक्ति की भावना को भी सशक्त रूप से व्यक्त किया।यह मार्मिक घटना न केवल टीम के सदस्यों के बीच अटूट एकता, गहरा स्नेह और अद्वितीय समर्पण की भावना को उजागर करती है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणास्रोत भी है। यह स्पष्ट रूप से स्थापित करती है कि कठिन समय में एक-दूसरे का साथ देना और निस्वार्थ भाव से सहायता करना ही सच्ची मानवता है, और ऐसे ही कर्म समाज को अटूट बंधन में बांधकर रखते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हिंदु युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष के साथ कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध प्रदर्शन किया



**बरेली**/हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष सर्वेश सिंह द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मासूम पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा कायरता पूर्वक किए गए हमले की निंदा की गई इतना ही नहीं हिन्दू बाहिनी के जिला अध्यक्ष सर्वेश सिंह के साथ प्रदर्शन कर भारत माता की प्रतिमा के समीप पाकिस्तान का झंडा फूंका गया। इस मौके पर शिवांश तोमर शुभम सिंह दीपक चौहान विजय चौहान इंद्रजीत सिंह रिंकू सक्सेना विनय चंद्र आदि मुख्य कार्य करता थे इन सभी ने पाक का झंडा पहुंचने के बाद आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मल हत्या की निंदा की गई और देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति से मांग की गई इस घटना का बदला चक्रवर्ती ब्याज सहित लिया जाए ताकि ऐसी हरकत करने वालों के रूप आप जाएं और वह भविष्य में ऐसी पुर्नवृत्ति करने का किसी के साथ साहस भी न जुटा सके।

### गन्ने की सिंचाई कर रहे युवक की कुएं में डूब कर मृत्यु लेखपाल परेशान

**बरेली**/क्यों लड़ियां थाना क्षेत्र के गांव डंडियां सफदर अली के श्री पाल पुत्र गेंदालाल की गन्ने की सिंचाई करते समय 25 मार्च 2025 को कुएं में डूब जाने से मृत्यु हो गई थी पुलिस द्वारा श्रीपाल के सब का पोस्टमार्टम कराया गया उसमें भी डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। इसके तहत क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा पीड़ित को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु मृतक के परिवार वालों से कई बार तहसील या जिले स्तर पर आवेदन करने के लिए कहा गया है लेकिन कई बार जाने के बाद भी किसी परिवार वाले ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन नहीं किया गया है लेखपाल रणजीत सिंह ने बताया वह पीड़ित के परिजनों से कई बार मिलने के बाद भी उन्होंने आवेदन नहीं किया है। ना ही कोई अभिलेख उपलब्ध करा रहे हैं बताया गया मृतक की पत्नी का आरोप है कि उसके पति की हत्या की गई है परंतु क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा शासन से दिए जाने वाली आर्थिक सहायता के लिए वह परिवार के सदस्य की तरफ से आवेदन करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का संपूर्ण लाभ श्रीपाल के परिजनों को मिल सके परंतु अभी तक उन्हें कोई भी अभिलेख प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण विलंब हो रहा है।

### थाना तिलहर पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद



**शाहजहाँपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद में चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्रीमती भंवरे दीक्षा अरुण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं ज्योति यादव क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन तथा राकेश कुमार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिलहर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम अपराध, बरामदगी अवैध शराब, शस्त्र, मादक पदार्थ एंव चोरी, लूट, डकैती, गौ तस्कर, जिला बदर व वांछित/वारण्टी अपराधी की गिरफ्तारी के क्रम मे प्र0नि0 राकेश कुमार द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न पुलिस टीमें गठित की गई तथा गठित पुलिस टीम द्वारा मुखविर खास की सूचना पर अभियुक्त इन्द्रजीत पुत्र स्व0 हरनाम सिंह निवासी ब्लाक नं0 77 मकान नं0 1218 काशीराम कालोनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर को एक तमंचा 315 बोर व 02 कारतूस जिंदा 315 बोर के साथ माधव गोपाल के फार्म हाउस की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 190/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है।

### क्षेत्र में बाघ से लोगो में दहशत

**मैलानी** क्षेत्र में उस समय दहशत का माहौल बन गया जब चाँदपुर जाने वाली रोड से कुछ ही दूरी पर एक बाघ दिखाई दिया उधर से जा रहे एक राहगीर ने देखा बाघ को देखा और लोगो को बताया देखते ही देखते जहा बाघ था वहां पर लगभग 150 लोगो की भीड़ जमा हो गयी मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाघ ने कोई जानवर मार दिया पर सूचना मिलने पर थोड़ी देर बाद खुटार वन रेंज के रेंजर और वन विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुँच गए और उनका कहना है कि बाघ ने कोई शिकार नही किया काफी संख्या में लोगो को देखकर भी बाघ जाने के मूड में नही था उसके बाद लोगो ने शोर-शराबा शुरू किया फिर जाकर बाघ जंगल मे भाग गया लोगो मे बाघ की बहुत दहशत है लोगो ने बताया कि इस बाघ को जंगल मे बहुत दिनों से देखा जा रहा है लेकिन वन विभाग की तरफ से कोई उचित कार्यवाही नही हुई लोगो ने वन विभाग से इस समस्या का समाधान करने की मांग की। वन रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने लोगो को आश्वस्त किया कि आप की समस्या का समाधान जल्दी हो जाएगा इसकी सूचना ऊपर के अधिकारियों को दे दी गयी है।

# प्रधान व सचिव की मिली भगत से मानक विपरीत इंटरलॉकिंग निर्माण के आरोप

**● स्टीमेट में प्रथम श्रेणी ईट व रोड़ा होने के बावजूद पीला ईट का प्रयोग एवं घटिया सामग्री लगाकर बॉक्सिंग बनवाए जाने का मामला**



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड बेहजम की भारी भरकम ग्राम पंचायत पिपरी कला का है। जहां पर कराए जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में व्यापक स्तर पर धाधली किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। सूत्र बताते हैं। की इंटरलॉकिंग कार्य में पीला ईट और बालू के साथ नाम मात्र की घटिया किस्म की सीमेंट का प्रयोग करके बॉक्सिंग का निर्माण कराया जा रहा है। इतना ही नहीं इंटरलॉकिंग के अंदर पढ़ने वाला रोडा भी पीला ईट का तथा पीला ईट का बुरादा डालकर निम्न गुणवत्ता वाली इंटरलॉकिंग ईट बिछवाकर सरकारी धनराशि की लूट का खेल खेला जा रहा है। जबकि स्टीमेट में ईट प्रथम श्रेणी और रोडा भी अव्वल ईट का होना दर्शित है। इस प्रकार इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में जमकर रेशियो को तोड़कर मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यदि सूत्रों की जुबानी सत्य माने तो इंटरलॉकिंग ईट अल्प गुणवत्ता वाली लगाई गई है। सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त इंटरलॉकिंग ईट एक ग्राम पंचायत अधिकारी की फर्म से क्रय की गई है। उक्त ग्राम पंचायत अधिकारी पर घटिया किस्म की ईट बनवाकर दर्जनों ग्राम पंचायत सहित स्वयं के चार्ज में होने वाली ग्राम पंचायत में सप्लाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त ग्राम पंचायत अधिकारी की कथित फर्म में निर्मित इंटरलॉकिंग ईट में अंदर राबिस भरकर ऊपर से सीमेंट घोल चढ़ाकर सप्लाई किए जाने के आरोप इसी व्यवसाय से जुड़े जानकार लोगों द्वारा लगाया जा रहे हैं। वही मानकों की दुहाई देने वाले जिम्मेदार इस ओर जानकर अनजान बने हुए बैठे हैं। पिपरीकला में लाखों रुपए की लागत से बनवाई जा रही इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें हर स्तर पर मानकों की अनदेखी की जा रही है। चाहे बॉक्सिंग निर्माण हो या इंटरलॉकिंग में नीचे पढ़ने वाले रोडा का हो सब में मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कराया जा रहा है। जो मानकों के साथ खिलवाड़ और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। तथा सरकारी धन का दुरुपयोग है। उक्त मामले को लेकर पंचायत सचिव से लेकर खंड विकास अधिकारी समेत तमाम ब्लॉक स्त्रीय जिम्मेदार लापरवार बने नजर आते हैं। जिसमें कराए जा रहे विकास कार्यों की मानीटरिंग सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। जिसके चलते ग्राम पंचायत में शासन की मनसा अनुरूप गुणवत्ता युक्त कार्य होते दिखाई नहीं पड़ रहा है। और इसकी निगरानी को नियुक्त सब लोग सब कुछ जानने के बाद भी अंजान बने हुए हैं। जैसे कुछ भी उन्हें पता ही नहीं है। बहरहाल देखना अब यह है। कि मामले पर जिम्मेदारों द्वारा रुख अपनाया जाता है। मामले की होगी वही पुराने ढर्रे वाली जांच और कार्यवाही या फिर कभी खड़ी न होने वाली जांच बैठा कर ली जाएगी कर्तव्यों की इतश्री यह समय ही बताएगा क्या कहते हैं।

**जिम्मेदार उपरोक्त मामले पर खंड विकास अधिकारी बेहजम नीरज दुबे ने बताया**

ग्राम पंचायत अधिकारी पिपरीकला ने बताया हमारे यहां मानक अनुसार कार्य कराया जा रहा है। कहीं कोई भ्रष्टाचार जनित कार्य नहीं किया जा रहा है। भ्रष्टाचार पत्रकार आप लोग कर रहे हैं। और पैसा मांगने का आरोप लगाकर धमकाने का प्रयास करते दिखे।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर वायुसेना का अभ्यास

**26 अप्रैल से 5 मई तक जलालाबाद सेक्शन में नो फ्लाइंग जोन**
**थाना प्रभारियों को क्षेत्र में गश्त और निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।**



**शाहजहांपुर-** जलालाबाद क्षेत्र में स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पर भारतीय वायुसेना आपातकालीन लैंडिंग का अभ्यास करेगी। यह अभ्यास 26 अप्रैल से 5 मई 2025 तक चलेगा। इस दौरान वायुसेना के विमान दिन-रात उड़ान भरेंगे। और वहीं सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने जलालाबाद सेक्शन और उसके 5 किलोमीटर के दायरे को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। यह क्षेत्र ग्राम चमरपुर कलां, पीरू, दियुरा, भदोखर, खूटा और नगला तालुका खण्डहर को कवर करता है। इस अवधि में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और माइक्रोलाइट विमानों की उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। और वहीं थाना प्रभारियों को क्षेत्र में गश्त और निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।और वही बताया कि वायुसीमा उल्लंघन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय जनता और संस्थानों को इस आदेश की जानकारी दी जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।और बही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आदेश सख्ती से लागू किया जाएगा। जिससे वायुसेना के अभ्यास को सुरक्षित माहौल मिल सकेगा।

## बाघ के हमले से घायल किसान के घर पहुंच कर ब्लॉक प्रमुख ने हाल-चाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया

स्वतंत्र प्रभात



**बरेली/क्योलडिया!** थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर अब्दुल रहमान में बीती 18 अप्रैल को अरविंद कुमार पुत्र सुखलाल अपने गन्ने के खेत में पानी लगा रहा था तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था आज ब्लॉक प्रमुख रविशंकर गंगवार घायल अरविंद कुमार के घर पहुंचे और उनकी मां सत्यवती से मिलकर हाल-चाल जाना एवं विश्वास दिलाया कि प्रदेश की सरकार एवं वन विभाग तुम्हारे साथ खड़ा है। जिससे तुम्हें हर संभव मदद दिलाई जाएगी साथ ही बिहारीपुर अब्दुल रहमान में वन विभाग द्वारा बाच टावर एवं कैमरे लगाए गए हैं एवं गांव में ही पिंजरा सुरक्षित रखा गया है वन विभाग की टीम लगतार निगरानी कर रही है और प्रयास कर रहे हैं अगर कहीं पर भी बाघ या उसकी कोई और प्रजाति है तो उसे पकड़ा जा सके जिससे भविष्य में किसी तरह की क्षेत्र में कोई जनहानि ना हो इस दौरान वन क्षेत्रा अधिकारी संतोष कुमार एवं इंस्पेक्टर और वन दरोंगा के साथ ही भदपुरा मंडल अध्यक्ष खेमकरण लाल, ग्राम प्रधान दीनानाथ, समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख कार्यक्रम किया

स्वतंत्र प्रभात



**बरेली**/देश बा प्रदेश कि भाजपा सरकार के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज ब्लॉक भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए का कई ग्राम पंचायत में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया वहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख का जोरदार स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख ने भी देश व प्रदेश की सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जाने को लेकर ग्रामीणों को जानकारियां दें इस कार्यक्रम के तहत सरकार का गांव चलो अभियान जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प पूरा करने के लिए रवि शंकर गंगवार ने आज अब्दला सिठौरा बिहारीपुर अब्दुल रहमान बड़ागांव आदि ग्राम पंचायत में गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों के बीच जाकर सरकार की दी गई सुविधाओं से अवगत कराया। साथ ही लाभार्थियों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और भविष्य में भी सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया इनके साथ भाजपा के मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार एवं पार्टी के अनेकों कार्य करता उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर महिला कल्याण विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए, महिला कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्रिश्चियन गर्ल्स हाई स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक अमृता दीक्षित ने बच्चों को बताया कि 18 वर्ष से कम आयु में लड़की या लड़के की शादी करना बाल विवाह कहलाता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना सहित महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी छात्राओं को दी गई। साथ ही पात्र बालिकाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अल्पना सिंह, शिक्षिकाएं मीनाक्षी सक्सेना, वंदना, डोली, इल्मा खान, अमरीन, कुमुद, खुशी और फलक सहित लगभग 120 छात्राएं व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाल विवाह रोकने की शपथ ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## ओवरहेड टैंक भरने बाला मोटर जल जाने से 5-6 दिनों बाद होगी जलापूर्ति व्यवस्था सामान्य

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर पालिका परिसर में ओवरहेड टैंक भरने के लिए लगा मोटर हाई बोल्टेज आने के कारण जल चुका है और साथ ही नगर पालिका कार्यालय के ओवरहेड टैंक में पानी चढ़ाने वाली मेन लाइन के वाल्व बहुत पुराने होने के कारण वाल्व में लीकेज आ गया है, जिससे ओवरहेड टैंक में पर्याप्त मात्रा में पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है।मालूम होकी नगर पालिका द्वारा मोटर व पाइपलाइन वाल्व के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण नगर पालिका स्तिथ ओवरहेड टैंक से सम्बंधित क्षेत्र मुन्नुगंज व पश्चिमी दिक्षिताना , ऊंची एवं नीची भूड़ में अगले 5 से 6 दिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक एवं शाम को 6 से 8 बजे तक पानी उपलब्ध हो पाएगा। असुविधा के लिए खेद है, पानी का उपयोग समझदारी से करें, हम जल्द से जल्द समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं, जल्दी ही मरम्मत कार्य पूरा कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी !बाकी अन्य सभी वार्डों में मिनी पम्पों से जल आपूर्ति होती रहेगी।

## पहलगाम आतंकी हमले पर परशुराम पुरी में फूटा गुस्सा, आतंकवाद का फूंका पुतला

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर।** जलालाबादशुरामपुरी नगर के रेणुका चौक सरैया मोड़ पर एकत्रहोकर बजरंग सेना के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारे बाजी की और आतंकवाद का कड़ा विरोध करते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन, जिला अध्यक्ष ने बताया कि बजरंग सेवा प्रमुख के आवाहन पर हम लोगों ने आज जलालाबाद के रेणुका चौक पर एकत्र होकर पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद का कड़ा विरोध करते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया है,जलालाबाद के परशुराम पुरी कस्बे के रेणुका चौक पर आज शनिवार को बजरंग सेना के कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में आतंकी हमले का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला जलाया। और कहा पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा 27 हिंदू पर्यटकों की हत्या की गई थी। आतंकियों ने पहले पर्यटकों की पहचान की और फिर उन्हें मार डाला। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री से पाकिस्तान और आतंकवाद को समाप्त करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए।और उन्होंने मारे गए नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जैसे भारतीय पर्यटकों की हत्या की गई, वैसे ही आतंकियों को भी समाप्त किया जाए। पुतला दहन करने के दौरान जिला अध्यक्ष भुवनेश कुमार दीक्षित, राजा गुप्ता, राघवेंद्र शर्मा, विवेक गुप्ता, आरुष गुप्ता, आर्यन यादव, मोनू सक्सेना, कार्तिक मिश्रा, वीरेश कश्यप, आनंद गुप्ता,आनंद मिश्रा,वीरेंद्र मिश्रा, अंकित गुप्ता, प्रशांत वर्मा, विशाल सिंह,शगुन सक्सेना, अमित यादव, रामवीर कुशवाह, आलोक पाठक, रवि कुमार, राम नरेश यादव, सत्येंद्र प्रजापति, राहुल गुप्ता, विवेक गुप्ता,जयेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, विनायक शर्मा, अमन सक्सैना, सुमित यादव, पुलकित दीक्षित, अजय वीरपाल, अशोक पाठक, नितिन वर्मा, गोपाल गुप्ता, श्यामवीर कुशवाहा,शंकर गुप्ता, कुन्नू गुप्ता, राजेश मिश्रा, मदनने कश्यप, अनुज मिश्रा, योगेंद्र वर्मा, तनुज मिश्रा, अवनीश वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, अमित यादव, अजय चतुर्वेदी, संतोष दिक्षित, अमन गुर्जर, अंशु गुर्जर, वैभव गुप्ता, सत्येंद्र प्रजापति, सहित आज तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम ने फिर चेताया, जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब देंगे

**● सीएम ने पहलगाम में हुए कायराना हमले की निंदा की**

**मुख्यमंत्री ने नाव पर बैठकर देखा शारदा नदी के चैनलाइजेशन का कार्य, 10 जून तक कार्य पूरा करने का निर्देश**

**बाढ़ नियंत्रण की सकारात्मक पहल के लिए बिजुआ व पलिया ब्लॉक के किसानों ने मंच पर पहुंचकर मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

**400 गांव, ढाई लाख आबादी, 10 हजार हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव में मिलेगी मददः मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, यह जनता के टैक्स का पैसा है, इसका सदुपयोग ही होगाः योगी**

**सीएम ने किया किसानों को आश्वस्त खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी**

**सीएम ने किसानों से की भूसा बैंक बनाने की अपील की**

**सीएम ने नाव पर बैठकर देखा शारदा नदी के चैनलाइजेशन का कार्य**

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले शारदा नदी के चैनलाइजेशन के बारे में जानकारी ली। फिर यहां से नाव पर सवार हुए और नदी में जाकर वहां के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों व आवश्यक निर्देश भी दिए।



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी,** 26 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हुए यूपीवासियों की ओर से संवेदना व श्रद्धांजलि व्यक्त की। सीएम ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद-अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। भारत सरकार का सेवा, सुरक्षा, व सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 'जिस भाषा में समझेगा, उस भाषा में जवाब देने के लिए' नया भारत तैयार है। नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को पीएम मोदी के नेतृत्व में छोड़ेगा भी नहीं। जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत ही यूपी को माफिया, अराजकता, दंगा मुक्त किया और यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान, आवास व ट्रैक्टर की चाबी आदि प्रदान की। बाढ़ नियंत्रण की सकारात्मक पहल के लिए बिजुआ व पलिया ब्लॉक के किसानों ने मंच पर आकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

**यूपी आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश-** मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश है। यहां विश्व स्तरीय हाइवे, एक्सप्रेसवे का संजाल, रेलवे का बेहतरीन नेटवर्क, देश की पहली इनलैंड वाटर व रैपिड रेल चलती है। यहां के सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। बाढ़ हो या बीमारी की समस्या का स्थायी समाधान, नए भारत का नया उप्र इसके समाधान के लिए बखूबी आगे बढ़ा है।

**किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी-** सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष पलिया व निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते हुए देखा था, तब मैंने कहा था कि चिंता न कीजिए, इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलशक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को चैनलाइज करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी। सात किमी. लंबा चैनल बनाने का कार्य हो रहा है। सीएम ने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में आना था, लेकिन मैंने कहा कि पहले काम शुरू करो। अब यह कार्य तेजी से बढ़ रहा है।

**मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, यह जनता के टैक्स का पैसा है-** सीएम योगी ने कहा कि सरकार जो पैसा खर्च करती है, वह मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, बल्कि यह जनता के टैक्स का पैसा है। इसका सदुपयोग होना चाहिए। पहले प्रस्ताव आया था कि 180 करोड़ से तटबंध बनाया जाए। इससे किसानों की जमीन भी जाएगी। मैंने पूछा कि शारदा नदी में तीन-सवा तीन लाख क्यूसेक पानी आएगा तो मिट्टी का कीजिए, ड्रेजर मंगाइए और नदी को एक साथ चलने का रास्ता दीजिए, तब बाढ़ की तटबंध कैसे इसे रोक पाएगा। यह समस्या का समाधान नहीं है, नदी को चैनलाइज समस्या का समाधान होगा।

**10 जून तक पूरा करें कार्य-** मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि 180 करोड़ का काम मात्र 22 करोड में हो सकता है तो इस कार्य को 10 जून तक पूरा कर दीजिए। मानसून आएगा तो पानी पलिया, निघासन या लखीमपुर खीरी की तरफ नहीं जाएगा, बल्कि सरयू जी में मिलकर आगे बढ़ जाएगा। यदि इसे चैनलाइज कर देंगे तो पानी बिखरेगा नहीं, अपने रास्ते तय करते हुए आगे बढ़ जाएगा, जिससे किसान भी सुरक्षित रहेगा और उसकी खेती, घर, फसल, पशुधन भी सुरक्षित रहेगा। बाढ़ से जन-धन की हानि नहीं होगी।

**विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा लखीमपुर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। अब यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी हो गया, जबकि सात वर्ष पहले यह सपना था। दुधवा नेशनल पार्क के माध्यम से पर्यटन की संभावना भी बढ़ेगी। लखीमपुर खीरी में एयरपोर्ट हो, इसके लिए पैसा भी दिया है। एयरपोर्ट सुहेली नदी व अन्य जलप्लावन से बचे, इसका भी निरीक्षण करेंगे।

**अन्नदाता किसान, युवा व आधी आबादी डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में** मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान, युवा व आधी आबादी डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। सरकार ने किसानों के कर्ज माफी से कार्यों की शुरुआत की थी। हर किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दी जा रही है। हमने पहले दिन से ही कहा था कि किसी को भी किसानों के शोषण की इजाजत नहीं देंगे। 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य बकाया रहता था, आज एक वर्ष पुराना भुगतान किसी का नहीं होगा। 122 में से 105 चीनी मिलें एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर रही हैं। शेष 17 मिलों में लेटलतीफी का समाधान निकाल रहे हैं। पैसा किसी का डूबेगा नहीं, क्योंकि चीनी मिल का कब्जा सरकार के पास है। अभी हमने एस्क्रो अकाउंट खोला है, यह ज्वाइंट एकाउंट होगा। जो भी चीनी बिकेगी, उसका पैसा पहले किसान के पास जाएगा, फिर चीनी मिल मालिक के पास। यदि किसी ने इसके बाद भी बदमाशी की कि चीनी मिल की नीलामी करके पहले किसानों को पैसा देंगे।

**सबकी सुरक्षा के लिए कार्य कर रहा शासन-** सीएम ने कहा कि बिना नाम लिए सपा को घेरा, बोले कि विकास, महिला, युवा, किसान विरोधी लोगों को जब शासन का अवसर मिला था तो यह लोग किसानों को आत्महत्या, युवाओं को पलायन पर मजबूर करते थे और पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर बेटी, बहन व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। आज शासन सबकी सुरक्षा के लिए मजबूती से कार्य कर रहा है। कांग्रेस व सपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है। यह छत्रपति शिवाजी, राणा सांगा का अपमान व क्रूर औरंगजेब-बाबर का महिमामंडन करते हैं। दो वर्ष पहले जब लौहपुरुष की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम चल रहा था, तब सपा मुखिया जिन्ना का महिमामंडन बदल दिया गया, यह लोग अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर करने जा रहे थे। हमारी सरकार ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज फिर से बाबा साहब के नाम पर किया।

**400 गांव, ढाई लाख आबादी, 10 हजार हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव में मिलेगी मदद-** मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सुरक्षा, सेवा, स्वावलंबन व गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रही है। शारदा नदी जैसे ही चैनलाइज होगी तो 400 गांव, ढाई लाख आबादी, 10 हजार हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव में मदद मिलेगी। यहां के जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए सरकार की मदद की है। मुख्यमंत्री ने 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम की बधाई दी। सीएम ने गोला गोकर्णनाथ में कॉरिडोर व दुधवा के विकास का भी जिक्र किया। बोले लखनऊ में जब तापमान 46 होगा तो दुधवा में 38 डिग्री तापमान होगा। पर्यटकों के आने से रोजगार की संभावना बढेगी।

**सीएम की किसानों से अपील- भूसा बैंक बनाइए-** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार आया था तो खेतों में गेहूं व गन्ना की फसल थी। अब किसानों ने समय पर उसे समेट लिया है। सीएम ने अपील की कि फसल कट गई है तो आग न लगाइए, बल्कि भूसा बैंक बनाइए, गोमाता का आशीर्वाद बना रहेगा। भूसा में हरा चारा और चोकर मिलाकर खिलाएंगे तो गोवंश के दूध से आप व आपके बच्चे मजबूत होंगे। इससे दुश्मन के दांत खट्टा करने के लिए सीमाओं की रक्षा करने में सफल हो जाएंगे।इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और विधायक रोमी साहनी ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक हरविंदर कुमार उर्फ रोमी साहनी, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरि, लोकेंद्र प्रताप सिंह, योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, शशांक वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, कमिश्नर रोशन जैकब, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल आदि मौजूद रहीं।

**सीएम के हाथों मिला सम्मान-** सीएम योगी ने भोलेराम, बालचंद्र, पृथ्वी लाल को ट्रैक्टर व मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी सनेव, मीना देवी, नीतू, कुसुमा, रीमा को चाबी दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 358 समूहों को रिवाल्विंग फंड तथा 882 समूहों को सीआईएफ का डेमो चेक (14 करोड़, 30 लाख, 40 हजार) दिया गया। यह चेक सुनीता देवी, रेनु, अर्चना, शबाना, रंजू देवी ने प्राप्त किया। सीएम युवा उ?द्यमी विकास अभियान के लाभार्थी अहिल्या राणा, वैशाली दिवाकर, हिमांशु जायसवाल, विनीत कुमार पटेल और रचित अग्रवाल को सीएम ने चेक प्रदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना अध्यक्ष सुरियावा की देखरेख में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस



**भदोही/** सुरियावा 62 अप्रैल 2025 शनिवार को शान द्वारा चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद के सुरियावा कोतवाली परिसर मे थाना अध्यक्ष सुरियावा अजीत कुमार श्रीवास्तवके द्वारा थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गई इस मौके पर 11 मामले आए जिसमें 10 मामले राजस्व से संबंधित वह1 मामले पुलिस विभाग से संबंधित थे जिसमें दो मामलों का निस्तारण कर दिया गया अन्य मामलों के समाधान के लिए पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को निस्तारण के लिए गठित कर भेजा गया इस मौके पर थाना अध्यक्ष सुरियावा अजीत कुमार श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक सुरेश चौरसिया अशोक कुमार दुबे हल्का लेखपाल मनोज कुमार एवं फरियादी मौजूद रहे ।

### पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि



**चुनार, मिर्जापुर।** लोवर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार मैं शुक्रवार की शाम जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन रखा गया। इस दौरान शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बिनु दीदी, तारा दीदी, चन तारा दीदी, सुनीता दीदी, देविका दीदी, पंकज भाई, जगदीश भाई मेजर कृपा शंकर सिंह, आदित्य गुप्ता पदयात्री, सभासद संगीता सिंह, पूर्व सांसद ज्योति प्रकाश सिंह, आइसीआइसीआइ बैंक शाखा प्रबंधक पीयूष मिश्रा, अफसर अली अनिल मिश्रा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित हुई श्रीराम दरबार मूर्ति



**रामचरित मानस अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन**

**चुनार, मिर्जापुर ।** स्थानीय रेलवे परिसर में नव निर्मित श्री संकट मोचन मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ श्रीराम दरबार की मूर्ति शुक्रवार को स्थापित हुई। पांच दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन सुबह से ही पूर्ण विधि विधान से पूजा पाठ शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। पुरोहित पंडित शिवाकांत पाठक,अश्वनी मिश्रा, गोली पांडे ,मयंक दुबे, प्रिंस वशिष्ठ द्वारा विधिपूर्वक पूजा सम्पन्न कराया गया । यजमान के रूप में शतीश दुबे, योगेंद्र पाल सिंह ,महेंद्र मोदनवाल ,संतोष मोदनवाल ,श्रवण मोदनवाल सपत्नीक उपस्थित रहे। शनिवार को रामचरित मानस अखंड रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सभासद किशन मोदनवाल,जगदीश गुप्ता, संतोष, विवेक दूबे, शुभम गुप्ता, अविनाश गुप्ता आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सीधी भर्ती-2023 की अभ्यर्थियों के मेडिकल परीक्षण के दौरान निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिये गये निर्देश



**मीरजापुर ।** शनिवार को जिलाधिकारी जनपद मीरजापुर "प्रियंका निरंजन"व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर "सोमेन बर्मा"द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर में हो रहे उ0प्र0 पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अभ्यार्थियों का मेडिकल परीक्षण के दौरान निरीक्षण/भ्रमण कर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश । इस दौरान मेडिकल परीक्षण हेतु उपस्थित अभ्यार्थियों से वार्ता कर किसी भी व्यक्ति के प्रलोभन में आने से बचने हेतु बताया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# उप मुख्यमंत्री जी के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत डीएम व एसपी के नेतृत्व में हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक तैयारियों का स्थलीय भ्रमण

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही :-** मा0 उप मुख्यमंत्री उ0प्र0, श्री केशव प्रसाद मौर्य जी के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त नेतृत्व में हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा व्यवस्था से लेकर मंच संचालन व स्टॉल प्रदर्शनी तक के सभी स्थलों का गहनता से निरीक्षण करते हुए ड्यूटीरत अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डीएम व एसपी के नेतृत्व में देर शाम पुलिस फ्लीट का रूट मार्च रिहर्सल किया गया।

मा0 उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 के संशोधित प्रोटोकॉल के अनुसार 12 बजे हेलीपैड पुलिस लाईन आगमन पर मा0 जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। 12.35 बजे ग्राम घनश्यामपुर, पोस्ट राधास्वामी धाम पर स्वतन्त्रा संग्राम सेनानी व पूर्व एमएलसी स्व0 बाबू पारस नाथ मौर्य जी के प्रतिमा का अनावरण एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से भेट करेंगे। 1.10 बजे ग्राम किशुनदेवपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी स्मारक का अनावरण, तदोपरान्त रामलीला मैदान किशुनदेवपुर, जीटीरोड दक्षिणी लेन गोपीगंज में आयोजित गरीब दिवस कार्यक्रम में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात् स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र/चाभी वितरण एवं अन्य लाभार्थियों को उपकरण/चेक वितरण किया गया है। मा0 उप मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के



दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा सभी सम्बन्धित स्थलों पर अधिकारियों की मजिस्टेऊट ड्यूटी लगाई गयी है। जिलाधिकारी ने ड्यूटीरत अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनकी ड्यूटी जिस प्वाईट पर लगाई गयी है, पूर्ण व गम्भीरता व सजगता के साथ कार्यो को सम्पादित करें। इस कार्यक्रम में लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नही होगी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि कार्यक्रम के सभी स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था व यातायात के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस बल को पुलिस लाईन सभागार में ब्रीफ किया गया। जिसमें ड्यूटीरत समस्त अधिकारियों व कर्मचारीगण को उनके कर्तव्य निर्वहन के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये। सुगम ट्रैफिक व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्ध हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, शिवनारायण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर शिवप्रकाश यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी चमन सिंह चावड़ा सहित ड्यूटी लगाये गये सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सौरभ ने आईईडीएस परीक्षा में प्राप्त किया चौथा स्थान



**चुनार।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आईईडीएस 2024 की परीक्षा के घोषित परिणाम में सौरभ कुमार सिंह ने आल इंडिया रैंकिंग में चौथा और ओबीसी सूची में प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किया है उन्हें असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति मिली है। क्षेत्र के सोनउर (जमुहार) गाँव निवासी ओम प्रकाश सिंह एवं कुसुम सिंह के पुत्र सौरभ ने बीटेक उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर से उत्तीर्ण किया है। उन्होंने इस उपलब्धि पर कहा कि माता पिता और भाई सुधांश व जय शंकर सिंह का काफी सहयोग रहा।

## थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत गुम हुई नाबालिग बच्ची को पुलिस के अथक प्रयास से किया गया सकुशल बरामद

**स्वतंत्र प्रभात**

भदोही - थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत वादी की नाबालिग नातिन के घर से बिना बताए कहीं चले जाने के संबंध में दिनांक 25.03.2025 को सूचना दी गई। सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-151/2025 धारा-137(2) बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कर गुमशुदा की सकुशल बरामदगी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपहृत/गुमशुदा बच्चों के सकुशल बरामदगी की त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण व श्री अशोक मिश्रा, क्षेत्राधिकारी भदोही के नेतृत्व में सच्चिदानंद पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक भदोही द्वारा गठित पुलिस टीम के सक्रिय प्रयास से पतारसी सुरागरसी से ज्ञात हुआ कि उपरोक्त गुमशुदा बच्ची जनपद कासगंज स्थित



वन स्टाफ लाइन सेंटर में है। जनपदीय पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बाल कल्याण समिति कासगंज के सम्मुख उपरोक्त बालिका को प्रस्तुत किया गया जहां पर गुमशुदा की तसदीक उसके माता पिता से कराई गई तत्पश्चात उपरोक्त गुमशुदा बच्ची को थाना भदोही पर लाया गया, जहां आज दिनांक-26.04.2025 को आवश्यक कार्यवाही करते हुए उपरोक्त गुमशुदा को उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया। अपने गुम हुई बच्ची को सकुशल पाकर बच्ची के परिजनों द्वारा पुलिस की कार्यवाही पर आभार व्यक्त करते हुए जनमानस में प्रशंसा की जा रही है।

# जिलाधिकारी भदोही व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना ज्ञानपुर पर उपस्थित होकर सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

**● समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं थाना प्रभारियों द्वारा सम्बन्धित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन**

**स्वतंत्र प्रभात**

जनसुनवाई के दौरान आज समस्त थानों पर प्राप्त कुल-80 प्रार्थना पत्रों (राजस्व विभाग से सम्बंधित-76 व पुलिस-04) पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बन्धित सभी 04ऊऊ शिकायतों का मौके पर ही किया गया निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित "थाना समाधान व सम्पूर्ण समाधान दिवस"के क्रम में आज दिनांक-26.04.2025 को जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस"का आयोजन किया गया। शैलेश कुमारजिलाधिकारी भदोही व अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना ज्ञानपुर पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ



प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। जमीन सम्बंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं दोनों पक्षों को सूचित करते हुए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रकरण का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट आख्या दोनों पक्षों के समक्ष ही बना कर उनके हस्ताक्षर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-80(राजस्व विभाग से सम्बंधित 76 व पुलिस-04) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बंधित सभी 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

# उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर समय-सीमा में हो निस्तारण-जिलाधिकारी

**● उद्योग बन्धु की बैठक में जनपद में अधिकाधिक रोजगार सृजन पर डीएम ने दिया बल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही -** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक आहुत की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि जिले में व्यापारियों, उद्यमियों निवेशको से संबंधित मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से निर्धारित समयावधि में किया जायेगा। व्यापारियों/उद्यमियों के प्रति सहयोगात्मक रूख अपनाया जाये और उद्यमियों के लम्बित प्रकरणों का नियमानुसार प्राथमिकता पर निस्तारण समय से किया जाये, जिससे कि जनपद में अधिक से अधिक



रोजगार के साधन सृजित हों, उद्यमी अपने उद्योग को बेहतर ढंग से संचालित कर सके। बैठक में कारपेट एक्सपो मार्ट में स्वचालित सीढ़ी की स्थापना एवं एक्सपो मार्ट के अन्य अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रभारी को निर्देशित किया कि मानक पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य समाप्त करना सुनिश्चित करें। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा 28 अप्रैल दिन सोमवार को एक्सपो मार्ट का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति हेतु निर्देशित करेंगे।

व्यापारियों, उद्यमियों, निवेशको द्वारा जमीन व राजस्व से जुड़ी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने मीटिंग में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये । कार्पेट एक्सपो मार्ट में स्वचालित सीढ़ी की स्थापना एवं एक्सपो मार्ट के अन्य अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने के लिए व निवेश मित्र पर लंबित प्रकरणों के समीक्षा, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के सम्बन्ध में, प्लेज पार्क विकसित करने के सम्बन्ध में, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के सम्बन्ध में डिप्टी कमिशनर ईडस्ट्रीज ने जिलाधिकारी को अवगत कराया। बैठक में उप जिलाधिकारी भदोही के चार एजेण्डाकार्य, उप जिलाधिकारी औराई के एक व नगर पालिका भदोही के अन्तर्गत चार सहित अन्य विभाागों से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारियों को समय सीमा में निस्तारण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त उद्योग आशुतोष सहाय पाठक, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, जनपद के व्यापारी, उद्यमी, निवेशक, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी गण सहित अन्य सभी सम्बन्धित उपस्थित रहें।

### बारात में गये पीआरडी जवान की अचानक बिगड़ी तबीयत हुई मौत

**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के पटेहरा गांव निवासी पीआरडी जवान की शुक्रवार रात बारात में अचानक तबीयत बिगड़ गई जब तक लोग अस्पताल ले जाते कि पीआरडी जवान की मौत हो गई।58 वर्षीय पीआरडी जवान सेवालाल पटेहरा गांव निवासी नंदलाल धरकार के पुत्र की शादी में शामिल होने के लिए प्रयागराज जिले के कपासी गांव गए थे।देर रात द्वारचार के समय अचानक बेचैनी होने लगी। तबीयत बिगड़ने पर जनवासे में आकर चारपाई पर लेट गए। बराती अस्पताल ले जाने के लिए जाने लगे कि पीआरडी जवान की मौत हो गई। मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। पीआरडी जवान को छह पुत्री और दो पुत्र हैं जिसमें छोटा बेटा अविवाहित है। दोनों बेटे घर से बाहर रहकर मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। परिजनों ने बताया कि पीआरडी जवान अस्वस्थता के चलते घर पर ही रहते थे।घटना की सूचना पुलिस को नही है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# ड्रमण्डगंज बाजार में विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई जन आक्रोश रैली

**स्वतंत्र प्रभात**

**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज मे जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए निहत्थे हिंदुओं को आतंकवादियों द्वारा पूछ-पूछ कर गोली मारी गई कि तुम हिंदू हो कि मुसलमान, तुम्हे कलमा पढ़ने आता है? यहां तक कि उनके प्राइवेट पार्ट को खोल कर देखा गया फिर गोली मारी गई ।ये अन्याय हिंदू समाज बर्दास्त नहीं करेगा। शुक्रवार शाम को इसी अन्याय के विरोध में ड्रमंडगंज बाजार में विश्व हिंदू परिषद द्वारा जन आक्रोश रैली निकालकर इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंका गया। विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जन आक्रोश रैली निकालकर के ड्रमंडगंज बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए गड़बड़ा रोड चौराहा पर इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त किया।

वक्ताओं ने कहा कि अब हमारा देश 1947 और 1965 वाला देश नहीं है।अब पाकिस्तान से दो- दो हाथ करने वाला हमारा



देश बन चुका है।देश के माननीय नेतृत्वकर्ताओं को सर्जिकल स्ट्राइक से भी बड़ा कुछ करना होगा तभी शहीद हुए हिन्दू भाइयों, उनके परिवार व देश की आत्मा को ठंडक मिलेगी नहीं तो ये गर्मी सर चढ़कर बोलेगी। इस मौके पर राजेंद्र कुमार गुप्त, श्याम बहादुर सिंह, ज्ञानेश्वर दुबे, लवकुश केशरी, कौशलेंद्र कुमार,सुरेश केशरी, अनूप केशरी, सुभाष सोनी,कृष्ण कुमार बाबा अन्नु सोनी ओम चौरसिया अनुप केशरी लाला केशरी गुड्डु केशरी सहित दर्जनों विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ओवर ट्रैक करने में एंबुलेंस टकराई ट्रक से

**● गिट्टी लदा ट्रक पलटा एंबुलेंस पर चार की मौत, दो घायल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**अहरौरा, मीरजापुर ।** शनिवार को थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत हनुमान घाटी के पास ट्रक व एम्बुलेंस के मध्य टक्कर हो गयी जिसमें 06 लोगो की घायल होने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर "सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया । पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तथा थाना अहरौरा पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर सभी घायलों को अस्पताल भेजवाया गया जहां डाक्टरों द्वारा 01. सुरज बली खरवार निवासी कनहरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 27 वर्ष, 02. हीरावती देवी पत्नी कैशल खरवार निवासी कनहरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष, 03. मातली देवी पत्नी



जगवन्त निवासी कोठी पियार थाना जुगैल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 40 वर्ष व 04. रामू को मृत घोषित कर दिया गया तथा कौशल कुमार खरवार पुत्र लक्ष्मण निवासी कनहरा थाना ओबरा जनपद मीरजापुर व भंडारी शर्मा पुत्र गोपाल निवासी सन्तनगर गुरमा थाना राबर्टगंज जनपद सोनभद्र का इलाज चल रहा है । थाना अहरौरा पुलिस द्वारा सभी 04 मृतकों के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है ।

# नशामुक्ति केन्द्र लोहदी में हुई युवक की हत्या की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार



**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** थाना को0कटरा वादी अकालून पुत्र स्व0 अस्फाक निवासी बड़ी बसही थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी के पुत्र को नशा मुक्ति केन्द्र में कार्य करने वालो द्वारा मारापीटा गया जिससे मृत्यु होने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0-48/2025 धारा 103(1),115(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷सोमेन बर्मा÷ द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना को0कटरा निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0कटरा पर पंजीकृत उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में शनिवार को थाना को0कटरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त 1. विनय पटेल उर्फ छोटू पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी बगही थाना चुनार जनपद मीरजापुर व 2. सद्दाम उर्फ महताब आलम पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी खेराबाद थाना शास्त्री नगर जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है ।

# आग की चपेट में आकर दर्जनों मकान खाक, मवेशियों की जलकर मौत



**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर, जिगना।** क्षेत्र के डगंहर गांव में विद्युत शार्ट सर्किट से शुक्रवार को ढाई बजे आगलगी की घटना में सात झोपड़ियां व खूंटे से बंधी पांच भैंस व दो गाय झुलसकर मर गई। सूचना पर दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां व गांव वाले समरसेबल पम्प चलाकर आग बुझाने लगे। चार घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक एक दर्जन से अधिक कच्चे मकान घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। गांव निवासी जटाशंकर शर्मा का कच्चा मकान गाय व एक भैंस झुलसकर मर गई। शिवशंकर शर्मा, आशीष बिन्द, रामसागर बिन्द के चारों भाइयों बम्मू बिन्द,शम्भू बिन्द,रामचरन बिन्द का कच्चा मकान दालान भुसौल समेत चार भैंसों की जलकर मौत हो गई। मन्नू बिंद,रामराज का कच्चा मकान दो बाइक व गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। राजेश बिन्द की भैंस मर गई। मुन्ना निषाद के बेटी की पांच मई को विवाह होना था।लड़की की शादी के खरीदें गए सब सामान जलकर राख हो गया। जोखन निषाद,फूला देवी का मकान गृहस्थी का सारा सामान व गाय बछिया की जलकर मौत हो गई। धर्मू तिवारी छप्पर बाइक व दो सायकिल समेत भुसौल जलकर खाक हो गया। शर्मा तिवारी का खलिहान में रखा 80 बोझ अरहर जलकर खाक हो गया। नायब तहसीलदार चंद्रगुप्त सागर ने राजस्व टीम के साथ मौके पर क्षति का आकलन किया।

## नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अभियोग से सम्बन्धित 02 बाल अपचारी सहित कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** थाना को0देहात एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिक पुत्री को बहला-फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-161/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷सोमेन बर्मा÷ द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक को0देहात को अभियुक्त की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0देहात पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में शनिवार को प्रभारी थाना उप निरीक्षक शितलू राम मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से 02 नफर बाल अपचारी सहित 03 अभियुक्त 1. संजू बिन्द पुत्र रमांशंकर निवासी अर्जुनपुर थाना को0देहात जनपद मीरजापुर, 2. लाल साहब पुत्र राधेश्याम, 3.सोनू पुत्र छोटे लाल निवासीगण अर्जुनपुर थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 173(2),70(2) बीएनएस व 5जी/6 पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए बाल सुधार गृह भेजा गया ।

### आपसी विवाद में दो महिलाओं सहित तीन घायल

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद के गांव दभी में शनिवार की सुबह एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के ऊपर हमला कर दिया। जिससे दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों ने थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। घायल प्रमोद पुत्र राजेश्वर ने बताया है कि शनिवार की सुबह आठ बजे वह खेत से काम कर घर पहुंचा था। जहां उसने देखा कि आरोपी उसकी मां व पत्नी के साथ गाली-गलौज कर उन्हें पीट रहा था। जिसपर उसने मां और पत्नी को बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसे भी पीटना शुरू कर दिया। जिससे मां भगवान देवी व पत्नी प्रवेश कुमारी समेत प्रमोद के शरीर पर काफी चोटें आई हैं। जाते समय आरोपी तमंचा लहराते हुए जानसे मारने की धमकी देकर गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण, विद्यार्थियों में रहा उत्साह



**कोराव, प्रयागराज।** प्रयाग सिटीजन लॉ कॉलेज, सिरहिर, मेजा, प्रयागराज में दिनांक-26/04/2025, दिन- शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा स्वामी विवेकानंद स्मार्टफोन योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त करने हेतु के एलएल.बी 6 सेमेस्टर एवं बलराम महाविद्यालय के बी.ए के चतुर्थ समेस्टर के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुषमा देवी सिरहिर, मेजा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान सुषमा देवी ने कहा कि विद्यार्थी इस फोन का प्रयोग अपने भविष्य संवारन हेतु करें। इस मौके पर डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह (उप-प्राचार्य) सहायक प्राध्यापक डॉ0 प्रभुनाथ बलराम महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरुण कुमार सिंह, डॉ0 शाह आलम, डॉ0 अजय सिंह, सुमित मण्डल, संध्या पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, बृजेश कुमार आदि शिक्षण-शिक्षणतर कर्मचारी उपस्थित रहें।

### करछना में ट्रक में पीछे से घुसी मैजिक, एक युवक की मौत दो गंभीर!



**करछना। प्रयागराज।** करछना पावर हाउस के समीप ट्रक में पीछे से मैजिक वाहन घुस गई। जिससे मैजिक वाहन में सवार तीन युवकों में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर लिखापढ़ी कर अगली कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार यमुनानगर के करछना थाना क्षेत्र के करछना पावर हाउस से महज 100 मीटर आगे शनिवार अलसुबह में एक मैजिक वाहन ट्रक में पीछे से जा घुसी। घटना उस समय हुई जब दोनों वाहन एक ही कतार में जा रहे थे कि अचानक ट्रक ड्राइवर ट्रक को रोक दिया और पीछे से लगी मैजिक ट्रक में पीछे से घुस गई। मैजिक में बैठे शिव कुमार पटेल (24) पुत्र राम करन पटेल निवासी महोरी करछना की मौके पर ही मौत हो गई। साथ रहे दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। खबर लिखे जाने तक घायलों का नाम स्पष्ट नहीं हो सका था।

### सांसद ने किया राजकीय नलकूप का लोकार्पण



**निगोहा।** निगोहां क्षेत्र के करनपुर में सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग द्वारा 2100 नलकूप परियोजना अन्तर्गत लगाए गए राजकीय नलकूप का लोकार्पण किया गया गांव में ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया,तथा पीडीए संवाद कार्यक्रम का आयोजन सपानेता रमेश राही द्वारा किया गया बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री चौधरी ने कहा कि देश संविधान से चलता है और आज संविधान पर खतरा है सभी को अपने बच्चों को शिक्षित करने का आवाहन किया बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि आगामी 2027 में सपा सरकार बनाने के लिए सभी को अपना बूथ मजबूती से जिताने के साथ ही बीजेपी सरकार को हटाने और संविधान को बचाने के लिएसभी को मजबूती से लड़ना होगा बैठक विधान सभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह, ने संबोधित किया तथा कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान मदनमोहन सिंह, बीडीसी सूरज सिंह यादव, पूर्व बीडीसी आशा वर्मा, एडवोकेट अजीत सिंह, सुमन कुमार यादव, प्रमोद यादव, सेक्टर प्रभारी रजनीश चौरसिया, रघुनाथ रावत, राजेश रावत, सन्तोष रावत, हरिशंकर रावत, संतराम रावत, अशर्फी लाल धीमान सहित सैकड़ों ग्रामीण व सपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ में सपा नेता के होटल में युवती की हत्या; रिटायर्ड दारोगा के बेटे पर आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** प्रतापगढ़ शहर के भगवा चुंगी इलाके में सपा नेता के होटल में एक युवती की दुपट्टे से गला कसकर हत्या कर दी गई है. मर्डर के बाद युवती का प्रेमी फरार है. घटना के बाद होटल में हड़कंप मच गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. होटल के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं. इस मामले में एक रिटायर्ड दारोगा के बेटे की तलाश पुलिस कर रही है. बताया जा रहा है कि कमरा सिर्फ 2 घंटे के लिए बुक किया गया था और इसी बीच हत्या करके युवक फरार हो गया. मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, नगर कोतवाली के भगवा चुंगी स्थित सपा नेता अश्वनी सोनी के होटल सिटी प्राइम रेजिडेंसी में शुक्रवार शाम करीब 9ः00 बजे कोहड़ौर थाना क्षेत्र के बासुपुर गांव की रहने वाली रितु पाल (20) पुत्री सूर्यपाल अपने प्रेमी के साथ पहुंची. होटल का कमरा नंबर 204 सिर्फ 2 घंटे के लिए बुक किया गया. आशंका है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ. युवती के प्रेमी ने दुपट्टे से ही उसका गला कसकर हत्या कर दी. वह मौके से फरार हो गया।




जानकारी के बाद होटल के मैनेजर ने सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी. मौके पर पुलिस अधीक्षक के साथ सर्विलांस और फोरेंसिक टीम होटल पहुंची और छानबीन की गई. सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए. इस मामले में होटल के कुछ कर्मचारियों से पुलिस ने पूछताछ की है. सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को दो विजुअल भी बरामद हुए हैं, जिनके आधार पर पुलिस ने आरोपी के तलाश शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि इसमें प्रतापगढ़ के रिटायर्ड दारोगा के बेटे के पर ही अपनी प्रेमिका की हत्या का शक है।

आरोपी ने 2 घंटे के लिए कमरा बुक किया था. दोनों के बीच करीब 2 साल से प्रेम संबंध चल रहा था. पुलिस की जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम को देल्हुपुर थाना क्षेत्र के गजेहड़ा जंगल के रहने वाले अभिषेक कुमार पुत्र स्व. करमचंद ( रिटायर्ड दारोगा ) के साथ रितु होटल पहुंची थी. दोनों ने कमरा नंबर 204 बुक किया. रात करीब 9ः00 बजे होटल के वेटर ने कमरे में रितु का शव देखा. युवती का शव बेड पर पड़ा हुआ था. गले में दुपट्टा कसकर बांधा गया था। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई. फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.

एसपी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है. इसकी गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं. उसकी तलाश में अनेक जगह छापेमारी की जा रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. परिजनों की तहरीर पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा एक्सप्रेस वे पर जल्द ही फर्राटा भरेंगे वाहन। 464 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस वे मेरठ से प्रयागराज को जोड़ेगा

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** अडानी समूह उत्तर प्रदेश में छह लेन के एक्सप्रेस वे का निर्माण कर रही है। जिसे आठ लेन तक बढ़ाया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश के मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने वाले योगी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल भारत के सबसे लंबे एक्सप्रेस वे गंगा एक्सप्रेस वे को मूर्त रूप देने मे अडानी समूह कार्य कर रहा है। अडानी समूह बदायूं से प्रयागराज तक 464 किमी के निर्माण को मूर्त रूप दे रहा है. गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्यों का जायजा लेने के लिए रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरदोई और शाहजहांपुर में निर्माण कार्यों का जायजा लेंगे।

गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में उन्नत मशीनों और तकनीकी से लैस कुशल तकनीशियनों से दक्ष इंजीनियरो की लगातार काम हो रहा है. बदायूं से हरदोई तक 151.7 किमी, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किमी और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किमी के तीन समूहों का निर्माण कर रहा है, जिसे आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है. डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) के आधार पर लागू होने वाला यह भारत का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है।

.. इसकी रियायत की अवधि 30 वर्ष होगी। देश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण का यह टास्क, देश के लिए जटिल, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रबंधन में अडानी समूह की क्षमता और निष्पादन की गति का और सबूत है। फिलहाल अभी अडानी समूह के पास 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 13 ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जिनके तहत पांच हजार किमी से ज्यादा की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है. जो नौ राज्यों- छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, केरल, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में फैला हुआ है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक का हुआ आयोजन

**देवरिया25 अप्रैल।** जनपद के व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर शुक्रवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और प्रभावी समाधान किया जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें। व्यापारियों ने स्ट्रीट वेंडरों के लिए भूमि चिन्हित किए जाने का मुद्दा उठाया, जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें व्यवसाय के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पकड़ी बाजार क्षेत्र में नाली निकासी की समस्या पर व्यापारियों ने ध्यान आकर्षित किया। व्यापारियों ने बताया कि कुछ लोग नए मकान बनाते समय नाली व सड़क को ढक दे रहे हैं, जिससे जल निकासी में समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी सदर को इस तरह की गतिविधियों को तत्काल रोकने के निर्देश दिए।

### 30 दिवसीय Student Police E&periential learning(SPEL) कार्यक्रम का समापन

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित था कार्यक्रम।



**प्रयागराज।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित 30 दिवसीय Student Police E&periential learning(SPEL) कार्यक्रम का समापन आज दिनांक 26.04.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में हुआ। जिसमें पुलिस उपायुक्त मुख्यालय पंकज, यूनाइटेड इंस्टीयूट ऑफ मैनेजमेंट नैनी के कार्यक्रम समन्वयक- सैय्यद कामरून काजमी व थाने स्तर पर नामित नोडल अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 50 छात्र/छात्राओं को ICCC, UP 112, साइबर क्राइम, कानून व्यवस्था, यातायात व कम्यूनिटी पुलिसिंग इत्यादि के सम्बन्ध में आधारभूत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अनुसार ICCC व UP 112, साइबर क्राइम, कानून व्यवस्था, यातायात व कम्यूनिटी पुलिसिंग व थानों/ पुलिस की विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।

# किसान भाई नैनो का प्रयोग करके अपने फसल की उपज बढ़ावे- अनुराग तिवारी



● नैनो से यदि नुकसान हुआ तो इफको भरपाई करेगी।

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई की टीम ने स्थानीय गाँव- परासिनपुर फूलपुर में जाकर किसान चौपाल लगाया जिसमें किसानों को धान की फसल पर नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विधि के बारे में बताया। टीम ने छिड़काव की विधि, इसकी मात्रा तथा इसके लाभ के बारे में बताया। प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी ने कहा कि आगामी धान की फसल में जमीन के एक हिस्से में खेती नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी से ही करें तथा अंतर देखे। जन सम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश ने कहा कि नैनो उर्वरक प्रधानमंत्री जी के किसानों की आय दोगुनी करने में सहायक है, क्योंकि इससे कृषि लगात बचेगी तथा अच्छी फसल होगी जिसका सीधा फायदा किसानों को होगा।अतः इसका अधिक से अधिक प्रयोग करें। कोर्डेट प्रचार्य डॉ हरिश्चन्द्र ने कहा कि इस वर्ष इफको की तरफ से निःशुल्क ड्रोन उपलब्ध कराने की घोषणा की तथा कोर्डेट की टीम किसानो को ड्रोन विधि से छिडकाव का प्रशिक्षण देगी। चौपाल में किसानों ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रति उत्साह दिखाया। इस दौरान इफको इम्पलाइज संघ के महामंत्री विजय कुमार यादव, सुमित तेवतिया, ग्राम परासिनपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव ,किसान सर्वजीत यादव, सुरेश चन्द्र, सुनील यादव, राम दुलार, ब्रह्मजीत, भोलानाथ तथा दया शंकर त्रिपाठी हर्ष देव तिवारी पत्रकार आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित की जा रही हैं प्रदेश की 57 स्मार्ट नगर पालिकाएं

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराजं।** यूपी में स्मार्ट सिटी की तर्ज पर प्रदेश की 57 नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर पालिकाओं में डेवलप किया जा रहा है. ईज ऑफ लिविंग के मानकों के अनुसार प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है. एक ओर जहां प्रदेश में 17 स्मार्ट शहर बनाये गये हैं. उसी अनुरूप जिला मुख्यालयों पर स्थित 57 नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर पालिकाओं की दर्ज पर विकसित किया जा रहा हैं। परियोजना के लिए लगभग 40,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है. स्मार्ट नगर पालिकाओं में कई अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे डिजिटल गर्वनेंस, नागरिक सुविधा, स्मार्ट अर्बन इंफ्रास्टक्चर, स्मार्ट अर्बन फिजिकल इंफ्रास्टक्चर और सतत विकास के मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगां।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऑफिस से जारी सूचना के मुताबिक नगर विकास विभाग नगरीय क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्मार्ट नगर पालिकाओं का निर्माण कर रहा है. परियोजना के मुताबिक प्रदेश की नगर मुख्यालयों वाली 57 नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर पालिका के तौर पर विकसित किया जा रहा है. जिसके लिये बजट में विशेष रूप से लगभग 40 हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई हैं। परियोजना पर काम शुरू करने के लिए 145 करोड़ रुपये की टोकन मनी स्वीकृत की गई है. जिससे 57 नगर पालिकाओं में ईज ऑफ लिविंग के अनुरूप अत्याधुनिक नागरिक सुविधाओं का विकास कार्य शुरू हो गया है. जो इन पालिका क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था, निवेश और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा. इसके साथ ही स्मार्ट पालिकाओं में नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। नगर विकास विभाग स्मार्ट नगर पालिकाओं को ईज़ ऑफ लिविंग के डिजिटल गर्वनेंस, नागरिक सुविधाओं, स्मार्ट अर्बन इंफ्रास्टक्चर, स्मार्ट अर्बन भौतिक इंफ्रास्टक्चर एवं सतत विकास के मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है.

स्मार्ट नगर पालिकाओं में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप से संचालित करने के लिए एक प्रणाली विकसित की जाएगी, जो प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा देगी. जिसके अंतर्गत आईसीसी सेंटर से सीसीटीवी सर्विलांस की व्यवस्था, एआई और चैटबॉट युक्त नागरिक सुविधाओं का विकास और इंटीग्रेटेड गौशाला मैनेजमेंट सिस्टम की भी व्यवस्था की जाएगी.




स्मार्ट सिटी के तर्ज पर स्मार्ट नगर पालिकाओं में अत्याधुनिक नागरिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है. इसके साथ ही पालिका के क्षेत्रों में एयर, वाटर पॉल्यूशन से लेकर नॉइज पॉल्युशन को नियंत्रित करने का समुचित प्रबंध किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में वाटर लॉगिंग की समस्या दूर करने के साथ साथ बिजली और पानी सप्लाई निर्बाध रूप से करने का प्रबंध किया जाएगा। विक्रेताओं के लिए अलग से वेडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा. साथ ही स्मार्ट इंफ्रास्टक्चर के तहत सीसी रोड, जंक्शन रिडिजाइनिंग, डिजिटल लाइब्रेरी, प्रदर्शनी स्थल और ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगां। स्मार्ट नगर पालिकाओं को ईज ऑफ लिविंग के साथ सस्टेनेबल डेवलपमेंट आधारित विकसित किया जा रहा है. नगर पालिकाओं में नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों के साथ सोलर ऊर्जा का भी तेजी से विकास किया जा रहा है. साथ ही विकास योजनाओं में पर्यवारण संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा हैं।

# दयालपुर गांव में सरकारी नाली पर अवैध कब्जा और मिट्टी खनन का मामला उजागर, प्रशासन मौन

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज। लखनऊ,** विकास खंड मोहनलालगंज के निगोहां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दयालपुर में सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा और मिट्टी खनन का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार, गांव स्थित गाटा संख्या 593 और 592 के बीच की लगभग 6 कड़ी की सरकारी नाली को किसानों द्वारा अपने स्वार्थ के लिए नुकसान पहुंचाया गया है।आरोप है कि 592 खाता के एक किसान ने अपने खेत की मिट्टी एक भट्ठे संचालक को बेच दी। भट्ठे संचालक ने खनन करते समय न सिर्फ खेत की मिट्टी उठाई, बल्कि सरकारी नाली की भी मिट्टी निकाल ली, जिससे नाली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो




गई। यह नाली गांव के जल निकासी का महत्वपूर्ण साधन थी, और उसके अवरुद्ध होने से बरसात के दिनों में जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न होने की पूरी आशंका है।ग्रामीणों द्वारा मामले की शिकायत राजस्व विभाग के संबंधित लेखपाल से की गई, लेकिन शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है और प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और नाली का पुनर्निर्माण जल्द कराया जाए, ताकि भविष्य में जल निकासी की समस्या न उत्पन्न हो।

## शिक्षा विभाग के एसीएस एस. सिद्धार्थ ने की बड़ी कार्रवाई, सोनावती बीएड कॉलेज के प्रिंसिपल अवैध वसूली के आरोप में गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर।** बिहार शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीएस के आदेश पर पुलिस ने शनिवार को समस्तीपुर जिले के मोहनपुर प्रखंड में स्थित निजी बीएड कॉलेज सोनावती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रिंसिपल डॉ. पवन गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। प्रिंसिपल पर आरोप है कि वे प्रैक्टिकल में फेल नहीं करने, अटेंडेंस शॉर्ट नहीं करने, परीक्षा फार्म भरने और कॉलेज रिलीविंग लेटर देने के बदले छात्रों से अवैध वसूली करते थे और पैसे नहीं देने वाले छात्रों को मेंटल टॉर्चर करते थे। जानकारी के अनुसार प्रिंसिपल के शोषण से परेशान छात्र - छात्राओं ने तीन दिन पहले शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ को मेल भेजकर इसकी शिकायत की थी। जिस पर एसीएस ने त्वरित एक्शन लेते हुए समस्तीपुर के जिला अधिकारी रौशन कुशवाहा को इस मामले की जांच के निर्देश दिया था। डीएम की जांच में मामला सही पाए जाने पर उक्त कार्रवाई की गयी है। इस संबंध में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कहा कि 'एडमिशन के समय बताया गया कि अटेंडेंस



नहीं भी रहेगा तो परीक्षा में बैठने की इजाजत दी जाएगी। लेकिन जब परीक्षा फॉर्म भरने का समय आया है तो 30 हजार रुपए मांगे जा रहे हैं। जिनमें 20 हजार रुपए अटेंडेंस और 10 हजार रुपए परीक्षा फॉर्म के लिए मांगे जा रहे हैं। वहीं इंटर्नशिप के लिए 3 हजार रुपए देने पर स्कूल दिए जाते हैं। इसके साथ ही छात्रों का कहना है कि वो हर चीज के लिए रुपए की डिमांड करते हैं।

रुपए के लिए किया जाता है ब्लैकमेल- एक छात्र अविनाश कुमार ने कहा, 'यहां पैसा बहुत ज्यादा मांगा जा रहा है। जिसे देने में असमर्थ हूं। प्रिंसिपल से अनुरोध किया तो बोले जहां शिकायत करना है करो, लेकिन पैसा देना होगा। 1600 की जगह 5 हजार मांगे जा रहे हैं। 100 से ज्यादा युवा पीड़ित हैं।' वहीं छात्र शिवांशु कुमार ने कहा, 'हर चीज के लिए पैसे मांगे जाते हैं। प्रैक्टिकल के लिए भी रुपए मांगे जाते हैं। ब्लैकमेल किया जाता है। पेमेंट कैश में लेते हैं। प्रिंसिपल ने जांच टीम के साथ भी किया दुर्व्यवहार- सोनावती कॉलेज ऑफ एजुकेशन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय से एफिलिएटेड है। यहां लंबे से समय से छात्रों को टॉर्चर किया जा रहा था। आज यानी शनिवार को जांच टीम पहुंची तो कॉलेज के प्रिंसिपल और कर्मचारियों ने अच्छा व्यवहार नहीं किया। एसडीएम ने बताया कि 'जांच टीम को कॉलेज में गड़बड़ी मिली है। इसके बाद कार्रवाई की गई।

# झोपड़ी जलने से बेघर हुई गरीब महिला, प्रशासन ने बढ़ाया मदद का हाथ, जनप्रतिनिधि नदारद......

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मीरकनगर गांव में शुक्रवार को एक गरीब महिला की झोपड़ी में अचानक आग लग गई, जिससे उसका संपूर्ण आशियाना पलभर में खाक हो गया। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार मोहनलालगंज गुरप्रीत सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को संबल प्रदान करते हुए हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।झोपड़ी जलने के कारण महिला रामवती के सिर से छत और खाने के साधन दोनों छिन गए थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार ने तत्काल राहत कार्य शुरू कराए। उन्होंने मौके पर ही आपूर्ति विभाग को निर्देशित कर राशन सामग्री उपलब्ध कराई तथा पीड़ित परिवार के लिए खाने-पीने की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। साथ ही, क्षति का वास्तविक आकलन करने हेतु हल्का लेखपाल से विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है ताकि शासन स्तर से त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।इस संबंध में उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज अंकित शुक्ला ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने नायब तहसीलदार गुरप्रीत सिंह को तत्काल मौके पर भेजकर पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन जरूरतमंदों के साथ खड़ा है और आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। शासन की ओर से हर संभव सहायता




शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

हालांकि, इस दुखद घटना के बाद कोई भी स्थानीय जनप्रतिनिधि या विधायक मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे ग्रामीणों में निराशा देखी गई। गांववासियों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की, लेकिन जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति पर नाराज़गी भी जताई।

## डीएम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शनिवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (पीसीएफ) इटखरी में बने राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने किसानों के लिए की गई मूल सुविधाओं का जायजा लेते हुए भगतान की स्थिति जानी। भुगतान शेष पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी व पीसीएफ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि 15 किसानों का 492.50 कुंतल गेहूं क्रय किया गया था। जिलाधिकारी ने किसानों से भुगतान की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली, जिस पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में किसानों के भुगतान का चार करोड़ 87 लाख में रुपये में 46 लाख रुपये अवशेष रह गया हैं। इस पर जिलाधिकारी ने खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि 48 घंटे के अन्दर किसानों का भुगतान हो जाना चाहिए। साथ ही नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी व पीसीएफ को कारण बताओं नोटिस जारी करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर सभी उपकरणों सहित पीने का पानी, छांव व बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों से बात करें, जिससे किसान अधिक से अधिक गेहूं क्रय केंद्रो पर ही बेंचे। किसानों से कहा कि सरकार



द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित है, जिसका लाभ उठाते हुए क्रय केन्द्रों पर ही गेहूं बेचें। जिलाधिकारी ने सहकारी समिति इटखरी के किसानों के रजिस्टर का अवलोकन किया। जिसमें 12 गांवों के किसान रजिस्टर्ड पाए गए। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों से प्रतिदिन बात करें। इस अवसर पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अविनाश चंद्र झा, तहसीलदार कर्वी चंद्रकांत तिवारी, क्रय केंद्र प्रभारी जगन्नाथ मौजूद रहे।

## भीषण आग की चपेट में आया गरीब महिला मजदूर का आशियाना

● ...बेटी की शादी के लिए जोड़े गहने और गृहस्थी जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां।** शनिवार को के मीरकनगर गांव में भीषण आग ने एक गरीब महिला मजदूर चन्दावती का आशियाना पूरी तरह तबाह कर दिया। चूल्हे से निकली चिंगारी से लगी आग ने पल भर में झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बेटी की शादी के लिए रखे गए 50 हजार रुपये के गहनों समेत नकदी, अनाज, कपड़े और गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

पीड़िता चन्दावती पिछले 10 वर्षों से अपनी बेटी काजल 18 के साथ झोपड़ी में रह रही थी। शनिवार सुबह वह मजदूरी करने गेहूं कटान पर गई थी, जबकि काजल घर पर चूल्हे में खाना बना रही थी। इस दौरान वह पास की दुकान तक गई, लौटने पर देखा कि झोपड़ी आग की लपटों में घिरी हुई थी। शोर



सुनकर ग्रामीण दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया, साथ ही दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक सब कुछ जल चुका था।

**मौके पर प्रशासन और समाजसेवी पहुंचे मदद को**

सूचना मिलते ही नायाब तहसीलदार गुरूप्रीत, लेखपाल सुनील कुमार, अहमद अब्बास और कानूनगो हरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़िता को तत्काल राहत सामग्री दिलाई। उन्होंने नुकसान का आकलन कर सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया। वहीं समाजसेवी नवीन मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर राशन, सब्जी, कपड़े और



आर्थिक सहायता प्रदान की तथा बेटी की शादी में मदद का भरोसा भी दिलाया।

**फायर स्टेशन की दूरी बनी समस्या, ग्रामीणों में आक्रोश**

गांव से फायर स्टेशन की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है, जिससे दमकल वाहन को पहुंचने में काफी देरी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी घटनाओं में अक्सर समय पर मदद नहीं मिलती, जिससे गरीबों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार निगोहां में फायर स्टेशन की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

# संक्षिप्त खबरें

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के बंदी को सांसद मनीष जायसवाल का मिला समर्थन, पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सांसद सेवा कार्यालय रहा बंद




**हजारीबाग-** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर, पहलगाम में हिंदू सैलानियों की इस्लामिक आतंकियों द्वारा हुई निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को हजारीबाग बाजार पूर्णतः बंद रहा। इस बंदी का समर्थन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भी किया और अपने झंडा चौक के समीप स्थित सांसद सेवा कार्यालय को बंदी के दौरान एक दिन के लिए बंद करवा दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग में किया गया यह बंद न सिर्फ एक शांतिपूर्ण विरोध है, बल्कि उन निर्दोषों के प्रति हमारी श्रद्धांजलि और आतंक के खिलाफ हमारी एकजुटता का प्रतीक भी है। उन्होंने यह भी कहा कि मानवता के विरुद्ध किए गए ऐसे कृत्यों का हम कड़ा विरोध करते हैं।

## विधायक ने किया 1 करोड़ की 3 योजनाओं का शिलान्यास



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शनिवार को चौपारण प्रखण्ड क्षेत्र में चार करोड़ की लागत से तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय ब्रह्मोरिया के चाहरदीवारी निर्माण कार्य, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुतलु केंदुआ व प्राथमिक विद्यालय नावाडीह, जगदीशपुर के उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चौमुखी विकास करना उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते कदम। सभी गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने योजना के गुणवत्ता को देखते हुए निर्माण कराने की जवाबदेही विद्यालय के शिक्षकों को दिया। संवेदकों से मानक के अनुसार कार्य करने को कहा। कहा कि योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। मौके पर प्रमुख पूर्णिमा देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, ब्रह्मोरिया मुखिया सरिता देवी, जगदीशपुर मुखिया सुनीता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चनद्रवंशी, भाजपा नेता अशोक सिंह, विकास यादव, अशोक प्रजापति, बैजनाथ ठाकुर, छोटू चनद्रवंशी, रामबिलास चनद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया प्रतिनिधि महेश भुइयाँ, परमेश्वर साव, प्रभु चनद्रवंशी, दिनेश यादव, अनिल यादव, लव कुमार पंडित, चंदन यादव, शिक्षक शशि भूषण सिंह, रामवतार प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे।

## समस्तीपुर के एक शिक्षक की दरभंगा में संदिग्ध स्थिति में मौत, इसी महीने होने वाली थी शादी

**समस्तीपुर-** समस्तीपुर के एक शिक्षक की दरभंगा में संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। मृतक शिक्षक की दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के पांड गांव निवासी नीरज कुमार (32) के रूप में हुई है। नीरज कुमार की नियुक्ति फरवरी 2022 में दरभंगा जिले के बिरौल स्थित बलहा मध्य विद्यालयमें हुई थी। वह स्कूल से लगभग एक किलोमीटर दूर लदहो गांव के एक धर्मशाला में किराए पर कमरा लेकर रहते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को स्कूल में अवकाश के बाद नीरज अपने कमरे पर लौटे थे। शाम के लगभग चार बजे एक सहकर्मी शिक्षक ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन कॉल का कोई जवाब नहीं मिला। जब साथी शिक्षक को अनहोनी की आशंका हुई तो वह कमरे पर पहुंचे। अंदर से दरवाजा बंद था, खिड़की से झांकने पर देखा कि नीरज का शव फंदे से लटका हुआ है। शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा। कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे खुदकुशी के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग से जुड़ी वजहों की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि कुछ ही दिनों में नीरज की शादी होने वाली थी और 28 अप्रैल को फलदान की रस्म भी तय थी। शादी की तैयारियों में जुटे इस युवक की अचानक मौत ने न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है।

# डॉ. साकेत कुमार पाठक बने विवेकानंद युवा महामंडल के अध्यक्ष, युवाओं में उत्साह की लहर

**●हमारा लक्ष्य है कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना- डॉ साकेत कुमार पाठक**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर समाज सेवा और युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में वर्षों से कार्य कर रहे डॉ. साकेत कुमार पाठक को हजारीबाग विवेकानंद युवा महामंडल का अध्यक्ष चुना गया है। यह निर्णय महामंडल की वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से लिया गया, जो शुक्रवार को विवेकानंद आई.टी.आई., जबरा रोड, कोर्रा, हजारीबाग में संपन्न हुई। वहीं डॉ. साकेत पाठक का चयन संगठन के लिए एक सकारात्मक और दूरदर्शी दिशा का संकेत माना जा रहा है। वे लंबे समय से सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और युवाओं के बीच प्रेरणा के स्रोत के रूप में प्रसिद्ध हैं। इस अवसर पर महामंडल के संरक्षक पद का दायित्व डॉ. सजल मुखर्जी ने ग्रहण किया। वहीं अंकित कुमार को सचिव तथा सुरेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।नई कार्यकारिणी समिति में डॉ. जयप्रकाश आनंद, डॉ. बिमल कुमार मिश्र, डॉ. राजकुमार चौबे, संजय तिवारी, अनूप सिन्हा, प्रकाश श्रीवास्तव, मानिक चक्रवर्ती, पुरुषोत्तम कुमार, संजीव कुमार और सचिन कुमार को भी शामिल किया गया है। सभा में महामंडल के पूर्व सचिव और कोषाध्यक्ष ने बीते वर्ष के कार्यों और आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। आगामी वर्ष के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें हजारीबाग के किसी विद्यालय में नए पाठचक्र की शुरुआत, विवेक वाहिनी इकाई की स्थापना तथा राष्ट्रीय युवा दिवस पर दो दिवसीय अंतर जिला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रमुख है। डॉ. साकेत कुमार पाठक ने अध्यक्ष पद ग्रहण करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुँचाएं और युवाओं को नैतिक, शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाएं। संगठन के माध्यम से हम शिक्षा, नेतृत्व और सेवा की नई परंपराएँ स्थापित करेंगे।

# डाडी प्रखंड में पहुंचा विधिक जागरूकता रथ, ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी

**● झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आयोजित शिविर में निश्शुल्क कानूनी सहायता और अधिकारों के प्रतिकिया गया जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर और प्रधान जिला जज रंजीत कुमार के देखरेख में शनिवार को विधिक जागरूकता रथ हजारीबाग जिले के डाडी प्रखंड पहुंची। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को कई कानूनी जानकारी से अवगत कराया गया। यह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन डाडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में किया गया था। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मुरली राणा चीफ डिफेंस काउंसिल, और विकास पांडे, आधिकार मित्र उपस्थित थे। इसके साथ ही प्रखंड स्तरीय पारा लीगल वॉलिंटियर्स भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विकाश कुमार पांडेय के द्वारा डीएलएसए की प्रासंगिकता के बारे में बताया गया और उन्होंने कहा कि डीएलएसए की सहायता से गरीब लोग न्याय आसानी से पा सकते हैं। साथ ही सभी को प्री-लिटिगेशन और मध्यस्थता प्रक्रिया से अवगत कराया। वहीं चीफ एल ए डी सी के द्वारा अनेक उदाहरणों के द्वारा कानूनी जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया गया। उनके द्वारा कानून की कई धाराओं और अधिकारों से उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार निश्शूल्क कानूनी सुविधा जरुरतमंदों को प्रदान करने के लिए तत्पर है। इस दौरान सभी से आवश्यकता पड़ने पर टौल फ्री नंबर 15100 को इस्तेमाल करने की भी बात कही। कार्यक्रम मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया एवं अंचलाधिकारी कमलकांत वर्मा भी संबोधित किए एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बारे प्रकाश डालें। डाडी प्रखंड के बलसगरा पंचायत एवं डाडी पंचायत में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# प्रेस क्लब बरही इकाई की बैठक संपन्न, संगठनात्मक मजबूती और सदस्यता अभियान पर जोर

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** प्रेस क्लब बरही इकाई की बैठक शनिवार को प्रखण्ड परिसर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज यादव ने की, जबकि संचालन सचिव अनुज सिंह ने किया। बैठक में प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप और सचिव मिथिलेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि पत्रकारिता एक जिम्मेदारी भरा पेशा है और संगठन पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को आपसी समन्वय और सहयोग की भावना के साथ कार्य करना है ताकि किसी भी चुनौती का सामना एकजुट होकर किया जा सके। उन्होंने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। सचिव मिथिलेश मिश्रा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब उसके सदस्य सक्रिय और जागरूक हों। उन्होंने कहा कि बरही इकाई की ओर से जिस प्रकार सक्रियता दिखाई जा रही है, वह पूरे जिले में चर्चा का विषय है। श्री मिश्रा ने प्रेस क्लब के सभी सदस्यों से अपील की कि वे संगठन के कार्यों में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ योगदान दें।बैठक के दौरान प्रखंड संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा भी की गई और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव भी बैठक में रखे, जिन पर गंभीरता से विचार किया गया। मौके पर अध्यक्ष अनुज कुमार यादव, सचिव अनुज कुमार सिंह सचिव, कोषाध्यक्ष राकेश रोशन, जयदीप सिन्हा, अब्दुल मनान वारसी, रितेश कुमार, सुजीत प्रधान, अंकित कुमार, पंकज कुमार, नितेश कुमार आदि मौजूद थे।

# पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने पहलगाम हिंसा के विरुद्ध जताया आक्रोश

**● आतंकवाद का नामो निशा मिटा देना चाहिए : पूर्व सांसद आतंकवादियों का जड़ से खात्मा होना चाहिए: बटेश्वर प्रसाद मेहता**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड -** कश्मीर की पहलगाम घाटी में बीते 22 अप्रैल को आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या किए जाने से आज पुरा देश आक्रोशित हैं। हिंदुस्तान की आजादी की लड़ाई सभी लोगों ने मिलकर लड़ी और आतंकवादियों के द्वारा इस तरह के कायराना हरकत से आपसी सौहार्द को बिगड़ने की कोशिश की गई है। जिन आतंकवादियों ने इस प्रकार के कायराना हरकत को अंजाम दिया है उन सभी को चुन-चुन कर खत्म करना चाहिए। उक्त बातें शनिवार को पगमिल रोड स्थित अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि आज पूरा देश इस घड़ी में एक साथ खड़ा है सभी आपके साथ है और सभी आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहते हैं ताकि इस घटना में मारे गए लोगों को इंसाफ दिलाया जाए। कहा कि पीएम मोदी को आगे बढ़कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा को लेकर भी सवालिया निशान खड़ा करते हुए कहा कि पहलगाम में तकरीबन एक घंटा तक आतंकवादियों के द्वारा टांडव किया गया इस बीच ना पुलिस पहुंची ना ही सुरक्षा बल पहुंचा। कहा कि मोदी तो कहते हैं कि कश्मीर में आतंकवाद समाप्त हो गया है। फिर भी इस प्रकार की घटना हो रही है कहा कि पाकिस्तान के द्वारा आतंकवादियों को बढ़ावा दिया जा रहा। जब तक पाकिस्तान में आतंकवाद खत्म नहीं होता है तब तक आतंकवादियों के द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहेगा ऐसे आतंकवादियों को चुन-चुन कर मार देना चाहिए। कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से यह पता चलता है की सूचना तंत्र पूरी तरह फेल है। गृह मंत्री अमित शाह को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कहा कि आज देश में जब इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही है मोदी देश के प्रति संवेदना छोड़ चुनावी सभा कर रहे हैं जबकि संकट की इस घड़ी में उन्हें राष्ट्र हित में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्र सरकार से ऐसे कायराना हरकत करने वाले आतंकवादियों को पड़कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करते हुए कहा कि आज पुरा देश पुरी एकजुटता के साथ खड़ा है। आतंकवादियों के द्वारा किए गए धर्म के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश को हम सभी देशवासी कभी कामयाब नहीं होने देंगे। पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए इस कायराना हरकत को लेकर उन्होंने आक्रोश भरे अंदाज में कहा कि आतंकवाद का नामो निशा मिटा देना चाहिए। श्री मेहता ने कहा कि आज पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा किए गए इस कुकृत्य को लेकर पाकिस्तान पूरी दुनिया भर में अलग-थलग हो गया है। दुनिया के तकरीबन सभी बड़े देश पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान के द्वारा मानवता को शर्मशार करने वाले घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं श्री मेहता ने पहलगाम में जिन कश्मीरियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना पर्यटकों की सुरक्षा की उनकी सराहना की। उन्होंने पहलगाम हिंसा में मारे गए लोगों एवं उनके परिवार जनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सभी दिवंगत आत्माओं की शांति तथा उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी का सामना करने के लिए हिम्मत प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। झारखंड राज्य स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा इस कायराना हरकत को लेकर आज पूरे देश भर में आक्रोश का माहौल है। ऐसे आतंकवादियों का जड़ से खात्मा होना चाहिए इसको लेकर केंद्र सरकार को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। इस मौके पर खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम, अशोक राम, सीपीआई के जिला सह सचिव निजाम अंसारी, सीपीआई के वरिष्ठ नेता मजीद अंसारी, महेंद्र राम, अनंत कुमार आर्या, मोहम्मद शमीम आदि उपस्थित थे।

# जिला न्यायालय के मुख्य द्वार पर प्याऊ का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात



**साहेबगंज,झारखंड-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहेबगंज अखिल कुमार ने जिला न्यायालय के मुख्य द्वार पर प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने स्वयं राहगीरों, पुलिसकर्मियों, अधिवक्ताओं, मजदूरों और दुकानदारों को गुल्कोज मिश्रित शीतल जल प्रदान कर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ÷ प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। यह केवल सेवा नहीं, एक संवेदना है, जो मानवता को जीवित रखती है। "उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों की छतों पर या बाहर जल पात्र रखें, ताकि पशु-पक्षी भी इस तपती गर्मी में राहत पा सकें। उन्होंने भीषण गर्मी से बचाव के लिए कहा कि बिना आवश्यक कारण धूप में निकलने से बचें. शरीर को ढककर रखें - हल्के और ढीले कपड़े पहनें, सिर पर टोपी, गमछा या छाता अवश्य रखें। समय-समय पर पानी पीते रहें 7 शरीर में लू लगने के लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत को निर्देश दिया कि शहर के प्रमुख स्थलों पर भी प्याऊ की व्यवस्था की जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय संजय कुमार उपाध्याय, जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रजनीकान्त पाठक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिंधु नाथ लामाये, सिविल जज सीनियर डिविजन अलोक मरांडी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, अधिवक्तागण, पारा लीगल वॉलेंटियर्स सह न्याय मित्र भी उपस्थित थे।

# विवेकानंद युवा महामंडल का वार्षिक आम सभा कार्यक्रम संपन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** कोर्रा जबरा रोड स्थित आई टी आई कॉलेज के प्रांगण में विवेकानंद युवा महामंडल का वार्षिक आम सभा का कार्यक्रम आयोजित की गई कार्यक्रम में डॉ सजल मुखर्जी को संरक्षक अध्यक्ष डॉ साकेत पाठक, सचिव अंकित कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार को बनाया गया। कार्यकारणी समिति में डॉ जयप्रकाश आनंद, डॉ बिमल कुमार मिश्र, डॉ राजकुमार चौबे, संजय तिवारी, अनूप सिंहा, प्रकाश श्रीवास्तव, मानिक चक्रवर्ती, पुरुषोत्तम कुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार सर्व सम्मति से बनाया गया बैठक में जिन लोगों को पदाधिकारी बनाया गया उन्होंने अपनी अपनी दायित्व निभाने का बातें कही।

बैठक में महामंडल के पूर्व सचिव के द्वारा पिछले साल के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार के द्वारा पिछले साल का आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। अगले वर्ष किए जाने वाले कार्यों में हजारीबाग में एक नया पाठचक्र हजारीबाग के किसी विद्यालय में प्रारंभ करना और विवेक वाहिनी का इकाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। अगले साल स्वामी विवेकानन्द की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के साथ साथ दो दिवसीय अंतर जिला युवा प्रशिक्षण शिविर करने का भी प्रस्ताव रखा गया जिसे आम सहमति बैठक में उपस्थित लोगों के साथ बनी। बताते चलें कि हजारीबाग विवेकानंद युवा महामंडल 2007 से हजारीबाग में कार्य कर रही हैं। इसके संस्थापक सदस्य गजानंद पाठक है। यह अखिल भारत विवेकानंद युवा महामंडल की इकाई है। इसके 350 इकाई पूरे भारत वर्ष में कार्य कर रही है। वर्तमान में हजारीबाग में इस संगठन के स्थाई प्रतिनिधि गजानंद पाठक हैं।

# गाड़ी के फिटनेस पेपर समाधान के लिए मुख्यमंत्री और परिवहन विभाग मंत्री से आग्रह किया

**● फिटनेस पेपर नहीं बनने के कारण हो रहा आर्थिक नुकसान : वाहन मालिक**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग,झारखंड-** झारखंड हजारीबाग जिला परिवहन रजिस्ट्रेशन नंबर के गाड़ी मालिको के बीच फिटनेस पेपर नहीं बनने के कारण वाहन मालिक बड़े परेशान हैं -फिटनेस पेपर पिछले एक महीनों नहीं बनने कारण कई हज़ार गाड़ियाँ बिना फिटनेस पेपर के कारण सड़क में खड़ी हो चुकी हैं इन विषय पर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बताया कि पिछले कई दिनों से इस समस्या को लेकर वाहन मालिको गाड़ी फिटनेस बनने की समस्या कब तक खत्म होगा इसका इंतज़ार में हैं -वाहन मालिको का कहना है की हमलोग बड़ी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है तो कई राज्यों में पेपर नहीं होने के कारण बड़ी पेलेंटी देना पड़ा हैं। वाहन मालिक राजेश साव और पंकज कुमार,मोजिम अंसारी ने यह भी कहा कि एक बड़ी यह भी है कि अगर गाड़ी इस दौरान दुर्घटना होती हैं तो इंश्योरेंस क्लेम हमलोग कैसे मिलेगा, इसका जिम्मेवारी कौन लेगा झारखंड सरकार या हजारीबाग जिला परिवहन कार्यालय, इन समस्या को लेकर कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने सोशल मीडिया और ट्वीट के माध्यम से झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सीएमओ,परिवहन मंत्री दीपक विरुआ, जिला प्रभारी मंत्री इरफ़ान अंसारी, विधायक ममता देवी वा संबधित अधिकारी को तुरंत समाधान को लेकर आग्रह किया। कहा कि कई ऐसे गाड़ी मालिक है जो दूसरे राज्यो में गाड़ी खड़ी कर पेपर बनने का इंतजार कर रहें हैं। इन समस्या को लेकर कई बार जिला परिवहन कार्यालय में अधिकारी से मिल चुंका हूँ लेकिन सकारात्मक जवाब नहीं मिला हैं।

# आतंकियों द्वारा पहलगाम में हुई निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की आनंद मार्ग के विश्व मंच पर कड़े शब्दों में निंदा शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना

**●भारतीय दर्शन में भगवान सदाशिव और माता पार्वती को आदर्श जीवन के प्रतीक के रूप में स्वीकारा गया है देव वह नहीं जो केवल पूज्य हो, बल्कि वह है जो अपने आचरण से समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनता है**

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग, झारखंड- हजारीबाग सहित आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में आनंद मार्गी विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन में भाग लेने शिमला गए हुए हैं। जो लोग इस सम्मेलन में शारीरिक रूप से भाग नहीं ले पा रहे हैं वह वेब टेलीकास्ट के माध्यम से इस सम्मेलन का लाभ उठा पा रहे हैं।आनंद मार्ग प्रचारक संघ द्वारा चौड़ा मैदान, पीटर हॉफ प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन (26-27 अप्रैल) के प्रथम दिन श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत ने प्रवचन का शुभारंभ किया।प्रवचन के प्रारंभ में उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों द्वारा हुई निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन को "देव संस्कृति" विषय पर उन्होंने कहा कि देव संस्कृति दिव्यता का आचरणमूलक दर्शन विषय पर हजारों साधकों को संबोधित करते हुए श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख जी ने कहा कि"भारतवर्ष, विशेषकर हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक परंपरा, मात्र रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों का संग्रह नहीं है, बल्कि एक गहन जीवन-दृष्टि है – जिसका मूल तत्व है देवत्व। मनुष्य केवल जन्म से नहीं, अपितु आचरण से देव बनता है।"देव : श्रेष्ठ आचरण का प्रतीक

संस्कृत वचन "श्रेयांसि बहुविघ्नानि" का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कार्यों में अनेक बाधाएँ आती हैं, परंतु सत्य, करुणा, सेवा और संयम के पथ पर अडिग रहने वाला व्यक्ति ही वास्तव में 'देव' कहलाता है। देव वह नहीं जो केवल पूज्य हो, बल्कि वह है जो अपने आचरण से समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनता है।देव संस्कृति की जड़ें : शिव और पार्वती का आदर्श जीवन भारतीय दर्शन में भगवान सदाशिव और माता पार्वती को आदर्श जीवन के प्रतीक के रूप में स्वीकारा गया है। उनकी जीवन शैली प्रेम, तप, त्याग और लोकमंगल की अद्भुत समन्वययुक्त थी, जो आज भी देव संस्कृति के मूल स्तंभ हैं। यह जीवन दृष्टि मनुष्य को व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर पूर्णता की ओर ले जाती है।शास्त्रों की त्रयी : निगम, आगम और तंत्र आचार्य जी ने विस्तार से बताया कि – माता पार्वती द्वारा पूछे गए प्रश्न 'निगम शास्त्र' हैं – जिज्ञासा और शिष्यत्व का प्रतीक। भगवान शिव द्वारा दिए गए उत्तर 'आगम शास्त्र' हैं – ज्ञान और कृपा का जीवंत प्रवाह। निगम और आगम के समन्वय से %तंत्र शास्त्र% की उत्पत्ति हुई – जो साधना, संतुलन और परम साक्षात्कार का दिव्य पथ प्रदर्शित करता है।देव संस्कृति – साधना का जीवंत मार्ग

**आचार्य जी ने कहा** —"देव संस्कृति केवल परंपरा नहीं, बल्कि साधना है। मंदिरों में पूजा करना पर्याप्त नहीं है; आवश्यक है कि हम अपने अंतःकरण को मंदिर बनाएं। देव संस्कृति वह जीवनशैली है जहाँ हर कर्म सेवा है, हर विचार करुणा है, और हर लक्ष्य लोककल्याण है।"आज जब मानवता भौतिकता की अंधी दौड़ में भटक रही है, तब देव संस्कृति का पुनरुद्धार समय की मांग बन गया है। आइए, हम अपने जीवन में आचरणमूलक दिव्यता लाकर इस धरती को पुनः देवभूमि बनाएं – प्रेम, सेवा और शाश्वत आनंद से आलोकित एक सुंदर संसार।

# सांसद विजय हांसदा ने पाकुडिया प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर सुनी जनसमस्याएँ, समाधान का दिया आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुडिया, झारखंड-** शुक्रवार, 25 अप्रैल को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा ने पाकुडिया प्रखंड के बालको, मोहनपुर सालगापड़ा, आलूदहा, सापादाहा, बड़ासपादाहा, गणपुरा, बाबुझुटी, बड़ासिंहपुर, छोटासिंहपुर, बेनाकुड़ा, घूरनी, चड़काडांगा, बानडिग्गा, लखिजोल सहित कई गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने जगह-जगह सांसद और अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। सांसद ने ग्रामीणों से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं – जैसे हर घर नल जल योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना आदि – के लाभ की जानकारी ली और विस्तृत जानकारी भी दी। दौरे के दौरान ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याएँ सांसद के समक्ष रखीं। समस्याएं सुनने के बाद सांसद ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, पूर्व केंद्रीय सदस्य देबीलाल हांसदा, सांसद प्रतिनिधि खुरशेद आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसफिना हेमब्रम, प्रखंड महिला मोर्चा अध्यक्ष सुबासिनी मुर्मू, मुखिया कालेश्वर हेमब्रम सहित कई नेता, कार्यकर्ता व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानाध्यापक समय से कार्य पूर्ण करें- बीईओ



**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ अंतर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने समीक्षा बैठक शिवपति इण्टर कॉलेज के सभागार में की। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने सभी प्रधानाध्यापकों को समय से विभागीय कार्य पूर्ण करने और पठान-पाठन व्यवस्था को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में बीइओ ने कक्षा पांच, आठ के बच्चों का ट्रांजिशन, नवीन नामांकन, एमडीएम संचालन जिलाधिकारी द्वारा जारी एसओपी का पालन व क्रियान्वयन, फॉलोअप पंजिका, गत वर्ष की धनराशि के प्रेरणा पोर्टल पर डीसीएफ भरना, कम्पोजिट धनराशि का बिल बाउचर, शतप्रतिशत बच्चों का अपार आईडी बनाना,, युडायस के ड्राप बॉक्स में से बच्चों को हटाना, बच्चों को इम्पोर्ट करना, युडायस पर स्कूल सर्टीकेशन, स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग ,स्टाफ,एसएमसी, पी टी ए मीटिंग नियमित करना, इको क्लब मिशन फार लाइफ का कैलेंडर अनुसार कार्य, अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा की गतिविधियों को कराने का निर्देश शिक्षकों को दिया। इस दौरान कृपा शंकर त्रिपाठी, मुस्तन शेरुल्लाह, लालजी यादव, संजीव राम, राजकुमार, अनिरुद्ध मौर्य, अतीउल्लाह, अमित चौधरी, विजय बहादुर, अनूप त्रिपाठी, अरविंद दयाल, फजलुर्रहमान, सुरेन्द्र यादव, सरिता यादव, कल्पना, यशवंत चौहान, दीपक वर्मा, मोहम्मद नैय्यर सिद्दीकी, संजय चौधरी, आनन्द त्रिपाठी, रामकिशुन गुप्ता, सन्तोष चौधरी, दधीचि कुमार, मोहम्मद रफ़ीक, मनोज सिंह, संजीव यादव, नरेंद्र तिवारी, अनुराग दीक्षित, मधुलिका, सावित्री देवी, हाजरा, अर्चना, ब्रह्मप्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं के साथ शिक्षकों ने बाटी खुशियां



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ कस्बा के सेठ रामकुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज के छात्राओं द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंकों से सफलता हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल की परीक्षा में विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा अवंतिका पाण्डेय ने 93.67% अंक हासिल कर जनपद के टॉपर्स सूची में स्थान बनाने में कामयाब रही और कॉलेज में भी प्रथम स्थान इन्हें हासिल हुआ। जबकि छात्रा वंदना 86.3त्न अंक पाकर विद्यालय में दूसरे स्थान पर और समीना खातून ने 80.3त्न अंक हासिल कर तृतीय स्थान पाने में सफल रहे। इसी तरह विद्यालय के कला वर्ग इंटरमीडिएट की छात्रा श्वेता शर्मा व सृजल ने 75.4% अंक हासिल कर प्रथम रही। छात्रा रेशमा ने 73.4 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय व रेशमा व शालू और रूपा ने 71.4 अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रही। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में श्वेता त्रिपाठी ने 86.2 प्रतिशत, लक्ष्मी ने 76.8 प्रतिशत, शिवानी ने 76.2 प्रतिशत और नेहा यादव ने 73.4% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी सफल छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू मिश्रा, शकीला परवीन,अपर्णा पांडेय, मेघ श्याम गुप्ता, सत्य प्रकाश शुक्ला, बालमुकुंद, विनय सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के उन्नाव हाईवे पर निहस्था गांव के निकट शाम को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्नाव के शुक्लागंज निवासी शुभम त्रिवेदी (25) पुत्र सुरेंद्र अपने मित्र के तिलोत्सव में शामिल होने के लिए बाइक से कुंहड़ौरा गांव आ रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे वह निहस्था गांव के निकट सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक आचार्य थे। वह दो भाइयों में बड़े थे। हादसे के बाद मां गीता देवी, पिता सुरेंद्र कुमार, छोटे भाई शिवम, फुकरे भाई विकास त्रिवेदी और मित्र देवेंद्र दीक्षित का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने हेलमेट पहन रखा था।

# बेइंतजामी: सीवर लाइन के कार्य के दौरान दो की मौत

**● कार्यस्थल पर सुरक्षा इंतजाम मिले शून्य**

**जिम्मेदार सरकारी विभाग की ओर से कोई अधिकारी कर्मचारी साइट पर नहीं था**





मृतक मजदूर और ठेकेदार के भाई का फाइल फोटो।

**स्वतंत्र प्रभात**

**वृंदावन।** बेइंतजामी ने दो लोगों की जान ले ली। रात भर काम और बिना सुरक्षा इंतजाम हादसा होने की संभावना थी लेकिन इसे जिम्मेदार नजर अंदाज करते चले गये। हादसे के बाद भी किसी की जिम्मेदारी तय हो गई इस बात की संभावना बेहद कम है। परिक्रमा मार्ग श्याम कुटी के समीप सीवर लाइन डालने के दौरान मिट्टी की ढाह खिसकने से दो लोगों की दर्दनाम मौत हो गई। ढाय खिसकने से दोनों मिट्टी के अंदर दब गये। जब तक उन्हें बाहर निकाला जा सकता तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने मौत की वजह मुहं और नांक में मिट्टी भर जाना बताया है। यह दुखद घटना शुक्रवार की रात्रि करीब 11.30 बजे की है। मिट्टी से निकालने के बाद दोनों को तत्काल सो सैया अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से दोनों परिवार में कोहराम मच गया है। रात्रि में हुए इस दर्दनाक हादसे की किसी को कानो कान खबर नहीं हो पाई। दोनों मजदूरों को उपचार के लिए आगरा भी ले जाया गया था। नौरंगी लाल पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी फिरोजाबाद मजदूर का शव पोस्टमार्टम के लिए मथुरा ले जाया गया। जबकि मृतक विजय जो ठेकेदार का भाई था उसका शव परिजन फिरोजाबाद ले गये। नगर निगम मथुरा वृन्दावन के अन्तर्गत वार्ड 34 में श्याम कुटी के पास से होकर गौरानगर को जाने वाली गली में सीवर लाईन विस्तार कार्य के समय कृष्णा मशीनरी ट्रेडर्स फिरोजाबाद के लोग काम कर रहे थे। नगर निगम मथुरा वृन्दावन के दो जोनों, औरंगाबाद व वृन्दावन में सीवर लाईन विस्तार का कार्य मय मैटेरियल एवं विभिन्न साइज के मैनहोलों का निर्माण कार्य फर्म मैसर्स कृष्णा मशीनरी ट्रेडर्स, फिरोजाबाद द्वारा कराये जा रहे हैं। घटना होने के दौरान मौके पर कोई भी सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं थे। यह भी बताया



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस एवं अन्य लोग।

जा रहा है कि जिस समय हादसा हुआ सरकारी विभाग के इंजीनियर सहित अन्य कोई विभागीय कर्मचारी भी मौके पर नहीं था। रातभर काम चलने के पीछे कारण बताया जा रहा है कि जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता का ठेकेदार पर काम जल्द निपटाने का भारी दबाव था।

## मेरे विचार और राष्ट्रीय अपील (अधिवक्ता अमित तिवारी, सिविल कोर्ट, जौनपुर)

**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** जब भी देश की धरती पर आतंकी हमले होते हैं, हर भारतीय का हृदय घायल होता है, और मेरा भी। आतंकवाद न केवल निर्दोष लोगों के प्राण हरता है, बल्कि हमारे आत्मसम्मान, हमारे लोकतंत्र और हमारे अस्तित्व पर भी गहरा प्रहार करता है। आज मैं, अमित तिवारी, अधिवक्ता, सिविल कोर्ट जौनपुर, राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक से एक भावुक अपील करता हूँ - आइए, हम आतंकवाद के खिलाफ एक अडिग दीवार बन जाएँ। हमारी एकता, हमारी सजगता और हमारी राष्ट्रभक्ति आतंकवाद के विरुद्ध सबसे शक्तिशाली हथियार हैं।

हम किसी भी मजहब, जाति, भाषा या क्षेत्र से हों, परंतु जब बात मातृभूमि की रक्षा की हो, तो हमारा सिर्फ एक ही धर्म हो – भारत माता की सेवा। मैं सरकार से भी यह आग्रह करता हूँ कि देश के दुश्मनों के खिलाफ कानूनी शिकंजा और अधिक मजबूत किया जाए। आतंकवादियों और उनके संरक्षकों के लिए कोई दया नहीं होनी चाहिए। ऐसे मामलों में न्याय प्रणाली तेज, निष्पक्ष और कठोर हो- ताकि आतंक का बीज बोने वाले हर मनुष्य को त्वरित और



उदाहरणात्मक सजा मिले।

**साथ ही, मेरा अनुरोध हर जागरूक नागरिक से है** –अपने मोहल्ले, गांव, कस्बे और शहर में चौकन्ना रहें। हर संदिग्ध गतिविधि पर नज़र रखें और तत्काल प्रशासन को सूचित करें। याद रखें, "एक जागरूक नागरिक सौ सैनिकों के बराबर है।" देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मैं कहना चाहता हूँ कि उनकी शहादत हमें चेताती है कि हम अपनी स्वतंत्रता और अखंडता की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करें। यह समय भयभीत होने का नहीं, एकजुट होकर आगे बढ़ने का है।

**आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें**– "भारत की धरती पर आतंक के काले साए को कभी पनपने नहीं देंगे।

देश की अखंडता और सम्मान के लिए अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे।

## बिना किसी रोक टोक के हो रहा है अवैध मिट्टी खनन, प्रशासन बेखबर

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु कोतवाली थाना क्षेत्र के कई इलाकों में गेहूं की फसल कटने के बाद अवैध मिट्टी खनन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। पुलिस प्रशासन की लापरवाही से माफिया अवैध कारोबार करके मौज कर रहे हैं। जब कुछ जानने के बावजूद भी जिम्मेदार मौन है। अवैध काम में लगे माफियाओं को बाकायदा जेसीबी समेत लोडर से मिट्टी खनन कर टैक्टर ट्रालीऔर डंफर से ढोते हुए देखा जा सकता है। मिट्टी खनन माफिया कपिलवस्तु क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध धंधे के शक्ल में खुलेआम मिट्टी खुदाई का काम को बिना किसी भय के अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से किया जा रहे खनन कार्यो से माफियाओं के पौ बारह हैं। क्षेत्र के दर्जनों गांवों में इन दिनों तेजी से मिट्टी खनन हो रहा है, जिससे गांवों में काफी धूल युक्त प्रदूषण फैलता जा रहा है। मिट्टी खनन से भू क्षरण से होने वाला नुकसान भी बढ़ता जा रहा है। इस संबध में जिला खनन अधिकारी मुकेश मिश्रा का कहना है कि अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है,अभियान के दौरान जो अवैध खनन करता पकड़ा जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पीड़ित पत्रकार के मामले में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल ने भरी हुंकार

**● सिचाई डाक बंगले में बैठक कर बनाई गई रणनीति**

**संगठन ने पीड़ित पत्रकार के पक्ष में उठाई आवाज**





**स्वतंत्र प्रभात**

**गोण्डा।** महिला पत्रकार रुबी अवस्थी के साथ घटित घटना का मामला दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। पुलिस की लचर कार्यप्रणाली से असंतुष्ट महिला पत्रकार ने कई बार उच्चाधिकारियों से गुहार लगाती रही। लेकिन मामले को लेकर देहात पुलिस विपक्षियों से ही सांठगांठ करती रही। इन सभी चीजों को देखते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोण्डा के तत्वावधान में पत्रकारों का समूह एक जुट होकर शनिवार को शहर के सिचाई डाक बंगले में बैठक कर पत्रकार पर हुए इस तरह के कृत्य को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

शनिवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल उपाध्यक्ष अनिल दूबे, जिला प्रभारी ए.आर उस्मानी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के नेतृत्व में शहर के सिचाई डाक बंगले में महिला पत्रकार रुबी अवस्थी के साथ घटित घटना को लेकर रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही पत्रकारों पर बढ़ रहे उत्पीड़न व हमलों को लेकर भी चिंता जताई गई। मंडल अध्यक्ष अनिल दूबे ने कहा कि महिला पत्रकार रुबी अवस्थी का प्रकरण काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि हम सभी पत्रकार साथी रुबी अवस्थी के साथ है और उनकी लड़ाई संगठन की लड़ाई है। वहीं जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि जिस तरह से देहात पुलिस व विपक्षी महिला पत्रकार के साथ पेश आ रही है। उसके लिए पूरा संगठन आरपार की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस ने महिला पत्रकार की तहरीर बदलकर मामूली धाराओं मे केस दर्ज कर दिया। जबकि पीड़ित के साथ उसके विपक्षियों ने उस पर जानलेवा हमला किया। लेकिन पुलिस विपक्षियों से मिल क्रास केस कर उल्टा महिला पत्रकार पर ही केस दर्ज कर दिया। बैठक में अन्य मुद्दों के साथ 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर बैठक में महिला जिलाध्यक्ष खुश्बू कन्नोजिया, ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह, जोगेंद्र प्रसाद दुबे, मुन्ना लाल पांडे, शिवकुमार पांडे, दीपक कौशल, रामकुमार कौशल, अनुराग ओझा, नीरज शुक्ला ,पूनम देवी ,विनय कुमार मिश्रा, अर्जुन प्रसाद मिश्रा, सुशील कुमार द्विवेदी, गुरु वचन शर्मा, महेश कुमार मिश्रा, बीपी मिश्रा, विनोद आर्य, पंकज कुमार पांडे, कृष्ण कुमार मिश्रा, ओमकार पांडे, रविंद्र कुमार द्विवेदी ,संजय साहू, प्रदीप जायसवाल, आशीष मिश्रा, इकबाल शाह, अमित कुमार तिवारी, रक्षा राम पाठक , मथुरा प्रसाद विपिन तिवारी, विनोद कुमार तिवारी, श्री प्रकाश शुक्ला, दिनेश चंद्र त्रिपाठी एडवोकेट, मोहम्मद महबूब सैयद जिला प्रवक्ता, विशाल गुप्ता, सुशील पांडे, राजेश पांडे, बाबूलाल शर्मा, अमरनाथ पाठक, बृजभूषण तिवारी, प्रमोद शुक्ला, मोहित दुबे, सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माणधीन परियोजनाओं को करे पूर्ण- डीएम

**● समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माणधीन परियोजनाओं को करे पूर्ण - डीएम**



**स्वतंत्र प्रभात**

रमेश कुमार यादव

**बलरामपुर** जनपद में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति , नई सड़कों का निर्माण, नहर विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सभी निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर उपभोग प्रमाण पत्र भेज दिया जाए जिससे समय से अगली किस्त मिल सके , इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य भी होगी।उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण दिया जाएं।शहरी क्षेत्रों में पेयजल परियोजना की सुस्त रफ्तार पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त दी , उन्होंने पेयजल परियोजना में तेजी लाए जाने एवं क्षतिग्रस्त सड़कों एवं अन्य सरकारी संपतियों को सही करते हुए पहले जैसा किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने लापरवाही पर ब्लैक लिस्ट एवं एफआईआर की चेतावनी दी। इस दौरान उन्होंने नहर विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई एवं सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीईएसटीओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### शत प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, होनहार छात्र को मुँह मीठा कराकर स्वर्णिम भविष्य की कामना व्यक्त की गई



**बदलापुर /जौनपुर** तहसील बदलापुर क्षेत्र क़े ब्लाक बदलापुर अंतर्गत स्थित श्री लाल बाबा महाराज पूर्वांचल हाईस्कूल, बिठुआ कला, बदलापुर, क़े होनहार छात्र विवेक कुमार यादव पुत्र राम सजीवन यादव ग्राम बिठुआकला यूपी बोर्ड की परीक्षा कुल प्राप्ताँक 547 अंक परसेंटेज - 91.17त्न पाकर एक और जहाँ जनपद का गौरव बढ़ाया है, वही विद्यालय क़े प्रबंधक भेरो प्रसाद सिंह अधिवक्ता सहित विद्यालय परिवार ने छात्र क़े स्वर्णिम भविष्य की कामना व्यक्त की है।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जौनपुर में निकली आक्रोश रैली, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर, 26 अप्रैल**– पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के विरोध में जौनपुर नगर में शनिवार को एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गई। इस दौरान शहीद हुए जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई गई। रैली का आयोजन नगर पालिका प्रांगण से भंडारी रेलवे स्टेशन तक किया गया। इस रैली में जौनपुर के विभिन्न इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, प्रधानाचार्यगण और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने "हिंदुस्तान जिंदाबाद", "पाकिस्तान मुर्दाबाद" और "आतंकवाद मुर्दाबाद÷ जैसे गगनभेदी नारों के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त किया। रैली का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता सलमान शेख द्वारा किया गया, जिनके साथ नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस जनजागरण रैली में नगर पालिका इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका



इंटर कॉलेज, साजिदा गर्ल्स इंटर कॉलेज, राधा कृष्ण दत्त इंटर कॉलेज, और राधिका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रैली का उद्देश्य न केवल आतंकवादी हमलों के प्रति विरोध जताना था, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करना भी था। सभी प्रतिभागियों ने शांति और एकता का संदेश देते हुए शहीदों के बलिदान को नमन किया। इस आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण और शिक्षकगण आयोजक की भूमिका में रहे और उन्होंने देश की सुरक्षा एवं अखंडता के लिए एकजुट होकर खड़े रहने का आह्वान किया।

## हेमेन्द्र हत्या कांड: चाय खोखा मालिक के दोनों पैरों में लगी पुलिस की गोली

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** बिल्डिंग मिटेरियल सप्लायर हेमेन्द्र गर्ग की हत्या में वांछित दो शूटर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक दिन पहले मुख्य 23 अप्रैल को हेमेन्द्र गर्ग की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। एसओजी, स्वाट, सर्विलांस व थाना गोविन्द नगर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में हत्या कर दी गई थी। शूटर राकेश पुत्र स्व.धर्मपाल निवासी हालनगंज मायाटीला थाना गोविन्दनगर व सादिल शाह पुत्र वारिस निवासी मसानी तिराहा करवला थाना गोविंद नगर मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हो गये। अभियुक्त राकेश के दोनों पैर में व अभियुक्त सादिल एक पैर में गोली लगी है। अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्रा में असलाह कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई। दोनों घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने अभियुक्तों से पूछताछ के बाद कहा है कि योगेश व राजन द्वारा जमीनी विवाद के कारण बिल्डिंग मिटेरियल सप्लायर्स हेमेन्द्र गर्ग की हत्या की सुपारी सूटर राकेश व आदिल शाह को दी गयी थी। सूटर राकेश व आदिल शाह ने 23 अप्रैल



पुलिस मुठभेड़ के बाद पैर में गोली लगने से घायल हेमन्द्र की हत्या का शूटर।

को रात्रि समय करीब 10 बजे मोक्षधाम के पास हेमेन्द्र गर्ग की गोली मारकर हत्या कर मोटर साइकिल से भाग गये थे। हेमेन्द्र गर्ग की हत्या करने के लिए अभियुक्त राजन व योगेश ने शूटर राकेश को विवादित जमीन पर स्थित खोखे के स्थान पर पक्की दुकान बनाकर देने की बात तय की थी।

**करोडपति यादव बंधु थाने के कार्यालय हुए गिरफ्तार**

राजेन्द्र कुमार गर्ग पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार गर्ग निवासी निवासी 93 नगर पंचवटी कालौनी सरस्वती कुण्ड मथुरा द्वारा अपने भाई हेमेन्द्र गर्ग की हत्या के सम्बन्ध में 24 अप्रैल को धारा 103(1) बीएनएस में अज्ञात में



हेमेन्द्र की हत्या के मुख्य आरोपी और मास्टर माइंड यादव बंधुओं की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार।

अभियोग पंजीकृत कराया था। मृतक कारोबारी नेता हेमेन्द्र गर्ग पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार गर्ग निवासी निवासी गायत्री विहार कालोनी जयसिंहपुरा थाना गोविंद नगर मथुरा की हत्या के अभियोग में प्रकाश में आये मास्टर माइंड योगेश व राजन पुत्रगण विशम्भर नाथ निवासी बीएसए कॉलेज कृष्णा विहार थाना कोतवाली मथुरा को एक दिन पहले पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों अभियुक्त आपस में भाई हैं। दोनों अभियुक्त मिठाई दूध का कारोबार करते हैं और करोड़पति हैं। दोनों को पुलिस ने गोविंद नगर पुलिस थाने के कार्यालय से गिरफ्तार किया।

## पारदर्शिता के लिये राशन डीलरों के इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों की तहसील परिसर में हुई जांच

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ क्षेत्र के राशन कार्ड धारकों को कोटेदारों द्वारा सही मात्रा में सरकारी खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील शोहरतगढ़ परिसर में स्थित आपूर्ति कार्यालय में सोमवार को बांट माप मशीन के जांच के लिए शिविर का आयोजन हुआ। तहसील क्षेत्र के बढ़नी व शोहरतगढ़ के गांव के 150 कोटेदारों ने अपने दुकान के इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की शुद्ध तौल की जांच कराया। लिंक वेल कम्पनी के इंजीनियरों ने एक एक मशीन की बारी बारी वजन की शुद्धता की जांच की गई। मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी दिखने पर या वजन में कमी या अधिकता की खामी मिलने पर उसे सही करते हुये कम्पनी का सील टैग लगाकर कोटेदारों को वापस किया गया। आपूर्ति निरीक्षक सतीश सिंह व राणा प्रताप सिंह ने बताया कि शोहरतगढ़ के पचहत्तर और बढ़नी के पचासी कोटेदारों के इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की जांच इंजीनियरिंग द्वारा की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा राशन कार्ड धारकों को शुद्ध मात्रा में खाद्यान्न दिलाने के लिए मशीन की शुद्धता की जांच वर्ष में एक बार करता है ताकि राशन कार्ड धारकों को सही वजन में राशन मिले। समय समय पर निरीक्षण कर देखा जाता है कि राशन डीलरों द्वारा पारदर्शिता के साथ और सही मात्रा में राशन का वितरण किया जा रहा है।



यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो उचित कार्रवाई की जाती है। जांच के समय टल मशीनों में सील टैग लगा न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अखलाक अहमद, आनंद प्रकाश सिंह, चंद्रप्रकाश, मनव्वर, रोजी परवीन बाबूलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं में नई क्रांति- विधायक बावन सिंह ने हलधरमऊ में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का किया लोकार्पण

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** कटरा विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी विधायक श्री बावन सिंह ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हलधरमऊ परिसर में नवनिर्मित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भव्य लोकार्पण किया। पारंपरिक रीति से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता में विशेष उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बावन सिंह ने कहा, "प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुलभ बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। इस यूनिट के शुरू होने से हलधरमऊ सहित आस-पास के गांवों के हजारों लोगों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। "उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सरकार की मंशा हर नागरिक को प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं उनके द्वार तक



पहुंचाने की है, और इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। श्री सिंह ने सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस सुविधा का अधिकतम लाभ क्षेत्रवासियों तक पहुंचाने की अपील की।

**जनता में खुशी की लहर**

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक एवं सरकार के प्रति आभार जताया। लोगों का कहना है कि अब उन्हें इलाज के लिए दूर दराज के बड़े अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की



बचत होगी।

**स्वास्थ्य विभाग ने दिया भरोसा**

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भी आश्वस्त किया कि इस यूनिट में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और हर मरीज का प्राथमिकता के आधार पर इलाज किया जाएगा।समारोह में ब्लाक प्रमुख हलधरमऊ वैभव सिंह नीरज सिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्यकर्मी, ग्राम प्रधान, बुद्धिजीवी तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव चरित्र का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के सिकटा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार की रात ध्रुव चरित्र कथा का वर्णन किया गया कथा सुन श्रोता भाव विभोर गए। अयोध्या धाम से पधारे कनकेश्वरी देवी ने कथा का प्रारंभ करते हुए सुनाया कि एक बार उत्तानपाद सिंहाशन पर बैठे हुए थे। ध्रुव भी खेलते हुए राजमहल में पहुंच गए। उस समय उनकी अवस्था पांच वर्ष की थी। उत्तम राजा उत्तनपाद की गोदी में बैठा हुआ था। ध्रुव जी भी राजा की गोदी में चढ़ने का प्रयास करने लगे। सुरुचि को अपने सौभाग्य का इतना अभिमान था कि उसने ध्रुव को डांटा- च्वाइस गोद में चढ़ने का तेरा अधिकार नहीं है। अगर इस गोद में चढ़ना है तो पहले भगवान का भजन करके इस शरीर का त्याग कर और फिर मेरे गर्भ से जन्म लेकर मेरा पुत्र बन।"



ध्रुव जी रोते हुए अपनी मां के पास आए ,मां को सारी व्यथा सुनाई। सुनीति ने सुरुचि के लिये कटु-शब्द नहीं बोले, उसे लगा यदि मैं उसकी बुराई करुंगी तो ध्रुव के मन में हमेशा के लिये वैर-भाव के संस्कार जग जायेंगे। सुनिति ने कहा ध्रुव तेरी विमाता ने जो कहा है, सही कहा है। बेटे यदि भिक्षा मांगनी है तो फिर भगवान से ही क्यों न मांगी जाय। भगवान तुझ पर कृपा करेंगे, तुझे प्रेम से बुलायेंगे, गोद में भी बिठाएंगे। अब तुम नारायण का भजन करो। इस दौरान ज्ञान प्रकाश सिंह, अरविंद पाण्डेय, यशवीर सिंह, विनय कुमार सिंह, परमानंद पाण्डेय, धर्मवीर सिंह, केशव सिंह साकेत सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसेवा इंटर कॉलिज के चार शिक्षक निलम्बित

**चित्रकूट-** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं से नोट निकालने के मामले में चार शिक्षकों को निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी निलम्बित हुए है। यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान जिला मुख्यालय स्थित श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलिज में परीक्षार्थियों द्वारा प्रश्न पत्र हल किए जाने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के दौरान कुछ शिकायते सामने आई थीं। जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं को जमा करने वाले कक्ष में मौजूद कुछ शिक्षकों द्वारा खोला जा रहा था और पृष्ठों को पलटकर नोट ढूंढे जा रहे थे। इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ था। (हालांकि दैनिक जागरण इस वीडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं कर रहे है।) जिसके बाद यूपी बोर्ड द्वारा भी इस मामले को संज्ञान में लिया गया था और प्रकरण की जांच कराई गई थी। जांच के बाद जिला विद्यालय निरीक्षण संतोष कुमार मिश्रा ने दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए विद्यालय के प्रबंधक को पत्र लिखा था। जिसके बाद प्रबन्धक ज्ञानेन्द्र सिंह ने शिक्षक अनूप अग्रहरि, मनीष मिश्रा, कमल सोनकर, व्यायाम प्रवक्ता शैलेन्द्र सिंह व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुनील सोनकर व जय सिंह को निलम्बित कर दिया है। इस मामले में जांच के दायरे में आए व्यवसायिक शिक्षक अनिल सिंह हाल ही में सेवानिवृत्त हुए है। इस सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रबन्धक द्वारा इस मामले में कुछ शिक्षकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को निलम्बित किया गया है, जिन्होंने प्रत्यावेदन दिया है।

### आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा तीन अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी आसपुर देवसरा धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उ0नि0 गणेशदत्त पटेल मय हमराह उ0नि0 योगेन्द्र सिंह, उ0नि0 राजन कुमार बिन्द, म0उ0नि0 दिव्या सिंह, हे0का0 भानु प्रताप सिंह का0 कैलाश यादव, का0 शिवम सिंह मय चालक का0 ज्वाला सिंह द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी के दौरान मुखबिर की सूचना पर 03 अभियुक्तों आयुष सिंह पुत्र सुनील कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह निवासी रसूलपुर मानापुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़,विपिन यादव पुत्र स्व0 रामबहाल यादव निवासी ग्राम नीमा गोपालपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ,सक्षम पाण्डेय पुत्र सुनील पाण्डेय निवासी सोनावा थाना चाँदा सुल्तानपुर को थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत नरवारी मोड़ ग्राम नरवारी के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों के कब्जे से 01 देशी तमंचा 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर व चोरी की मोटर साइकिल के साथ बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना आसपुर देवसरा में मु0अ0सं0 114/25 धारा 317(2)/317(4)/319(2)/318(4)/338/336 (3) / 340 (2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट राज्य का अभियोग दर्ज किया गया है।

### न्यू एंजिल्स स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** न्यू एंजिल्स स्कूल में तीन दिवसीय डान्स एन्जेलाइट्स डान्स इवेन्ट का धमाका 24 अप्रैल को कक्षा 6,7,एवं 8 के छात्र छात्राओं के मध्य हुआ और समापन नृत्य प्रतियोगिता के साथ 26 अप्रैल को विद्यालय के आडिटोरियम में सरस्वती वन्दना से आरम्भ हुआ। मुम्बई के प्रतिष्ठित रोहन ग्रुप डान्स स्कूल के ट्रेंड कोरियोग्राफर शुभम वर्मा ने बच्चों को बालीवुड नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया और हिपहाप ट्रेनिंग भी दी।शनिवार की नृत्य प्रतियोगिता में अचीवर हाउस से इशिता, सोनाक्षी, रिया, शिवांश, अंशिका, प्रियांशी, और आयुष्मान ने भाग लिया। बिलीवर हाउस से अरीशा, आराध्या, सौभाग्या, स्वस्ति, अग्रता, वैदिक, स्वरा, आलमिन, और मो.क़ासिम ने भाग लिया। चैलेंजर हाउस से प्रज्ञा, यशस्वी, आस्था, रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि, दीप्ति,वेदांशश सिंह नैतिक, अंश, भवानी,अर्श,और अवन्तिका ने भाग लिया। कांकरर हाउस से सृष्टि, कृतिका, आयशा, कौष्टुभ, अभिषेक, अनुज और, वेदांश ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बिलीवर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर समृद्धि, अग्रता, स्वस्ति, दीप्ति और आराध्या के एकल नृत्य ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन एफ़ ज़ीनत मैनेजर एच.आर द्वारा और कोआरडिनेशन सुमन सिंह और तान्या दीवान के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य बीके सोनी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने सभी छात्र एवं छात्राओं को सुन्दर कार्यक्रम के लिये बधाई दी।सहभागिता करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट और विजयी बिलीवर हाउस को ट्राफ़ी देकर सम्मानित किया गया।

## सपा का आरोप ! महानगर के 100 वार्डों में बिजली की भारी किल्लत उपभोक्ता बिजली कटौती से जाग कर काट रहे रात

●लघु उद्योगों में उत्पादन की गिरावट बिजली का निजीकरण की ओर ले जाकर बड़े घरानों को फायदा पहुंचाने की व्यापक तैयारी - फ़ज़ल महमूद

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर पीडीए मिशन तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक सपा कार्यालय में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में बिजली की समस्या को लेकर शहर के पीडीए मिशन के सर्वेक्षण रिपोर्ट को लेकर आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि कानपुर महानगर में 100 वार्डो में बिजली की भारी किल्लत है बिजली की बीच-बीच में कटौती काफी समय के लिए और कहीं आंख मिचौली से जनता परेशान है क्योंकि बिजली की किल्लत के कारण उपभोक्ता गढ़ रात में सो नहीं पाते और रात्रि जागकर बिताते हैं। जिसके कारण माइग्रेन,पेट की बीमारी तथा डायरिया शुगर से भारी संख्या में जनता शिकार हो रही है जिसकी वजह से डॉक्टरो के इलाज के लिए उनकी जेब कट रही है लेकिन भाजपा सरकार बिजली की समस्या पर ध्यान न देकर निजीकरण पर मजबूती से बड़े घरानों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि बिजली की किल्लत से रायपुरवा लक्ष्मी पुरवा बगाही बाबूपुरवा जवाहर नगर अशोक नगर शास्त्री



नगर विजय नगर गंगागंज शारदा नगर गीता नगर कल्याणपुर बारा सिरोही गंगागंज पनकी काकादेव रावतपुर मसवानपुर हंसपुर नौबस्ता बर्रा दबौली गुजैनी खाडेपुर दादा नगर कॉलोनी नौरैया खेड़ा लाल कुर्ती कुली बाजार बेकनगंज सहित सैकड़ो मोहल्ले में बिजली की कठिनाईयो से स्थिति भयावह की ओर जा रही है जिसके कारण पीने का पानी भी नहीं मिल पाता है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पेट्रोल डीजल की तरह कीमतों में मूल्य बढ़ाने घटाने का जो चक्र चलाकर जनता की जेब काट रही है उसी तरह प्रदेश सरकार बिजली के बिलों में भी बढ़ोतरी करके जनता पर भार डाल रही है जबकि उपभोक्ताओं का सर प्लस पैसा बिजली का जमा है उसे अभी तक समायोजन नहीं किया गया है सपा 1 मई मजदूर दिवस से बिजली बिलों का सर प्लस जमा समायोजन को लेकर अभियान चलाएगी। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी, नंदलाल जयसवाल, हाजी अयूब आलम, आंनद शुक्ला, महेन्द्र सिह, शबाब अबरार, रजत मिश्रा, दीपक खोटे, सुलेखा यादव, शादाब आलम, दिनेश विश्वकर्मा, के के मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## अपराध शाखा द्वारा ढाई किलो चरस के साथ तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** अपराध शाखा की स्वाट टीम ने एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट थाना चमनगंज में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से ढाई किलो चरस व एक पिस्टल बरामद की है। उक्त प्रकरण मे पुलिस उपायुक्त अपराध एम.एम.कासिम आबिदी द्वारा बताया गया है कि रियाज पुत्र अतीक हलीम कालेज चौराहा थाना चमनगंज कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष, इमरान पुत्र स्वर्गीय अकील हुमायुबाग थाना चमनगंज कानपुर नगर उम्र 24 वर्ष, अरमान अंसारी पुत्र स्वर्गीय मुता अंसारी ग्राम गरिमापुरा थाना संग्रामपुर निवासी मोतीबारी बिहार उम्र 48 वर्ष को हलीम कालेज चौराहा थाना चमनगंज से दिनांक 25 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम के



उत्साहवर्धन हेतु पुलिस उपायुक्त अपराध महोदय द्वारा 25000/- रूपये का पुरूस्कार घोषित किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 किलो 460 ग्राम चरस, एक अदद पिस्टल व 3 जिन्दा कारतूस, 3 अदद एंड्रायड मोबाइल फोन व कुल 2500 रूपये बरामद किए हैं। इनमें से एक चरस लेकर आया था और एक ने मंगाई थी तथा एक अभियुक्त को चरस दी जा रही थी।

## पीड़ितों की समस्याओं का धैर्यपूर्वक समाधान करें - डीसीपी सेंट्रल

●निरीक्षण के दौरान डीसीपी सेंट्रल ने फरियादियों को भी धैर्यपूर्वक सुना

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** दिनांक 26.04.2025 को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना स्वरूपनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ने क्षेत्र से संबंधित जनसमस्याओं की गंभीरता से सुनवाई की और फरियादियों को शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगंतुकों व पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनके बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं सभी समस्याओं का धैर्यपूर्वक समाधान करें। इसके अतिरिक्त,



पुलिस उपायुक्त द्वारा थाना स्वरूपनगर का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए कार्यालय अभिलेख, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, सीसीटीएनएस व आगंतुक रजिस्टर की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, कार्यालय संचालन को पारदर्शी बनाए रखने तथा आमजन को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए।

### थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमेठी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थाना जायस पर की गयी जनसुनवाई



**अमेठी।** जनपद के थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी अमेठी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा थाना जायस पर आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गए । जनसुनवाई के दौरान राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे ।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में माननीयों ने गिनाये हाईवे के ब्लैक स्पाट

●जिलाधिकारी ने लोकनिर्माण विभाग को समस्या के निदान के दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नवीन सभागार, सरसैया घाट में संपन्न बैठक हुई, जिसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए जिन्होंने अपने - अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में स्थित ब्लैक स्पॉट्स को खत्म करने पर विचार किया गया। सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने नगर में मौरंग से लदे ओवरलोडेड ट्रकों के आवा- गमन पर चिंता जाहिर करते हुए हमीरपुर राजमार्ग पर जाम व दुर्घटनाओं इत्यादि के विषय में अवगत कराते हुए इन समस्याओं की निराकरण हेतु ठोस प्रयास किए जाने की मांग की। विधायक सरोज कुरील ने




कानपुर में कबरई राजमार्ग में स्थित छह ब्लॉक स्पॉट्स के अलावा गांव के किनारे बसे हुए इलाकों में गांव की शुरुआत व अंत में स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने जेके मंदिर के पास, नौरैया खेड़ा बाई पास पर और थम्सअप चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की बात की मांग की। उन्होंने भौती - जाजमऊ उजएनी ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं की समस्या उठाई। मैथानी ने पनकी धाम मंदिर के पास स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई उक्त समस्याओं के संबंध में लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से समस्याओं के समय से निस्तारण के निर्देश दिए गए वहीं,एनफोर्समेंट (परावर्तन) के संबंध में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराते हुए कहा कि मार्च 2025 तक जनपद में गाड़ियों के 14000 चालान किए जिसमें 6920 गलत दिशा में वाहन चलाने 103 ड्रिंक एंड ड्राइव व 144 बिना लाइसेंस ड्राइविंग करने वालों के चालान किए गए।

### डीएम एवं एसपी ने निर्माणाधीन थाना दिलीपपुर के कार्यो, महादेवन मन्दिर व सई नदी तट का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने निर्माणाधीन थाना दिलीपपुर के कार्यो का निरीक्षण कर सम्बन्धित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द थाने के निर्माण कार्य को पूरा किया जाय और जो भी कार्य कराये जाय उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। यदि निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त नहीं पाया जायेगा तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने निर्माणाधीन थाने का विधिवत निरीक्षण किया। इसके उपरान्त डीएम व एसपी द्वारा दिलीपपुर में सई नदी तट पर स्थित प्राचीन मन्दिर महादेवन का निरीक्षण किया। डीएम ने सई नदी तट पर बनाये गये घाट का निरीक्षण कर एसडीएम को निर्देशित किया कि घाट का सौन्दर्यीकरण कराया जाय जिससे महादेवन मन्दिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। महादेवन मन्दिर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रहे इसका विशेष ध्यान दें। इस दौरान महादेवन मन्दिर के बगल स्थित प्राचीन कुंआ को डीएम व एसपी ने देखा तथा कुएं के जल को निकलवाकर उसका सेवन भी किया, कुएं का पानी शीतल एवं मीठा था।

## वृहद गोशाला निर्माण में देरी के लिये संस्था ब्लैक लिस्टेड अधिशाषी अभियंता के विरुद्ध कार्यवाही

●जिलाधिकारी ने विभागों की बैठक में विभागों पर की कड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में शादी अनुदान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पशुओं के टीकाकरण, कृषि, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, लोक निर्माण समेत अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। निर्देशित किया कि जिन विभागों ने अब तक वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की है, वे पिछले वर्ष के कुल लक्ष्य का 20त्न जोड़कर नया लक्ष्य निर्धारित करें



जिलाधिकारी ने समीक्षा में यह पाया कि वृहद गोशाला निर्माण कार्य (जमालपुर, ककवन एवं नानामऊ, बिल्हौर) में विलंब पूर्ण कराने पर कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएसएफ को ब्लैकलिस्ट करने एवं संस्था के अधिशासी अभियंता के विरुद्ध कार्यवाही लिए जाने हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने निराश्रित गौवंश संरक्षण हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों द्वारा अपने ब्लॉकों में प्रत्येक माह 30 निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने एवं मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत कम से कम 40 गोवंश सुपुर्द कराना सुनिश्चित करें । जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त (नगर निगम) को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा भी प्रति माह 100 निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जाए । उन्होंने नगर पालिका परिषद (बिल्हौर, घाटमपुर) और नगर पंचायत (बिठूर, शिवराजपुर) को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा भी प्रतिदिन 25 गोवंशों को अपनी अपनी गौशालाओं में संरक्षित करना सुनिश्चित किया जाए। जिसकी मासिक समीक्षा जिला पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चौकी इंचार्ज सनिगवां ने मुठभेड़ में गौ तस्कर को पकड़ा



●पकड़े गए गौ तस्कर पर विभिन्न थानों में दस से अधिक मुकदमे

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** बीती रात सनिगवां में चौकी प्रभारी की तत्परता से और सर्विलांस टीम की मदद से मुठभेड़ में गौ तस्कर को पकड़ने में सफलता मिली है। बदमाशों में एक का नाम हाकिम है जबकि दूसरे का नाम इदरीस है। हाकिम पर कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में दस



मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि एक गाय गुम हो गई थी जिसकी सूचना सनिगवां चौकी प्रभारी को दी गई थी। उन्होंने आप्रेशन त्रिनेत्र के तहत लगे कैमरों को सर्विलांस की मदद से खंगाला तो एक स्कूटी पर दो लोग एक गाय को ले जाते दिखे। चौकी प्रभारी ने थाना प्रभारी को इस विषय की जानकारी दी और कैमरों को खंगालते हुए अपराधियों तक पहुंचे। अपराधियों ने अपने आप को घिरता देख फायर किया जबाब में पुलिस ने भी फायर किया तो बदमाश हाकिम के पैर में गोली लगी और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## कानपुर में दोस्तों पर होटल से गिराकर छात्र की हत्या का आरोप, जांच शुरू

परिवार का आरोप शराब पिलाकर ऊपर से धक्का देकर गिराया

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** एक छात्रा के होटल से गिरकर हुई मौत के मामले में उसकी हत्या का आप दोस्तों पर लगाया गया है, जिसके लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना से छात्र के परिवार में कोहराम भी मचा हुआ है। घटना का संबंध हरबंस मोहाल थाना क्षेत्र स्थित द ड्रीम्स से है। प्राप्त विवरण के मुताबिक नौबस्ता थानाक्षेत्र के खाड़ेपुर के रहने वाले नरेंद्र कुमार गौतम का 22 साल का बेटा शिव गौतम सहदेव प्रसाद महाविद्यालय रमईपुर में बीए का छात्र था। उनके परिवार में छोटा भाई अवनीश और मां मंजू देवी हैं। परिजनों के मुताबिक दो दोस्त उसे घर से लेकर होटल द ड्रीम्स इन ले



गए थे। घटना की छानबीन में जुटी पुलिस को परिजनों ने बताया कि कि बेटे को शराब पिलाने के बाद उसे पहली मंजिल से फेंक दिया गया। होटल स्टॉफ ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आज शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने दो दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है।

## नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा एवं थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र के नेतृत्व में थाना दिवस का हुआ आयोजन

●थाना दिवस समाधान दिवस पर कुल 11 शिकायत आई जिसमें से पांच शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया गया निस्तारण शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** थाना प्रांगण शुकुल बाजार में नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा एवं थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र के नेतृत्व में थाना दिवस समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। नायब तहसीलदार ने बताया कि समाधान दिवस पर कुल 11 शिकायतें आई जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजी गई है ससमय सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जिन्होंने आम जनता की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का प्रयास किया।थाना दिवस समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समाधान करना और उनकी शिकायतों को सुनना है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जो आम जनता की समस्याओं को सुनते हैं और उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं।समाधान दिवस में विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई,



जिनमें से अधिकांश भूमि संबंधी, राजस्व संबंधी और अन्य व्यक्तिगत समस्याएं शामिल थीं। इन शिकायतों को सुनने के बाद अधिकारियों ने उनका समाधान करने का प्रयास किया,समाधान दिवस के आयोजन से आम जनता को कई लाभ हुए। उनकी समस्याओं का समाधान हुआ और उन्हें न्याय मिला इससे आम जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। आम जनता ने समाधान दिवस के आयोजन की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि इससे उनकी समस्याओं का समाधान हुआ और उन्हें न्याय मिला। बताते चलें थाना दिवस समाधान दिवस का आयोजन आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है इससे आम जनता को न्याय मिला और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे आम जनता की समस्याओं का समाधान करें, उन्हें आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए संवेदनशील होना चाहिए।नायब तहसीलदार एवं थाना अध्यक्ष ने आम जनता के लिए संदेश दिया कि वे अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन के पास आएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ,थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल दयाशंकर मिश्र, कानूनगो संतराम सहित अन्य राजस्व कर्मी एवं चकबंदी अधिकारी कर्मचारी वा थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## पेयजल समस्या को लेकर बसपा ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** बहुजन समाज पार्टी ने पाठा क्षेत्र में पेयजल की समस्या का मुद्दा उठाया है। इस मामले को लेकर शनिवार को बसपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टरेट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी के चलते लोगों को पेयजल की आवश्यकता अधिक पड़ रही है। ऐसे समय में पाठा क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पाठा क्षेत्र के सभी गांवों में पेयजल की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके अलावा आवास



योजनाओं में पात्रता के बावजूद लाभार्थियों को परेशान किया जा रहा है। आरोप लगाया कि सुविधा शुल्क लेकर अपात्रों को भी योजना का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी जांच कराई जानी चाहिए।


बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि विगत दिनों जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ मारपीट की गई। इसके दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए।

### थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**देवरिया।** जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व व पुलिस अधिकारी ने जनता की समस्याओं को सुना एवं मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 141 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 32 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के वार्ड तक सभी मंदिरों में करेंगे श्रद्धांजलि सभा, निकालेंगे आक्रोश मार्च- जगद्गुरु स्वामी योगी जी महाराज



**दिल्ली** जगद्गुरु स्वामी योगी जी महाराज ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय धर्म की जागृति का है, सभी हिंदुओं को एक होना होगा आज दिल्ली श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा दिल्ली के सभी पूज्य संत, विश्व हिंदू परिषद, आर्य समाज तथा अन्य धार्मिक संस्थाओं के साथ सरकार से आतंकवाद के समूल नाश के लिए जो भी करना पड़े, करें, हम सभी आपके साथ हैं।दिल्ली के सभी सनातन धर्म मंदिरों एवं सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से आग्रह है कि सभी आने वाले सप्ताह में सभी प्रकार के कीर्तनों में दिवंगत हिंदुओं के लिए श्रद्धांजलि पाठ करें, सभा करें और जगह जगह आक्रोश मार्च निकालें। सभी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री अशोक सचदेवा जी ने बताया कि सभा अब वार्ड स्तर तक अपनी टीम बना रही है। कोरोना से पहले सभा के साथ 3500 से ज्यादा मंदिर जुड़े थे, अब पूरी दिल्ली में 6000 से ज्यादा मंदिरों को वार्ड तक टीम बनाकर जोड़ेंगे।कार्यालय मंत्री सुमीत अलघ ने बताया इस प्रदर्शन में दिल्ली के प्रत्येक क्षेत्र से कार्यकर्ता आए, प्रांत संगठन मंत्री सुशील कुमार शुक्ला, हरि नगर विधानसभा क्षेत्र से अध्यक्ष श्री सुदर्शन आनंद अपनी टीम के साथ बस लेकर आए तथा साथ में रिक्की जी, अध्यक्ष राजौरी गार्डन विधानसभा सहित अशोक अग्रवाल ठाठी भी सम्मिलित रहे।

### प्रदेश कमेटी द्वारा डॉ. शराफत अली जिला अध्यक्ष घोषित

**जलालाबाद- शाहजहांपुर।** भारतीय पराचिकित्सीय एसोसिएश भारत कार्यालय उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विशांत गर्ग भारतीय पराचिकित्सीय एसोसिएश भारत प्रदेश कार्यालय द्वारा जिला कमेटी की घोषणा की गई जिसमें शाहजहांपुर जनपद से शराफत अली को प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष की संतुष्टि के आधार पर निर्विरोध शाहजहांपुर जनपद से शराफत अली को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया वह निर्विरोध जिला अध्यक्ष शराफत अली मंसूरी ने भारतीय पराचिकित्सीय एसोसिएश भारत के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी का आभार जाता है और संगठन के सदैव खड़े रहने का वादा किया वही शराफत अली को शाहजहांपुर जनपद मुझे जिला अध्यक्ष घोषित होने के उपरांत इनके सिटी हेल्थ केयर पर बधाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और सभी ने शराफत अली को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

### पाकिस्तान का पुतला फूंक कर जमकर नारेबाजी



**शाहजहांपुर-** विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने शाहजहांपुर के खिरनी बाग चौराहे पर पाकिस्तान का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन पुलवामा में हुए आतंकी हमले के विरोध में किया गया था। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा की जा रही आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की जानी चाहिए और इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया और भारत सरकार से मांग की कि वह पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### प्रतिदिन घर-घर जाकर की पीडीए पर मीटिंग व चर्चा




**शाहजहांपुर।** ददरौल विधानसभा के ग्राम कमल नारायणपुर,रहमाननगर माफी,कृष्णापुर गोटिया राजपुर गुमटानी में लोगो से मिलकर पीडीए पर चर्चा की और पीडीए से जुड़ने के लिए सभी से अपील की।इस मौके पर लखन प्रताप सिंह व जिला उपाध्यक्ष असलम खान, प्रदेश सचिव शशांक मिश्रा, दीपक दुवेदी, शरद शर्मा, तारीख खान, एहसान खान, मुस्तकीम अली, जिला सचिव, ओमप्रकाश, हीरालाल (प्रधान), कमलनिवास, नन्हेंलाल, वीरेश यादव, सुखपाल यादव, संतोष यादव, राजपाल यादव सुखबीर यादव,रामकृष्ण यादव, सचिन यादव, ओंकार सिंह यादव,राम रतन, राधेश्याम, रिजवान भाई, आदि लोग मौजूद रहे।

# आरएसएस की महिला शाखा राष्ट्र सेविका समिति की मांग पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को मिले शहीदों का दर्जा

**● आयोजन में महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र सेवा हेतु किया मातृशक्ति का आह्वान**

**नई दिल्ली** शालीमार गार्डन, गाजियाबाद में महिलाओं में राष्ट्र सेवा की भावना, जागरूकता तथा संगठित मातृशक्ति के निर्माण हेतु राष्ट्र सेविका समिति (आरएसएस की महिला शाखा) द्वारा एक प्रेरणादायक बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आदरणीया बहन दीप्ति शर्मा (प्रान्त सह शारीरिक प्रमुख, मेरठ प्रान्त, राष्ट्र सेविका समिति) तथा आदरणीया बहन कविता गोयल (महानगर कार्यवाहिका वैशाली नगर सह विभाग कार्यवाहिका गाजियाबाद) द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन आदरणीया बहन रीमा वर्मा ने किया।बैठक की शुरुआत मातृशक्तियों द्वारा 'अखंड भारत माता' और वंदे मातरम' के जयकारा लगाया गया द्य तत्पश्चात, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया और उन्हें शहीद का दर्जा देने की मांग की गई इसके उपरांत, भारत माता पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बालिकाओं द्वारा 'अखंड भारत माता', 'रामलला', 'काशी विश्वनाथ', तथा 'मथुरा' से सम्बंधित भव्य झांकियों के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिससे उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति और गौरव का भाव जाग्रत हुआ। कार्यक्रम प्रभारी बहन रीमा वर्मा ने राष्ट्र सेविका समिति एवं जनसंघ के संस्थापक पूज्यनीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों पर प्रकाश डाला तथा हिन्दू राष्ट्र के प्रति उनके दृष्टिकोण को साझा किया। विशेष उल्लेखनीय रहा कि बंगाली बहनों ने इस अवसर पर विशेष प्रसाद वितरण कर आयोजन की शोभा बढ़ाई।

आदरणीया दीप्ति शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, "स्त्री संगठित राष्ट्र की आधारशिला है।" उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से संगठित होकर



भारत की सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा एवं प्रगतिशील नारी निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। आदरणीया कविता गोयल ने महिलाओं के संगठित होने के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठित मातृशक्ति राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है साथ ही, उन्होंने समिति के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम का संचालन बहन हिना वर्मा ने अत्यंत कुशलता से किया। अंत में, कार्यक्रम प्रभारी आदरणीया रीमा वर्मा ने सभी मे आये सभी आंगतुको एवं बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का सफल समापन किया।

## नशे में दोस्तों से की मजाक, गोली खाकर आत्महत्या करने की सोशल मीडिया पर लगा दी पोस्ट




**शाहजहांपुर।** थाना कांट पुलिस व मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर प्राप्त आत्महत्या करने से सम्बन्धित पोस्ट तत्काल कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में।आत्महत्या करने से सम्बन्धित पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर मीडिया सेल को प्राप्त हुई जिसके उपरान्त तत्काल कार्यावाही करते हुए थाना कांट पुलिस को गोली खाकर आत्महत्या करने से सम्बन्धित पोस्ट, मो0नं0 व लोकेशन उपलब्ध करायी गयी थी जिसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कांट के उ0नि0 कुलदीप कुमार व राजकुमार व सुनील कुमार को मौके पर आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया। जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर पूछताछ की गयी तो सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर पोस्ट करने वाला व्यक्ति घर पर मौजूद मिला। उससे पोस्ट के संबंध में पूछा गया तो बताया कि मैनें नशे में दोस्तों से मजाक करने के उद्देश्य से गोली खाकर आत्महत्या करने सम्बन्धी पोस्ट लगा दी थी, लेकिन मुझे गलत लगने पर मेरे द्वारा पोस्ट को हटा दिया गया। मुझे अपनी निजी जिन्दगी से कोई परेशानी नही है। मैं भविष्य में इस प्रकार का कोई कृत्य नहीं करूंगा। जिसके संबंध में पोस्ट करने वाले व्यक्ति की उसके परिजनो के समक्ष विडियोग्राफी भी की गयी। वर्तमान मे किसी प्रकार की कोई समस्या नही है।

# सफदरजंग अस्पताल- चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है



स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली:** सफदरजंग अस्पताल ने अपने रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम में एक नई उपलब्धि हासिल की है। यहां 36 वर्षीय महिला की जटिल रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। महिला को एक विशाल एड्रेनल ट्यूमर का पता चला था। सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने बताया कि 18.2 × 13.5 सेमी का यह एड्रेनल ट्यूमर दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा एड्रेनल ट्यूमर है, जिसे रोबोटिक तरीके से न्यूनतम इनवेसिव तरीके से हटाया गया है।रोबोटिक सर्जरी यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. पवन वासुदेवा ने डॉ. नीरज कुमार और डॉ. अविषेक मंडल के साथ मिलकर की। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. सुशील, डॉ. भव्या और डॉ. मेघा शामिल थीं यह प्रक्रिया ख़तरों से भरी हुई थी क्योंकि ट्यूमर न केवल बहुत बड़ा हो गया था बल्कि शरीर की तीन महत्वपूर्ण संरचनाओं यानी इंफीरियर वेना कावा, लिवर और दायाँ गुर्दा पर भी कब्ज़ा कर लिया था और ख़तरनाक तरीके से चिपक गया था। यह ज़रूरी था कि ट्यूमर को आसपास की महत्वपूर्ण संरचनाओं को नुकसान पहुँचाए बिना पूरी तरह से हटा दिया जाए। डॉ. वासुदेव ने कहा कि सटीक विच्छेदन ऐसी सर्जरी करने की कुंजी है और दा विंची रोबोट के 3डी विज़न और उसके निपुण रोबोटिक हाथों की मदद से जटिल सर्जरी को आमतौर पर लेप्रोस्कोपी से ज़्यादा सटीकता के साथ किया जा सकता है। इस मामले में, सर्जरी तीन घंटे से ज़्यादा चली और ट्यूमर को बिना किसी जटिलता के पूरी तरह से हटाया जा सका। ऑपरेशन के बाद रिकवरी में कोई समस्या नहीं हुई और मरीज़ को 3 दिन में छुट्टी दे दी गई। रोबोटिक सर्जरी कई फ़ायदे देती है, जिसमें छोटे कीहोल चीरे, सटीक काम, ऑपरेशन के बाद कम दर्द, ऑपरेशन के बाद जल्दी रिकवरी और काम पर जल्दी वापसी शामिल है। डॉ. वासुदेवा ने बताया कि अगर यह सर्जरी खुले रास्ते से की जाती तो इसके लिए 20 सेंटीमीटर से ज़्यादा त्वचा चीरा लगाना पड़ता और इसके बाद पूरी तरह ठीक होने में कुछ हफ़्ते लगते। डॉ. संदीप बंसल ने कहा कि यह उपलब्धि रोबोटिक सर्जरी में सफ़दरजंग अस्पताल की विशेषज्ञता और सभी रोगियों को निःशुल्क अत्याधुनिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति इसके समर्पण को दर्शाती है। इस तरह की जटिल रोबोटिक सर्जरी, जो सफ़दरजंग अस्पताल में निःशुल्क की जाती, निजी क्षेत्र में कुछ लाख से ज़्यादा खर्च होती।

## महिला बाल विकास अधिकारी बुढार के साथ कलेक्टर कमिष्नर सी.एम. तक हुई शिकायत

स्वतंत्र प्रभात

**शहडोल** महिला बाल विकास बुढ़ार अंतर्गत हो रही गड़बड़ी को लेकर अधिवक्ता बृजेष कुमार गौतम ने जिला कलेक्टर सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व में की गई षिकायत की कार्यवाही ठण्डे बस्ते में जिला महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा रखने पर कई बार इस संबंध में चर्चा में पाया गया कि गड़बड़ी का पूर्ण संरक्षण जिला महिला बाल विकास अधिकारी के संरक्षण में खुलेआम फल फूल रहा है, षिकायत में आंगनबाड़ी क्रमांक 7 धनपुरी भाग 1 की पूर्व की कार्यकर्ता उसी वार्ड में सुपरवाईजर के पद पर विभाग द्वारा नियुक्ति की गई है। मूल निवास भी धनपुरी वार्ड क्र.7 व सभी सगे संबंधी निवासरत हैं, वर्षो से पदस्थ होने के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रो में खुलेआम गड़बड़ी सुपरवाईजर द्वारा करायी जा रही है।

महिला बाल विकास बुढ़ार के यहां से सूचना के अधिकार के माध्यम से 20.03.2025 की जानकारी के अनुसार अपने नजदीकी नं. 3, नं. 10, जो धनपुरी भाग 1 में संचालित है, जिसके घरों में आंगनबाड़ी संचालित है सुपरवाईजर के सहयोग से किराया भी असानी से भुगतान किया जा रहा है। जो लोग सुपरवाइजर को सुविधा शुल्क नही देते उनको आंगनबाड़ी संचालित केन्द्रो का भुगतान किराया नही दिया जा रहा कई ऐसे कार्यकर्ता सहायिका के संरक्षण में है जो काफी समय तक छुट्टी में रहने के बाद भी सुपरवाईजर द्वारा पूरे माह की वेतन दिलाया जाता है। अधिवक्ता बृजेष कुमार गौतम को सुपरवाईजर एवं उनके सहयोगियों द्वारा धमकाया गया कि तुम अपना आवेदन वापस ले ले, और यह भी गया कि मेरे खिलाफ कहीं पर लिखा पढ़ी करते हो तो कोई प्रभाव नही पड़ेगा क्योकि मेरे पहुच शासन प्रषासन एवं उपर बैठे अधिकारियों से है। विभाग द्वारा विभागीय जॉच में यह सूत्रों द्वारा पता चला की पर्याप्त दोष सिद्ध हो चुके हैं, इसके बाद भी महिला बाल विकास जिला अधिकारी शहडोल द्वारा जान3 बूझकर अभयदान देकर विभाग को बदनाम कर रहे हैं।

## केन्द्रीय बकरी संस्थान में विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया

**● पांच गांव से 50 बकरी पालन 250 बकरियों के साथ सम्मिलित हुए**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम (मथुरा) में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान में कार्यरत अनुसूचित जाति विकास कार्य योजना व पशु स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया। जिसमें फरह व्लॉक के पांच गांव से 50 बकरी पालक 250 बकरियों के साथ सम्मिलित हुए। विश्व पशुचिकित्सा दिवस के इस अवसर पर संस्थान में अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई जिसमें सभी बकरियों को कृमिनाशक दवा पिलाई, बकरी के लंगड़ेपन का इलाज किया तथा दस दवाइयों की औषधि किट, खनिज लवण तथा वार्षिक बकरी पालन विवरणिका जिसमें माह वार वैज्ञानिक बकरी पालन से सम्वन्धित जानकारी एकत्रित हैं सभी बकरी पालक सहभागियों को वितरित की। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान निदेशक, डा. मनीष कुमार चेटली ने बकरियों में कृमिनाशक दवा पिलाकर किया। निदेशक ने सभी बकरी पालकों को बकरी के स्वास्थ्य प्रबंधन की उपयोगिता के बारे में बताया तथा यह भी भरोसा दिलाया कि यह संस्थान बकरी पालकों की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहता है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हमारे संस्थान में बकरियों की अनेक घातक बीमारियों का पता करने के लिए नमूनों की जांच निःशुल्क की जाती है। संस्थान में चल रही अनुसूचित जाति विकास कार्य योजना की जानकारी देते हुए डा. गोपाल दास ने बताया कि हमारा संस्थान गरीब बकरी पालकों को उनकी आय वृद्धि करने के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान करता है। इस अवसर पर डा. मनीष कुमार चेटली, निदेशक, डा. गोपाल दास, प्रभारी अनुसूचित जाति विकास कार्य योजना, डा. नितिका शर्मा, डा. विनय चतुर्वेदी, स्वास्थ्य विभाग व स्वास्थ्य विभाग व अनुसूचित जाति परियोजना के सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बकरी पालकों में काफी उत्साह देखने को मिला तथा यह सुबह 9:00 बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर एक बजे तक सफलतापूर्वक पूर्वक सम्पन्न हुआ।



केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदमू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद किसान।

## दक्षिण दिल्ली पुलिस टीम ने एक कुख्यात ऑटो चोर को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** एएटीएस, दक्षिण जिले की टीम ने एक कुख्यात ऑटो चोर मोहम्मद को गिरफ्तार करके सराहनीय कार्य किया है। आमिर उर्फ आमिर को एक ऑपरेशन के दौरान गोलीबारी के बाद गोली लगने से घायल होने पर गिरफ्तार किया गया। एफआईआर संख्या 163/25 दिनांक 25.04.2025 धारा 221/132/109(1)/345/3(5) बीएनएस और 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत साकेत, दिल्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। उसके कब्जे से 01 कार और 01 देशी पिस्तौल बरामद की गई।

एएटीएस, दक्षिण जिले की टीम को विशेष रूप से अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने का काम सौंपा गया था, खासकर ऑटो-लिफ्टिंग और स्नैचिंग में लिप्त। तदनुसार, कर्मचारियों ने स्थानीय मुखबिरों को जागरूक करके और मानव खुफिया जानकारी एकत्र करके ईमानदारी से प्रयास शुरू किए। परिणामस्वरूप, क्षेत्र में रोकथाम और पता लगाने के लिए दिन और रात के अलग-अलग समय पर संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त तेज कर दी गई। कर्मचारी लगातार विभिन्न गिरोहों के अपराधियों को गिरफ्तार करने के प्रयास कर रहे थे। सूचना और पता लगाना - अपराध पर अंकुश लगाने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए, श्री अरविंद एसीपी/ऑपरेशन/एसडी के समग्र पर्यवेक्षण में इंस्पेक्टर उमेश यादव, प्रभारी एएटीएस/एसडी के नेतृत्व में एएसआई मकसूद खान नंबर 2276/एसडी, एचसी संदीप नंबर 434/एसडी, एचसी रघुवेंद्र नंबर 1077/एसडी, एचसी अरविंद नंबर 1327/एसडी, एचसी कृष्ण नंबर 369/एसडी, एचसी कमल प्रकाश नंबर 3018/एसडी, एचसी सोमवीर नंबर 8200/डीएपी, कांस्टेबल देवेंद्र नंबर 1612/एसडी और कांस्टेबल कानाराम नंबर 1959/एसडी की एक टीम को सतर्क रहने और क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की आवाजाही पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया था। 24/25 अप्रैल की मध्य रात्रि में जब टीम के सदस्य पुष्प विहार साकेत पिकेट पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, अचानक लगभग 0130 बजे एक कार संदिग्ध परिस्थितियों में आती हुई दिखाई दी। पुलिस पिकेट को देखकर चालक ने कार को पिकेट से पहले रोक दिया, लेकिन कुछ मिनटों के बाद



वह पिकेट की ओर आया। पुलिस कर्मचारियों ने रुकने का इशारा किया लेकिन वह आगे बढ़ गया और बैरिकेड्स को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया। प्रयास के दौरान कार बैरिकेड्स में फंस गई। स्थिति का पेशेवर ढंग से आकलन करते हुए सतर्क कर्मचारियों ने तेजी से कार्रवाई की, इसी बीच वाहन में सवार 02 लोग, जो आग्नेयास्त्रों से लैस थे, ने पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग कर दी। सतर्क कर्मचारी इस हमले से बाल-बाल बच गए। सराहनीय साहस और संयम का प्रयोग करते हुए टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी व्यक्ति के बाएं पैर में गोली लग गई। हालांकि, दूसरा आरोपी व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर किसी तरह भागने में सफल रहा। बाद में पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद आमिर उर्फ आमिर के रूप में हुई।

# उत्कृष्ट शिक्षा और रोजगार का अद्भुत संगम है जीएलए विश्वविद्यालय

**● जीएलए के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल की प्रेरणा से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है विश्वविद्यालय**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ब्रज भूमि में स्थित शिक्षा के क्षेत्र में देश भर में प्रतिष्ठित जीएलए संस्थान छात्र-छात्राओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। जीएलए के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल की प्रेरणा से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा शैक्षणिक लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए श्रेष्ठता के नये मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाएँ उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को साकार कर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि देश-समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर सकता है। बात है सिर्फ उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की। जीएलए विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को सर्वश्रेष्ठ दिशा-निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ प्रतिज्ञ है। आगरा-मथुरा-दिल्ली हाईवे एनएच-19 के बीचों बीच शोर-शराबे से दूर, प्रदूषण मुक्त एवं हरी-भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थो में एक मील का पत्थर है।

वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विष्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठत्ता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ-साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है।

किसी भी विषय को सीखने-समझने के लिए अलग-अलग तरीके होते हैं। किसी छात्र को कोई विषय सुनकर अच्छी तरह समझ आता है, किसी छात्र को पढ़कर समझ आता है, किसी छात्र को वही विषय डिस्कशन के द्वारा समझ आता है, तो वहीं किसी छात्र को उस विषय पर पूछे गये प्रश्नों को हल करके। इसी प्रकार कुछ छात्रों को कोई विषय 'प्रोजेक्ट एक्टिविटि' के द्वारा तथा कुछ को उस 'विषय' से सम्बन्धित प्रयोगों को स्वयं प्रयोगशाला में, वास्तविक रूप से करके ही समझ आता है। जीएलए विश्वविद्यालय ने अपने सभी विषयों व पाठ्यक्रमों में शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए इन विधियों-तरीकों को निष्पक्ष रूप से अपनाया है ताकि हर छात्र अपनी रूचि के अनुरूप अपने विषय शाखा में पारंगत हो सके। विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े रह चुके युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। यह शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं, ताकि छात्र-छात्राऐं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें। विश्वविद्यालय का मूल मन्त्र 'परफैक्ट टीचिंग के साथ-साथ परफैक्ट लर्निंग' भी है।

**जीएलए ऑनलाइन-** जीएलए विश्वविद्यालय में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) बीबीए, बीसीए, बी.कॉम, एमबीए और एमसीए जैसे यूजीसी मान्यता प्राप्त/हकदार ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है।

**सेंट्रल लाइब्रेरी-** जीएलए यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी सिस्टम में 15 लाइब्रेरी नेटवर्क शामिल हैं, यानी सेंट्रल लाइब्रेरी, ग्रेटर नोएडा कैंपस लाइब्रेरी, इंस्टीट्यूट लाइब्रेरी, डिपार्टमेंटल लाइब्रेरी और हॉस्टल लाइब्रेरी जो सामूहिक रूप से यूनिवर्सिटी के शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार कार्यक्रमों का समर्थन करते हैं। वर्तमान में, पुस्तकालयों में एक लाख 99 हजार 230 से अधिक मुद्रित पुस्तकें और 31 पत्रिकाएं, 1071 ई-जर्नल, विश्वकोश, 9 हजार 850 सीडी और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई ऑनलाइन डेटाबेस हैं। यूनिवर्सिटी के पास रिफ्रेड एनडीएल ऑफ इंडिया और डेवलपिंग लाइब्रेरीज नेटवर्क आदि के माध्यम से पांच करोड़ से अधिक ई-बुक्स, थीसिस, आर्टिकल्स, वीडियो और ऑडियो लेक्चर तक पहुंच है।

**रैंकिंग और मान्यताएं** जीएलए विश्वविद्यालय को 3.46 स्कोर के साथ प्रतिष्ठित एनएएसी ए प्लस ग्रेड से मान्यता प्राप्त है, जो भारत में सभी एनएएसी (नैक) ए प्लस मान्यता प्राप्त राज्य और निजी विश्वविद्यालयों के बीच उच्चतम स्कोर है। इसे यूजीसी से 12बी का भी दर्जा मिला है और यूजीसी, पीसीआई, एनसीटीई और बीसीआई द्वारा अनुमोदित है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय नवीनतम एनआईआरएफ इनोवेशन रैंकिंग 2024 में भारत के शीर्ष 53 फार्मेसी संस्थानों की लीग में शामिल हो गया है। इसके अलावा, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, जीएलए यूनिवर्सिटी को वर्ष 2020 में आईएसीबीई मान्यता मिली है। वहीं एग्रीकल्चर विभाग को आईसीएआर से मान्यता मिली है। बिजनेस एजुकेशन के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद (आईएसीबीई), यूएसए से मान्यता है।

**आवासीय सुविधाएं-** आवासीय क्षेत्र या अधिक लोकप्रिय रूप से 'हॉस्टल विंग' के रूप में जाने जाने वाले क्षेत्र विशेष रूप से लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। परिसर में 6000 से अधिक छात्र रहते हैं। अंशकालिक विशेषज्ञों के साथ-साथ पूर्णकालिक रेजिडेंट डॉक्टर्स। परामर्शदाता छात्र की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं। परिसर के भीतर 3 एटीएम के साथ इंडियन ओवरसीज बैंक की एक पूर्ण बैंक शाखा और एचडीएफसी बैंक की स्मार्ट लॉबी।

**मुख्य विशेषताएं-** विश्वविद्यालय के 8 हजार 500 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित, 600 से अधिक पेटेंट प्रकाशित और 74 से अधिक पेटेंट ग्रांट हुए। 150 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एमओयू और 19.5 करोड़ से अधिक परियोजनाएं संचालित हैं।

आधिकारिक तौर पर जीएलए लॉन्च पैड के नाम पर इन्क्यूबेशन सेंटर के लिए यूपीआईटी से वित्त पोषित एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए स्थापित है। भारत का 14वां संस्थान जिसके पास न्यू जेनरेशन इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योर डेवलपमेंट सेल (डीएसटी से



जीएलए के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल और जीएलए विश्वविद्यालय परिसर

वित्तीय सहायता के साथ न्यूजेन आईईडीसी) है। छात्रों को कैंपस के बाहर स्टार्ट-अप के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जीएलए विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में 65 स्टार्ट-अप इन्क्यूबेटेड हैं। जिनमें से 12 स्टार्टअप को करीब 94 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है।

**प्लेसमेंट की मुख्य बातें-** 500 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा बीते सत्र के 3 हजार से अधिक छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर। 55 लाख से अधिक के पैकेज पर छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर हुए। एनजेयूएमए कंसल्टिंग, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, कैपजेमिनी, इंफोसिस, ड्रीम 11, एक्सेंचर, बायजूस और कई अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए जीएलए विश्वविद्यालय आती हैं। पिछले 5 वर्षो में 86 प्रतिशत प्लेसमेंट। 6000 से अधिक अल्यूमिनाई विदेशों में सेवाएं दे रहे हैं। आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कैपजेमिनी ने जीएलए में अपना कोड एक्सपीरियंस सेंटर खोला है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र के करीब 2100 से अधिक छात्रों का चयन 500 से अधिक कंपनियों में हो चुका है। बीते वर्ष से जीएलए विश्वविद्यालय ने टॉप वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 501 से 600 रैंकिंग की सूची में जगह बनाई है।

### जीएलए के अल्यूमिनाई सरकारी सेवा में उच्च पदों पर आसीन कुलाधिपति

जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय की प्रमुख विशेषता और गर्व करने वाली बात यह है कि यहां के अल्यूमिनाई केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी सेवा में उच्च पदों पर आसीन हैं। जिनमें विभिन्न कोर्सों से शिक्षा ग्रहण कर चुके अल्यूमिनाई आइएएस 3. आईएस 13, इंस्पेक्टर 9. आइआरएमएस 2. मेजर 7. साइंटिस्ट 15, पीसीएस 10, कमिश्नर 2, आइएफएस 1, आइपीएस 1. आइआरएस 2, एसडीएम 1, मेयर 1 हैं।

### नामी गिरामी प्राइवेट कंपनियों में सेवाएं दे रहे अल्यूमिनाई

अमेजन, फेसबुक, गूगल, माइकोसॉफ्ट, एप्पल, नेसले, रिलाइंस, एडीडास, एचएसबीसी, हिताची, वाल्मार्ट, उएम, सिस्को, बैंक ऑफ अमेरिका आदि दिग्गज कंपनियों, डायरेक्टर, जीएम, एवीपी, फाउंडर, वाइस प्रेसीडेंट जैसे पदों पर नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

### जीएलए तो खेलकूद में भी आगे

जीएलए विश्वविद्यालय भी खेलकूद में हमेशां आगे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले बैडमिंटन, फुटबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट, योगा सेंटर के अलावा एथलेटिक्स का ट्रेक है। यही कारण है कि जीएलए के छात्र राष्ट्रीय लेवल पर होने वाले खेलों में बेहतर प्रदर्शन के साथ मेड्लों पर कब्जा जमाते हैं। हाल ही में बीते दिनों हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानुपर में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में विभिन्न खेलों में 27 पदकों पर जीएलए विश्वविद्यालय का नाम दर्ज कराया है। एथलेटिक्स गोल्ड मेडल 12, सिल्वर मेडल 3, ब्रोंज मेडल 3. कबड्डी में गोल्ड मेडल, फुटबॉल में गोल्ड मेडल, बास्केटबॉल में गोल्ड मेडल, वॉलीबॉल में गोल्ड मेडल, टेबल टेनिस में गोल्ड मेडल, पावरलिफ्टिंग में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर, क्रिकेट में सिल्वर मेडल हासिल किया।

### आज हवाई पट्टी का निरीक्षण करने पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**5 मई तक गंगा एक्सप्रेसवे पर वायुसेना का चलेगा पूर्व अभ्यास ,27 अप्रैल से 5 मई तक जलालाबाद सेक्शन में नो फ्लाइंग जोन, हवाई पट्टी से 5 किलोमीटर की रेंज में संदिग्धों पर पुलिस की पैनी नजर**



**शाहजहांपुर-** जलालाबाद थाना क्षेत्र के दिउरा क्षेत्र में स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पर बनाई गई आपातकालीन हवाई पट्टी का निरीक्षण करने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाहजहांपुर पहुंच रहे हैं जहां 27 अप्रैल से ही इस



हवाई पट्टी को वायु सेना के सुपुर्द कर दिया जाएगा जहां मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर करीब एक सप्ताह से जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और वायु सेवा के अधिकारियों के बीच कई बैठके हो चुकी हैं और सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं यहां 27 अप्रैल के बाद 5 मई तक भारतीय वायुसेना आपातकालीन लैंडिंग का अभ्यास करेगी। यह अभ्यास 27 अप्रैल से 5 मई 2025 तक चलेगा। इस दौरान वायुसेना के विमान दिन-रात उड़ान भरेंगे। और वहीं सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने जलालाबाद सेक्शन और उसके 5 किलोमीटर के दायरे को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। यह क्षेत्र ग्राम चमरपुर कलां, पीरू, दियुरा, भदोखर, खूटा और नगला तालुका खण्डहर को कवर करता है। इस अवधि में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और माइक्रोलाइट विमानों की उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। और वहीं थाना प्रभारियों को क्षेत्र में गश्त और निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।और वही बताया कि वायुसीमा उल्लंघन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय जनता और संस्थानों को इस आदेश की जानकारी दी जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।और बही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आदेश सख्ती से लागू किया जाएगा। जिससे वायुसेना के अभ्यास को सुरक्षित माहौल मिल सकेगा।